शरीरमाद्यं खलुधर्मसाधनम्

63वीं वार्षिक रिपोर्ट
2018—2019

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

नई दिल्ली – 110029

63oha ,El okf"kZd fjiksVZ
2018&2019

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली–110029

63वीं एम्स वार्षिक रिपोर्ट
2018–2019

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली–110029

l;Dr :i ls likfnr%

डॉ. संदीप अग्रवाला, बाल शल्य चिकित्सा विभाग

डॉ. नसरीन अख्तर, शरीरक्रिया विज्ञान विभाग

डॉ. नीतू बाहरी, त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान विभाग

डॉ. अंजन दुहा, बाल शल्य चिकित्सा विभाग

डॉ. भावुक गर्ग, अस्थिरोग विज्ञान विभाग

डॉ. राकेश गर्ग, अर्बुद संवेदनाहरण विभाग, डॉ. भीम राव अम्बेडकर सं.रो.कैं.अ.

डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केंद्र

डॉ. टोनी जॉर्ज जैकब, शरीररचना विज्ञान विभाग

डॉ. सिद्धार्थ जैन, मूत्ररोग विज्ञान विभाग, जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केंद्र

डॉ. राजीव कुमार, सह–संकायाध्यक्ष (शैक्षिक) एवं मूत्ररोग विज्ञान विभाग

डॉ. राकेश लोढ़ा, बाल चिकित्सा विभाग

डॉ. आर. लक्ष्मी, हृद जैवरसायन विभाग

डॉ. संजीव लालवानी, कुल सचिव

डॉ. कल्पना लूथरा, जैवरसायन विभाग

डॉ. पूर्वा माथुर, प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग, जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केन्द्र

डॉ. पीयूष साहनी, जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं यकृत प्रत्यारोपण विभाग

डॉ. सिद्धार्थ सरकार, राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र

डॉ. प्रताप शरण, मनोचिकित्सा विभाग

डॉ. अल्पना शर्मा, जैवरसायन विभाग

डॉ. के. अपर्णा शर्मा, प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान विभाग

डॉ. दीप्ति विभा, तंत्रिका विज्ञान विभाग

श्री एम.के. विश्वकर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष

सुश्री नीतू प्रिया, पुस्तकालयाध्यक्ष

हिंदी अनुवाद संस्थान के हिंदी अनुभाग द्वारा श्री पी.एस. तोमर, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी के पर्यवेक्षण में किया गया।

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

vf[ky Hkkjrh; vk;|foKku lLFkku

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अ.भा.आ.सं.) की स्थापना सन 1956 में संसद के एक अधिनियम के द्वारा राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान के रूप में की गई थी। संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भारत में सभी मेडिकल कॉलेजों एवं अन्य संबद्ध संस्थाओं के लिए एक उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा के प्रदर्शन हेतु स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा की सभी शाखाओं में शैक्षिक पैटर्न विकसित करना; स्वास्थ्य कार्यकलापों की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं में कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु सर्वोच्च स्तर की शैक्षिक सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था।

संस्थान में शिक्षण, अनुसंधान तथा रोगी उपचार हेतु व्यापक सुविधाएँ हैं। संस्थान द्वारा स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर चिकित्सा एवं परा चिकित्सा पाठ्यक्रमों में शिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं तथा अपनी ही डिग्रियाँ प्रदान की जाती हैं। लगभग 100 विषयों में शिक्षण एवं अनुसंधान कार्य संचालित किए जाते हैं। एक वर्ष में अपने अनुसंधानकर्ताओं द्वारा रुपए सौ करोड़ से अधिक का बाहरी अनुदान प्राप्त करने के साथ–साथ एम्स चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी है। एम्स द्वारा एक नर्सिंग कॉलेज भी चलाया जाता है।

विभिन्न विभागों एवं केन्द्रों द्वारा परा–नैदानिक विभागों की सहायता से सभी प्रकार के रोगों का व्यावहारिक उपचार किया जाता है। एम्स द्वारा हरियाणा में बल्लभगढ़ में एक 50–बिस्तरों वाला अस्पताल एवं व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र भी चलाया जाता है तथा सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र के माध्यम से लगभग 8 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

,El&,d utj e
2018&2019

LFkkiuk o"kZ 1956

शिक्षण विभाग एवं केन्द्र	**42+7**	चिकित्सा स्नातक	**3209**
संकाय सदस्य (स्वीकृत 1042)	**671**	स्नातकोत्तर	**10399**
गैर–संकाय स्टाफ (स्वीकृत 11,266)	**9956**	नर्सिंग/परा–चिकित्सा स्नातक	**3334**
स्नातक–पूर्व विद्यार्थी	**985**	पत्रिका/सार में प्रकाशन	**1855**
स्नातकोत्तर विद्यार्थी	**1991**	पुस्तकों में अध्याय/पुस्तक	**341**

अस्पताल सेवाएं

अस्पताल/केन्द्र	**बाह्य रोगी (आपातकालीन सहित)**	**दाखिले**	**शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन/प्रक्रियाएँ)**	**बिस्तर**		
				सामान्य	**प्राइवेट**	**कुल**
मुख्य अस्पताल	16,56,329	1,17,169	97,900	997	165	1,162
डॉ. रा.प्र. केन्द्र	5,70,061	47,356	49,576	288	22	310
डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ.	1,81,566	46,405	12,069	167	15	182
हृद वक्ष केन्द्र	2,07,276	11,534	3,961	226	33	464
तंत्रिका विज्ञान केन्द्र	1,23,754	9,744	3,346	174	31	
एन.डी.डी.टी.सी.*	2,21,947	1,341	–	50	–	50
सी.सी.एम. †	3,51,704	12,608	2,142	50	–	50
जे.पी.एन.ए.टी.सी.	1,28,799	7,080	8,672	226	22	248
सी.डी.ई.आर.**	2,28,659	1,189	23,496	17	–	17
एन.सी.आई., झज्जर	1,435	179	13	–	–	–
आऊटरीच बाह्यरोगी, बाढ़सा, झज्जर	1,43,196	–	617	–	–	–
कुल	**38,14,726**	**2,54,605**	**2,01,792**	**2,195**	**288**	**2,483**

* त्रिलोकपुरी, सुन्दर नगरी तथा कोटला मुबारकपुर सहित   † पी.एच.सी. दयालपुर सहित

** 30 ट्राइएज बिस्तर सहित

अस्पताल कार्य–निष्पादन सूचकांक

मानक	मुख्य अस्पताल		हृद वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केन्द्र		जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र	
	2018–19	2017–18	2018–19	2017–18	2018-19	2017-18
ठहरने की औसतन अवधि (दिन)	9.5	9.3	10.2	9.8	10	8
औसत बिस्तर अधिभोग दर (%)	86.8	86.4	84.9	87.9	80	68
शुद्ध मृत्यु दर (%)	1.7	1.8	2.9	2.8	6	6
संयुक्त अपरिष्कृत संक्रमण दर (%)	5.8%	6.0%	–	–	–	–

सी.सी.एम.: सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र

सी.डी.ई.आर.: दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र

डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ.: डॉ. भीम राव अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल

डॉ. रा.प्र. केन्द्रः डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र
जे.पी.एन.ए.टी.सी.: जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र
एन.सी.आई.: राष्ट्रीय कैंसर संस्थान
एन.डी.डी.टी.सी.: राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र

fo"k; lwph

1. निदेशक की समीक्षा 1
2. संस्थान और इसकी समितियां 9
3. शैक्षिक अनुभाग 14
4. परीक्षा अनुभाग 22
5. सामान्य प्रशासन 28
6. अस्पताल 31
   6.1 चिकित्सा अभिलेख विभाग 32
   6.2 आहारविज्ञान 48
   6.3 अस्पताल बिलिंग अनुभाग 51
   6.4 नर्सिंग सेवाएं 51
   6.5 कल्याण एकक 63
   6.6 चिकित्सा समाज कल्याण एकक 66
7. नर्सिंग महाविद्यालय 79
8. अनुसंधान अनुभाग 88

foHkkx

9.1 संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा और गंभीर उपचार 95
9.2 शरीररचना विज्ञान 110
9.3 जैव रसायन विज्ञान 126
9.4 जैव आयुर्विज्ञान इंजीनियरी 143
9.5 जैव भौतिकी 147
9.6 जैव सांख्यिकी 154
9.7 जैव प्रौद्योगिकी 164
9.8 सामुदायिक चिकित्सा केंद्र 175
9.9 त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान 200
9.10 आपात चिकित्सा 205
9.11 अंतः स्राविकी एवं चयापचय 214
9.12 न्याय चिकित्सा और विष विज्ञान 225
9.13 जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण एकक (एच.एन.यू.) 230
9.14 जठरांत्र शल्य चिकित्सा और यकृत प्रत्यारोपण 241
9.15 जराचिकित्सा विभाग 245
9.16 रुधिर विज्ञान 248
9.17 अस्पताल प्रशासन 254
9.18 प्रयोगशाला चिकित्सा 261
9.19 काय चिकित्सा 271
9.20 सूक्ष्म जैव विज्ञान 282
9.21 वृक्क विज्ञान 304
9.22 नाभिकीय चुम्बकीय अनुनाद 314
9.23 नाभिकीय चिकित्सा 321
9.24 प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 328
9.25 अस्थिरोग 353

9.26 नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान 363
9.27 बाल चिकित्सा विज्ञान 374
9.28 बाल शल्य चिकित्सा 413
9.29 विकृति विज्ञान 423
9.30 भेषजगुण विज्ञान 445
9.31 भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास 454
9.32 शरीर क्रिया विज्ञान 459
9.33 प्लास्टिक, पुनर्संरचना और दग्ध शल्य चिकित्सा 480
9.34 मनोचिकित्सा विज्ञान 485
9.35 पुल्मोनरी चिकित्सा एवं निद्रा विकार 506
9.36 विकिरणनिदान 512
9.37 प्रजनन जैवविज्ञान 529
9.38 रूमेटोलॉजी 537
9.39 शल्य चिकित्सा विभाग 542
9.40 आधान चिकित्सा एवं रक्त कोष 554
9.41 प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी 557
9.42 मूत्ररोग विज्ञान 564

dsUnz

10.1 हृद्–वक्ष विज्ञान केंद्र 575
10.2 दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र 619
10.3 डॉ. बी.आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल 640
10.4 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र 686
10.5 जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र 729
10.6 राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र 760
10.7 तंत्रिका विज्ञान केन्द्र 776

dsUnzh; lqfo/kk,¡

11.1 बी.बी. दीक्षित पुस्तकालय 826
11.2 कैफेटेरिया 831
11.3 केंद्रीय पशु सुविधा 833
11.4 केंद्रीय कार्यशाला 835
11.5 कम्प्यूटर सुविधा 838
11.6 इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा 853
11.7 छात्रावास अनुभाग 856
11.8 नीति विषयक समिति 861
11.9 चिकित्सा शिक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार के.एल. विग सेंटर (सीएमईटी–आई) 862
11.10 मीडिया और प्रोटोकॉल प्रभाग 868

12. izdk'ku 879
13. foÙk izHkkx 880

1- fun’kd dh leh{kk

मुझे संस्थान की 63वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा वर्ष 2018-2019 के लेखों का लेखा परीक्षित विवरण प्रस्तुत करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली (एम्स) की स्थापना सन् 1956 में संसद के एक अधिनियम के द्वारा स्वास्थ्य उपचार के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के पोषण हेतु एक केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिए स्वायत्त संस्थान के रूप में की गई थी। आज संस्थान जिस प्रकार से फल-फूल रहा है उसके लिए संस्थान इसके शिक्षाविदों, छात्रों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, स्टाफ एवं क्लाइंट का आभारी है, जिनमें आज भी उतना ही जज़्बा है जितना इसके संस्थापकों में था। संस्थान जानता है कि जहां एक ओर वैयक्तिक प्रतिभा महत्वपूर्ण होती है, वहीं दूसरी ओर समान लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक टीम के साझा प्रयासों की संचयी परामर्श क्षमता ही अक्सर कुछ अलग कर दिखाने में कामयाब होती है। मैं दिन-रात असाधारण कार्य करने वाले इस विशेष समुदाय का आभारी हूँ।

हमारी उपलब्धियां शिक्षा, विज्ञान और उपचार के प्रति हमारे साझा समर्पण को दर्शाती हैं तथा मैं इस रिपोर्ट में पिछले वर्ष की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों में से कुछ पर प्रकाश डालते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ।

भविष्य-उन्मुखी आधारभूत संरचना

एम्स के पुनर्विकास हेतु अनुमानित 9,053 करोड़ रुपये के मास्टर प्लान को 28 फरवरी 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी प्राप्त हुई। इस प्लान के तहत, एम्स की संस्थागत तथा नैदानिक सुविधाएं दोगुनी हो जाएंगी तथा वर्ष 2024 तक अस्पताल के बिस्तरों की वर्तमान संख्या 2,084 से बढ़कर कम से कम 5,000 बिस्तर हो जाएगी। ‘वन-एम्स’ नामक यह प्लान दिल्ली की मुख्य सड़कों से अलग-थलग पड़े पांच भूमि खण्डों में बिखरे परिसरों को एकीकृत करेगा। यह पुनर्विकास रोगी उपचार, शिक्षण, अनुसंधान तथा प्रशासन हेतु आधारभूत संरचना का इष्टतम प्रयोग करने के लिए भूमि के पुन: व्यवस्थापन, लम्बवत् विस्तार एवं उसका एकीकरण करके रोगी सेवा में वृद्धि करने पर केन्द्रित है। हमारी स्थापना से लेकर 6 दशकों की अवधि में रोगियों की संख्या और मानव संसाधनों में लगभग 10 गुना बढ़ोतरी होने के कारण एकीकृत विस्तार का कार्य काफी समय से लंबित था और आधारभूत संरचनात्मक विकास कार्य तेज गति से नहीं हो पाया है।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 12 फरवरी, 2019 को एम्स, दिल्ली का राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, झज्जर (एन.सी.आई.) राष्ट्र को समर्पित किया गया। 2,035 करोड़ रुपये की लागत से बना राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, एक ही अस्पताल संबंधी परियोजना में भारत सरकार द्वारा किया गया सबसे बड़ा निवेश है तथा इसके नाम 3 वर्ष की रिकॉर्ड अवधि में मेगा हेल्थकेयर परियोजना पूरा होने का अनूठा रिकॉर्ड दर्ज है। एन.सी.आई. में कैंसर की रोकथाम, उपचार, अनुसंधान एवं शिक्षा हेतु समर्पित 710 रोगी उपचार बिस्तर तथा 25 ऑपरेशन थियेटर हैं। यह लिनीयर एक्सिलिरेटर्स, पी.ई.टी., एम.आर.आई. और सी.टी. स्कैनर तथा ब्रेकीथेरेपी उपकरणों जैसी आधुनिकतम तकनीकों से लैस है। एन.सी.आई. द्वारा पहली सार्वजनिक क्षेत्र की प्रोटोन सुविधा तथा रोबोटिक कोर क्लीनिकल लेबोरेटरी की भी सुविधा प्रदान की जाएगी, जो एक दिन में 60,000 से अधिक जांच कर सकती है तथा 2 घंटे में जांच रिपोर्ट प्रदान करने में सक्षम है। एन.सी.आई. द्वारा हॉस्पिटल क्रिटिकल केयर सिस्टम और कागज रहित रोगी रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए उन्नत डिजिटल एकीकरण कार्य भी किया जाएगा। एन.सी.आई. भारत संबंधी विशिष्ट कैंसरों पर ट्रांसलेशनल अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करेगा जिससे कैंसर की समयपूर्व पहचान और बेहतर उपचार परिणाम प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। यू.एस.ए., फ्रांस, यू.के. जैसे विभिन्न देश एन.सी.आई. के साथ अनुसंधान साझीदार बने हैं तथा संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाएं पहले ही आरंभ हो चुकी हैं। कैंसर की रोकथाम और उपचार में भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की भूमिका पर अनुसंधान हेतु एन.सी.आई. ने आयुष विभाग के साथ भी साझीदारी की है। इसके अलावा, एन.सी.आई. कैंसर संबंधी गतिविधियों के विकास एवं परामर्श के लिए भारत के राज्य कैंसर संस्थानों (एस.सी.आई.) तथा तृतीयक उपचार कैंसर केंद्रों (टी.सी.सी.सी.) के नेटवर्क हेतु शीर्ष निकाय के रूप में भी कार्य करेगा।

एम्स अपने बाह्य रोगी विभाग (ओ.पी.डी.) को मस्जिद मोठ से सटे अधिक स्थान वाले क्षेत्र में स्थानांतरित करने के लिए तैयार है। हरित और ऊर्जा संरक्षण मानकों के अनुसार निर्मित नई ओ.पी.डी. में एक बार में 10,000 रोगी आ सकेंगे। एम्स एक

नए ब्लॉक का भी निर्माण कर रहा है जिसमें विशेष रूप से बुर्जुग लोगों को बहु-विशिष्टताओं वाली स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। 200 बेड-ब्लॉक तथा एक ऑपरेशन थियेटर वाले नेशनल सेन्टर फॉर एजिंग का भी 330 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण किया जा रहा है। अस्थिरोग विभाग द्वारा उन्नत ऑपरेशन करने के लिए एक अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स की स्थापना की गई है, जिससे वर्तमान सुविधाओं का विस्तार होने से रोगियों की प्रतीक्षा सूची छोटी हो जाएगी। इस सुविधा के द्वारा रोबोटिक स्पाइन सर्जरी तथा शैक्षिक उद्देश्यों हेतु सर्जरी की लाइव स्ट्रीमिंग भी उपलब्ध कराई जाएगी।

एम्स ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी (एन.एच.ए.) के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए हैं। संस्थान द्वारा इस योजना के प्रावधानों के अनुपालन में तथा अनुमोदित पैकेजों के अनुसार अस्पताल में भर्ती पात्र लाभार्थी रोगियों को सभी नैदानिक और उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। संस्थान में रोगियों के सुगम आवागमन के लिए जीपीएस दिशा-निर्देशित पथ प्रदर्शक 'एम्स इंफोर्मेशन' नामक एक नया ऐप लांच किया गया है। यह ऐप मौजूदा वेबसाइट्स के माध्यम से यूनिक हॉस्पिटल आईडी का प्रयोग करते हुए रोगियों को ऑनलाइन अपाइंटमेंट लेने तथा अपनी प्रयोगशाला रिपोर्ट देखने में सहायता करेगा। पंजीकृत रोगी यह भी पता कर सकते हैं कि क्या वे प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बीमा योजना के पात्र हैं अथवा नहीं। इसके अलावा यह ऐप उन रोगियों को आस-पास के सरकारी अस्पतालों का मानचित्र तथा उनके आपातकालीन नम्बर भी उपलब्ध कराता है, जिन्हें एम्स से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किये जाने की आवश्यकता हो सकती है।

मेधावी चिकित्सकों की भावी पीढ़ी को प्रशिक्षित करना

एम्स ने वर्ष 2018-19 में इंडिया टूडे तथा द आउटलुक द्वारा संचालित किए गए स्वतंत्र सर्वेक्षणों तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एम.एच.आर.डी.) के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिग फ्रेमवर्क में भारत के चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही सेंटर फॉर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार एम्स भारत का एकमात्र ऐसा चिकित्सा संस्थान है जो विश्वव्यापी स्तर पर उच्च शिक्षा की डिग्री प्रदान करने वाले शीर्ष 1000 संस्थानों में सम्मिलित है। हमारे प्रशिक्षक यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आधारभूत, ट्रांसलेशनल और नैदानिक विज्ञान के मिश्रण से तैयार किया गया हमारा गतिशील पाठ्यक्रम, स्वास्थ्य क्षेत्र में अगली पीढ़ी के मेधावियों को तैयार कर रहा है।

विभिन्न शिक्षण विभागों एवं सुविधाओं से युक्त अपने 7 केंद्रों तथा 42 आत्मनिर्भर विभागों, लगभग 700 संकाय सदस्यों सहित 10,000 से अधिक स्टाफ सदस्यों के साथ एम्स काफी बड़ी संख्या में चिकित्सा स्नातकों, विशेषज्ञों (एम.डी./एम.एस.), अति विशिष्टता विशेषज्ञों (डी.एम./एम.सी.एच.), पी.एच.डी. स्कॉलरों और नर्सों तथा परा-चिकित्सा विशेषज्ञों सहित संबद्ध स्वास्थ्य एवं आधारभूत विज्ञान के विशेषज्ञों को तैयार करता है। वर्ष के दौरान, हमने विभिन्न पाठ्यक्रमों में 1,015 स्कॉलरों को पंजीकृत किया। संस्थान द्वारा 694 प्रशिक्षुओं को भी प्रशिक्षण दिया गया। एम्स नई दिल्ली द्वारा अन्य एम्स संस्थानों के लिए परामर्शदाता के रूप में अपनी भूमिका निभानी जारी रखी गई और उनके एम.बी.बी.एस. तथा बी.एस.सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रमों में छात्रों के लिए भर्ती परीक्षाएं आयोजित की गईं तथा अंतिम चयन हेतु काउंसलिंग सेवाएं प्रदान की गईं।

संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा तथा क्रिटीकल केयर विभाग द्वारा ऑपरेशन थियेटर सेवाओं में बी.एस-सी. पाठ्यक्रम तथा पीड़ा चिकित्सा में एक-वर्षीय फेलोशिप आरंभ की गई है।

एम्स द्वारा स्वास्थ्य उपचार क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों तथा वैज्ञानिक विद्वानों का चिकित्सा क्षेत्र की यथार्थ परिस्थितियों तथा विज्ञान और स्वास्थ्य उपचार सुविधा की नई पद्धतियों से परिचय कराया जाता है। संस्थान द्वारा हजारों चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य उपचार पेशेवरों को कौशल, ज्ञान और प्रदर्शन को बेहतर करने के उद्देश्य से क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा प्रदान की गई। हमने विभिन्न राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से 200 से अधिक कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया/मेजबानी की। एम्स के आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं प्रोद्यौगिकी केन्द्र (सीमेट) ने स्टाफ सदस्यों के विभिन्न कैडरों के लिये 112 आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

जुलाई 2018 में कौशल, ई-लर्निंग एवं टेलिमेडिसिन (सेट) सुविधा का उद्‌घाटन किया गया। यह एक अत्याधुनिक सुविधा है, जिसे संस्थान में चिकित्सा शिक्षा के आधुनिकीकरण व उसे अद्यतन करने के लिए स्थापित किया गया है। यह चिकित्साशास्त्र के स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर छात्रों तथा नर्सिंग स्टाफ को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करता है ताकि वे वार्डों तथा निदानशालाओं में रोगियों का उपचार करते समय बेहतर रूप से तैयार रहें। सुविधा में विभिन्न चिकित्सीय तथा गैर-चिकित्सीय विभागों के संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी है जो प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा शिक्षण सामग्री तैयार करते हैं तथा छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। सुविधा में एक ड्राई स्किल लैब है जिसे आधारभूत एवं उन्नत चिकित्सीय कौशल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है तथा एक वैट लैब है जो केडेवरिक एवं अन्य शल्यक कौशल विकास संबंधी कार्यशालाओं हेतु सहयोग करती है। इसके अतिरिक्त, एस.ई.टी. (सेट) सुविधा में तीन आधुनिक स्टूडियो हैं जो पूरे भारत में 50 से अधिक चिकित्सीय संस्थानों के साथ जुड़ने में सक्षम हैं। इस सुविधा द्वारा सम्पूर्ण भारत के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को टेलिमेडिसिन श्रृंखला के माध्यम से शिक्षा देने के लिये इस ई-लर्निंग माड्यूल को विकसित किया जा रहा है। शैक्षिक अनुभाग द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं छात्र प्रबंधन के लिये 'सरल' (स्टूडेंट एडवांस्ड रिसोर्सिज़ एण्ड लर्निंग) नामक सॉफ्टवेयर का पूर्व परीक्षण भी आरंभ किया गया है।

एम्स और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-दिल्ली (आई.आई.टी.-डी.) ने अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी इंटरवेंशन्स का प्रयोग कर एक मजबूत स्वास्थ्य उपचार पद्धति का निर्माण करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। दोनों संस्थानों द्वारा अतिसूक्ष्म प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धि, सूक्ष्मता अभियान्त्रिकी, औषध वितरण हेतु उन्नत सामग्री और पॉलिमर, शल्यक पद्धतियों तथा चिकित्सा के अनुप्रयोग के क्षेत्र में 20 संयुक्त परियोजनाओं को शुरू करने का निर्णय लिया गया है। समझौता ज्ञापन के अन्तर्गत सहयोग के छ: मुख्य क्षेत्रों में नियमित संयुक्त संवाद, संकाय अंत:विषयक अनुसंधान, दोनों संस्थानों के स्नातकपूर्व छात्रों में परस्पर विचार-विमर्श हेतु मंच प्रदान करना, एक संयुक्त पीएचडी / पर्यवेक्षण कार्यक्रम तथा झज्जर, हरियाणा में जैव चिकित्सा अनुसंधान पार्क का निर्माण करना सम्मिलित है। एम्स ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-खड़गपुर के साथ भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसका उद्देश्य शिक्षा, रिसर्च आउटरीच कार्यक्रम तथा चिकित्सा सेवाओं में संस्थागत सहयोग देना है। एम्स ने आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), जिनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान (आईजीआईबी), तथा ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (टीएचएसटीआई) के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। एम्स-आईआईटी-दिल्ली के सहयोग के अन्तर्गत 25 तथा एम्स-टीएचएसटीआई के सहयोग के अन्तर्गत 9 परियोजनाएं अनुमोदित की जा चुकी हैं।

एम्स ने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के साथ एक पार्टनरशिप की है ताकि अनुसंधान में आपसी सहयोग संभव हो सके और संस्थानों के बीच अकादमिक एवं छात्र आदान-प्रदान के अवसरों की संख्या को बढ़ाया जा सके। इस सहयोग के एक अंग के रूप में, एम्स, यूसीएल के नेतृत्व वाले इंटरनेशनल सेंटर फॉर जिनोमिक मेडिसिन इन न्यूरोमस्क्यूलर डिसीसिज (आईसीजीएमएन) में शामिल हुआ है। आईसीजीएमएन 5 मिलियन पौंड की लागत वाली एक पहल है जो पांच देशों से कौशल और संसाधन को एक-साथ लाती है और जिसका उद्देश्य मोटर न्यूरोन रोग और मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी सहित पेशी क्षति न्यूरो मस्क्यूलर रोग से पीड़ित रोगियों के लिए अनुवांशिक निदान एवं चिकित्सा को उन्नत करना है।

एम्स द्वारा छात्र विविधता को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जाता है। एम्स के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विभिन्न पृष्ठभूमि से आये छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए छात्र संरक्षण कार्यक्रम और करियर जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गई है ताकि छात्रों को शिक्षा संबंधी परिणामों में सहायता मिल सके।

पूरे विश्व में किए गए अध्ययन दर्शाते हैं कि काम के लंबे घण्टे, अत्यधिक शैक्षिक भार, काम का मुश्किल वातावरण, और जीवन-मरण की परिस्थितियों में निरंतर रहने के कारण चिकित्सक और चिकित्सा छात्र तनाव में रहते हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए, एम्स ने अपने चिकित्सा छात्रों और चिकित्सकों के लिए एक स्वास्थ्य क्लीनिक आरम्भ किया है। यह क्लीनिक प्रतिदिन 12 घण्टे के लिए खुलता है और इसके सहयोग हेतु समर्पित एक ई-हेल्पलाइन एवं 24x7 एम-हेल्पलाइन कार्यरत रहती है।

राष्ट्र-सेवा

सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र (सीसीएम), एम्स द्वारा प्रशिक्षण, संसाधन सामग्री संवर्धन और फील्ड आधारित गतिविधियों सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को तकनीकी सहायता प्रदान करना जारी रखा गया। सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र, भारत सरकार की मानव संसाधन विकास स्वास्थ्य अनुसंधान योजना के अन्तर्गत क्रियाशील अनुसंधान पर संकाय विकास संबंधी कार्यक्रमों का संचालन कर चुका है। इसे नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड एडवांस्ड रिसर्च ऑन एनीमिया कंट्रोल के तौर पर नामित किया गया तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) कोलाबोरैटिंग सेंटर फॉर कैपेसिटी डेवलेपमेंट एंड रिसर्च इन कम्युनिटी बेस्ड नॉन-कम्यूनिकेबल डिसीज़ (एन.सी.डी.) प्रिवेंशन एंड कंट्रोल के रूप में पुनःनामित किया गया। विभाग द्वारा भारत में तीव्र श्वसन संक्रमण तथा वायरल रोगजनकों के जानपदिक रोग विज्ञान को स्पष्ट करने हेतु सेंटर फॉर डिसीज़ कंट्रोल (सीडीसी) अटलांटा के साथ सहयोगी परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं।

सरकारों के लिये अपने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रभावकता की योजना बनाने तथा उन्हें मॉनीटर करने हेतु मृत्यु के कारण सम्बन्धी आंकडें महत्वपूर्ण होते हैं; हालांकि भारत में और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश मौतों को चिकित्सीय रूप से प्रमाणित नहीं किया जाता। सीसीएम ने एमआईएनईआरवीए (मोर्टेलिटी इन इंडिया इस्टेब्लिशड थ्रू वर्बल ऑटोप्सीज़) का निर्माण किया है जो गृह मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाले रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (आर.जी.आई.) कार्यालय के लिए मृत्यु के कारणों की कोडिंग का एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है।

स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में एम्स द्वारा आपात चिकित्सा विभाग में जलने व आघात के रोगियों के लिये व्यापक प्राथमिक चिकित्सा के साथ-साथ जिला अस्पतालों में आपातकालीन विभागों के लिये दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से, विभाग सड़क सुरक्षा, चोट रोकथाम के लिए दिशानिर्देश प्रतिपादित करने के साथ ही भारत में आपात तथा आघात चिकित्सा के एकीकरण हेतु भी कार्यरत है।

काय-चिकित्सा विभाग को तपेदिक में प्रशिक्षण एंव अनुसंधान हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केंद्र के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। बाल चिकित्सा विभाग में भी दो विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केन्द्र (न्यूबोर्न ट्रेनिंग एंड रिसर्च इन न्यूबोर्न केयर और ट्रेनिंग इन क्लीनिकल एंड लैबोरेट्री जिनेटिक्स) हैं। बाल चिकित्सा विभाग का नवजात विज्ञान प्रभाग स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़, राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल, चंडीगढ़ तथा पब्लिक हेल्थ फांउडेशन ऑफ इंडिया की साझेदारी से देश के चार राज्यों में विशिष्ट नवजात चिकित्सा एकक (एसएनसीयू) में उपचाराधीन समय-पूर्व जन्में नवजातों की चिकित्सा की गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य साक्ष्य-आधारित प्रैक्टिस को लागू करते हुए समय-पूर्व जन्में नवजात शिशुओं में अपरिपक्व दृष्टि पटल विकृति (आरओपी) की व्यापकता को कम करना है। इस कार्य को क्वीन एलिज़ाबेथ डायमंड जुबली ट्रस्ट, यू.के. ने वित्तपोषित किया है।

रूधिर विज्ञान विभाग ने स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित थैलिसीमिया, हिमोग्लोबिनोपैथिज तथा हिमोफिलिया नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आरम्भ किये गये और एम्स में राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी) के नेतृत्व में होने वाले राष्ट्रव्यापी अध्ययन में यह पता चला है कि 5.7 करोड़ भारतीय मद्यपान संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं; 72 लाख व्यक्तियों को उनकी भांग और गांजा/चरस के नशे संबंधी समस्याओं के लिये सहायता की आवश्यकता है; तथा 22 लाख व्यक्तियों को इनहेलेंट नशे की आदत से मुक्ति के लिये मदद की ज़रुरत है। इसके अतिरिक्त 2.5% भारतीय वयस्क आबादी नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करती है तथा लगभग 8.5 लाख लोग ड्रग्स का इंजेक्शन लगाते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी पता चला कि पिछले 15 वर्षों में साइकोएक्टिव पदार्थों जैसे कैनाबिस (भांग और गांजा/चरस), ओपियोइड्स (अफीम, हेरोइन एवं फार्मास्यूटिकल ओपियोइड्स), कोकेन, एम्फिटामाइन टाइप स्टिमूलेंट्स (ए.टी.एस.), शामक, इनहेलेंट दवाओं तथा विभ्रमजनक औषधियों का इस्तेमाल बढ़ गया है; और इससे पीड़ित अधिकतर लोगों के पास इसके उपचार की सुविधा नहीं है। भारत में नशे संबंधी समस्या का सामना करने के लिए सभी पक्षों के साथ विस्तृत परामर्श के बाद राष्ट्रीय दिशा-निर्देश बनाने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को इस सर्वेक्षण से मदद मिलेगी। एन.डी.डी.टी.सी. द्वारा उपचार सुविधा में सुधार करने तथा उपचार छोड़ने को कम करने के लिए दिल्ली में शहर के अन्दर आस-पास के क्षेत्रों में

ओपियोइड प्रयोग से उत्पन्न विकारों से ग्रसित व्यक्तियों को दैनिक ऑब्जर्व्ड उपचार (डी.ओ.टी.) सुविधा प्रदान करने के लिए मोबाइल मिथेडॉन क्लीनिक भी आरंभ किए गए हैं। अभी तक, भारत में इस प्रकार के उपचार की आवश्यकता वाली आबादी के 2% से कम लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार उपचार प्राप्त कर रहे हैं। इस पहल की सफलता के आधार पर, इस नई पद्धति को शहर और देश के विभिन्न भागों में आरंभ किया जा सकता है।

भ्रूण (अन्त: गर्भाशय) विकास के दौरान कटे-फटे होंठ तथा कटे-फटे तालू ऐसी स्थितियां होती हैं जिसमें होंठ के दोनों भाग तथा मुंह का ऊपरी भाग (तालू) पूरी तरह से एक-दूसरे से मिलते नहीं है। ये स्थितियां प्रकट विकृतियों में से है जो राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत देखी गई हैं। दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सी.डी.ई.आर.) द्वारा किए गए एक बहु-केन्द्रीय अध्ययन से पता चला है कि गर्भ धारण के प्रथम कुछ सप्ताहों के दौरान पोषण में कमी तथा तम्बाकू/धूम्रपान, मद्यपान, अत्यधिक दवा के सेवन एवं विकिरण के कारण नवजात शिशुओं में कटे-फटे होंठ तथा कटे-फटे तालू की समस्या हो सकती है। लोगों में इन स्थितियों की जांच करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी.) की सहायता से एक वेब-आधारित रिकार्डिंग पद्धति, "इंडीक्लेफ्ट" टूल विकसित किया गया है। दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से देश में दंत क्षय, मसूड़े की बीमारी, डेन्टोफेशियल विकृति, कैंसर के घाव, डेंटल फ्लोरोसिस एवं डेंटल ट्रॉमा जैसे आम दंत संबंधी आम रोगों पर नमूना आंकड़ा प्राप्त करने के लिए देशव्यापी मुखीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण भी आरंभ किया गया है।

हृद् विज्ञान विभाग के नेतृत्व में एक बहु-संस्थागत टीम द्वारा चार भारतीय राज्यों में एक सर्वेक्षण किया गया जिससे पता चला कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 23% प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को उच्च रक्तचाप की समस्या थी। अध्ययन में जांच एवं उपचार कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया गया क्योंकि बचपन में उच्च रक्तचाप से वयस्कता में बहुत जल्दी वे हृदय रोग से पीड़ित हो सकते हैं।

भेषजगुणविज्ञान विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया (पी.वी.पी.आई.) के अन्तर्गत एडवर्स ड्रग रिएक्शन (ए.डी.आर.) मॉनीटरिंग केंद्र (ए.डी.आर.-ए.एम.सी.) तथा मैटेरियोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया (एम.वी.पी.आई.) हेतु मेडिकल डिवाइस मॉनीटरिंग केंद्र (एम.डी.एम.सी.) का संचालन किया जा रहा है।

अनुसंधान एवं नवाचार

यह युग नई खोजों की विलक्षण गति एवं अत्यधिक उन्नत प्रौद्योगिकियों के प्रचार-प्रसार से जाना जाता है। हमारा संस्थान जैवचिकित्सा से संबंधित अनुसंधान एवं खोज के गतिशील नेटवर्क का एक प्रमुख केन्द्र है। एम्स दिल्ली अनुसंधान परिणामों के मामले में भारत में शीर्ष चिकित्सा संस्थान बना हुआ है। एम्स द्वारा इस वर्ष राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में लगभग 1900 अनुसंधान पत्र तथा 300 से अधिक मोनोग्राफ, पुस्तकें एवं पुस्तकों में अध्याय प्रकाशित किए गए।

एम्स-दिल्ली में अनुसंधान अनुभाग, अनुसंधान हेतु मुख्य स्रोत के रूप में कार्य करता है। हम अपनी अनुसंधान की आधारभूत संरचना को विस्तृत एवं मजबूत कर रहे हैं, और क्रॉस-डिसीप्लीनरी सहयोगी अनुसंधान में निवेश कर रहे हैं तथा चिकित्सा उन्मुख एवं ट्रासलेशनल अनुसंधान शिक्षा को विकसित कर रहे हैं। संकाय-सदस्यों तथा वैज्ञानिकों ने संस्थान में 627 से अधिक वित्तपोषित अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन किया जिसमें बाह्य अनुसंधान अनुदान के रूप में 128 करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त किए गए। इसके अतिरिक्त, अनुसंधान अनुभाग ने अनुभवहीन अनुसंधान कार्यों में गति लाने के लिए 81 नई आन्तरिक अनुसंधान परियोजनाओं तथा अंत:-विषयक अनुसंधान को सहायता देने के लिए 30 सहयोगी स्कीम परियोजनाओं के लिए 3.72 करोड़ रुपये का अनुदान वितरित किया। अनुसंधान अनुभाग द्वारा एम्स में युवा अनुसंधानकर्ताओं के कार्य का प्रदर्शन करने के लिए 'अनुसंधान दिवस' का आयोजन किया गया। इसमें एम.बी.बी.एस. मेन्टरिंग योजना को जोड़ना महत्वपूर्ण रहा जिसके अन्तर्गत 26 अनुसंधान परियोजनाएं आरंभ की गई जिसमें 68 छात्र शामिल थे।

एम्स के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के नेतृत्व में एक बहु-संस्थागत टीम द्वारा पल्मोनरी टी.बी. (फेफड़े का ट्यूबरकुलोसिस), प्लूरल टीबी (फेफड़े को प्रभावित करता हुआ ट्यूबरकुलोसिस) तथा टीबी मेनिंजाइटिस (मस्तिष्क को प्रभावित करता हुआ ट्यूबरकुलोसिस) के लिए अत्यन्त संवेदनशील एवं विशेष नैदानिक जांचें विकसित की गई हैं। इन नैदानिक जांचों में एक

डी.एन.ए. एप्टेमर (एक लघु एक-सूत्रीय डी.एन.ए. अणु जो एक विशिष्ट टारगेट अणु से जुड़ता है) का इस्तेमाल किया जाता है जो एक टीबी एंटिजेन के साथ अत्यन्त गहरे संबंध को दर्शाता है। इस टीम द्वारा सस्ते और तीव्र पोर्टेबल जांचें भी विकसित की गई हैं जिसे उच्च-जोखिम समूहों में पल्मोनरी टीबी तथा टीबी मेनिंजाइटिस की स्क्रीनिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। एप्टेमर-आधारित निदान जीन एक्सपर्ट, स्मीयर माइक्रोस्कोपी, एक्स-रे तथा एलिसा जैसे मानक स्क्रीनिंग जांचों से उत्कृष्ट हैं। जांचकर्ताओं द्वारा एप्टेमर रिजेंट के लिए पेटेंट हेतु आवेदन किया गया है एवं इसके आस-पास एक स्टार्ट-अप शुरू करने की योजना बनाई गई है।

भारत में अनुमानित रूप से प्रति वर्ष 1.5 मिलियन लोग अभिघातज मस्तिष्क की चोट से ग्रसित होते हैं। जय प्रकाश नारायण (जे.पी.एन.ए.) ट्रॉमा केन्द्र के आपात चिकित्सा विभाग द्वारा आई.आई.टी. हैदराबाद के सहयोग से मस्तिष्क क्षति की गंभीरता संबंधी सटीक पूर्वानुमान के लिए एक बायोमार्कर (ह्यूमन यूबिक्वीटिन सी-टर्मिनल हाइड्रोलेज-1) का परीक्षण किया गया है। इससे छोटे अस्पतालों में डॉक्टरों को उन्नत न्यूरोरेडियोलॉजिकल (सी.टी. अथवा एम.आर.आई.) सुविधाओं के अभाव में बिस्तर पर ही रक्त जांच के द्वारा मस्तिष्क क्षति का पता लगाने में सहायता मिलेगी तथा वे रोगियों को ऐसे केन्द्रों के लिए रैफर कर सकते हैं जहां ऐसे रोगियों का उपचार हो सकता है।

अनुसंधानकर्ताओं की बहु-संस्थागत टीम द्वारा बालचिकित्सा विभाग के नेतृत्व में मशीन-लर्निंग एलगोरिद्म (कृत्रिम इंटेलिजेंस-आधारित मॉडल) विकसित किया गया है जो डॉक्टरों द्वारा चिकित्सीय रूप से निदान करने से लगभग 12 घंटे पहले बच्चों में हेमोडायनामिक शौक (अंगों में ऑक्सीजन की अपर्याप्त आपूर्ति) की स्थिति का पता लगा सकता है। इसकी शीघ्र-पहचान से अंगों के खराब होने एवं मृत्यु को रोका जा सकता है। अनुसंधानकर्ता मशीन-लर्निंग एलगोरिद्म का इस्तेमाल करने में सक्षम थे क्योंकि एम्स के बालचिकित्सा के गहन उपचार एकक (आई.सी.यू.) में विशाल आकंड़े संग्रहण की सुविधा है (आई.सी.यू. में प्रत्येक रोगी से जुड़ी जानकारी प्रति सेकेंड संग्रहित की जाती है) जो भारत में इस प्रकार की प्रथम सुविधा है।

एम्स के कैंसर शल्य चिकित्सकों (शल्यचिकित्सा अर्बुदविज्ञान) द्वारा पेट के कैंसरों के रोगियों का ऑपरेशन करने के लिए एक नई तकनीक विकसित की गई है। इस पद्धति को टू पैरलल कर्वीलिनियर इनसिजन तकनीक कहा जाता है, जो रोगी के उत्तरजीविता-दर में वृद्धि करता है एवं उनकी सुरक्षा को जोखिम में डाले बिना फ्लैप नेक्रोसिस को कम करता है।

त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान विभाग द्वारा स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय के साथ मिलकर संचालित एक अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि सीमेंट (उदाहरण स्वरूप-निर्माण उद्योग में कार्य करने वाले मजदूर) से पेशेवर रूप से संपर्क में आने पर त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। सीमेंट में व्याप्त पोटाशियम डाइक्रोमेट हेक्सावेलेंट क्रोमियम जैसे रसायनों की प्रमुख सांद्रताओं से त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे डर्माटाइटिस, एक्जिमा, पित्तिका एवं त्वचा में जलन तथा अन्य समस्याएं हो सकती हैं। सीमेंट में फेरस सल्फेट के मिश्रण से हानिकारक रासायनिकों के प्रभाव में कमी आ जाती है। इससे उत्पादन की लागत में मामूली वृद्धि हो सकती है, परन्तु इससे सीमेंट जनित एलर्जी के खतरे को कम करने में सहायता मिल सकती है।

योग को स्वास्थ्य प्रचार के एक माध्यम के रूप में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने के बाद, अत्यधिक प्रसिद्धि प्राप्त हुई है। हालांकि आधुनिक युग की दवा की व्यापक स्वीकृति के लिए विशेष रूप से चिकित्सा अनुसंधान समुदाय में इन्टरवेंशन्स हेतु लाभ के साक्ष्य की मांग करती है। एम्स के सहयोग से पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के नेतृत्व में बहु-केन्द्रीय अध्ययन में यह दर्शाया गया है कि हृद्पात से पीड़ित रोगियों के लिए योग आधारित उपचार पारम्परिक हृदय संबंधी पुनर्सुधार कार्यक्रमों का एक आदर्श विकल्प है। यह सुरक्षित, सुविधाजनक, किफायती एवं इसके परिणामस्वरूप जीवन की बेहतर गुणवत्ता प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त इंटरवेन्शन में हृदय संबंधी पुनरावर्ती घटनाओं जैसे कि हृद्पात तथा स्ट्रोक कम हुए हैं तथा अस्पताल में हृदय संबंधी आपात भर्तियों में भी 50% तक कमी आई है। शरीर क्रिया विज्ञान विभाग द्वारा संचालित एक अन्य अध्ययन के परिणामों से यह पता चला है कि एक विशिष्ट लय (रिदम) (प्रणायाम) में श्वास लेना हृद्वाहिकाओं के स्वास्थ्य पर कई सकारात्मक प्रभाव डालता है। आयुष मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित तथा एम्स के शरीर रचना विभाग की आनुवंशिक प्रयोगशाला द्वारा एम्स के विभिन्न विभागों (डॉ. आर.पी. नेत्र विज्ञान केन्द्र., शरीर क्रिया विज्ञान, प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान, मनोचिकित्सा) के साथ समन्वित अध्ययनों से पता चला है कि योग एवं ध्यान से ग्लूकोमा से ग्रसित रोगियों में नेत्र दबाव को कम करने में सहायता मिल सकती है; स्पर्म

डी.एन.ए. की गुणवत्ता में सुधार द्वारा पुनरावर्ती स्वत: गर्भपात की घटनाओं में कमी लाई जा सकती हैं तथा तनाव की तीव्रता को भी कम किया जा सकता है। जिन रोगियों ने ध्यान संबंधी थेरेपी करवाई है, उनके तनाव के हार्मोनों, रोग के परिवर्तनीय कारकों जैसे ऑक्सीडेटिव तनाव तथा जीनोमिक इंटेग्रिटी; तथा स्वास्थ्य के सुधार में बड़ा परिवर्तन हुआ है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ऑपरेशन के बाद रोगियों में योग के प्रभाव पर एम्स में किए गए सर्वेक्षण के उत्साहजनक परिणामों के पश्चात् सभी अन्य एम्स में योग की शुरूआत करने की योजना बनाई है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अग्न्याशय संबंधी रोग तथा आंत संबंधी रोग में जठरांत्र विज्ञान विभाग एवं मानव पोषण एकक को उन्नत अनुसंधान उत्कृष्टता (सी.ए.आर.ई. अर्थात् केयर) के दो केन्द्र प्रदान किए गए थे। उसी प्रकार, बाल चिकित्सा विभाग को भी अग्रिम अनुसंधान उत्कृष्टता के दो आई.सी.एम.आर. केन्द्र (वृक्क विज्ञान एवं पुल्मोनोलॉजी; तथा बाल्यावस्था तंत्रिका विकासात्मक विकार) प्रदान किए गए थे।

किफ़ायती गुणवत्ता उपचार

'एम्स' एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है जो आर्थिक रूप से पिछड़े लाखों अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए एक आशा की किरण है और जिसके प्रवेश द्वार पर उन व्यक्तियों की भीड़ लगी रहती है जिनके मन में यह दृढ़ विश्वास एवं उम्मीद है कि यही वह स्थान है जहां वे अपनी चिकित्सीय समस्याओं का समाधान एवं सहायता प्राप्त कर सकेंगें।

चिकित्सकों को उनके नैदानिक उपचार में नवीन उन्नतियों को शामिल करना होगा; लेकिन उन्हें अत्यावश्यक नैदानिक समस्याओं तथा अपूर्ण आवश्यकताओं के लिए अनुसंधान को संचालित करने के संदर्भ में नेतृत्व भी प्रदान करना होगा। वर्तमान युग में, जहां चिकित्सा उपचार की उच्च लागत के कारण स्वास्थ्य उपचार प्रदान करना एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है वहां एम्स निरंतर किफ़ायती दरों पर गरीब से गरीब तबके को भी उच्चतम गुणवत्ता का साक्ष्य-आधारित उपचार प्रदान कर रहा है। एम्स मुख्य अस्पताल एवं इसके केन्द्रों-हृद वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केन्द्र (हृ. तं. केन्द्र), जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केन्द्र, डॉ.भी.रा.अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल (भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ.), डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र (डॉ. रा.प्र.ने.वि.कें.), दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (सी.डी.ई.आर.), राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र (एन.डी.डी.टी.सी.) में कुल बिस्तर संख्या 2,483 है। वर्ष के दौरान, अ.भा.आ.सं. द्वारा लगभग 40 लाख बाह्य रोगियों और 2.5 लाख आंतरिक रोगियों का उपचार किया तथा लगभग 87% के औसत बिस्तर अधिभोग, लगभग अस्पताल में ठहरने के औसत दिन 9.5; तथा 2% से कम शुद्ध मृत्युदर के साथ सर्वोत्कृष्ट रोगी उपचार सेवा मापदण्डों के अनुसार 2 लाख ऑपरेशन किए गए। एम्स भारत के भीतर एवं बाहर, विशेषकर दक्षिण एवं दक्षिणपूर्वी एशिया में स्वास्थ्य उपचार की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

डॉ. रा.प्र.ने.वि.कें., जो एम्स में राष्ट्रीय नेत्र बैंक का संचालन करता है, उसने कॉर्निया के दान और उपयोगिता को सरल बनाने हेतु ऑर्बो (अंग पुन: स्थापन बैकिंग संस्था) को वास्तविक समय में मृत्यु की सूचना देने वाले नए अस्पताल कॉर्निया पुन:स्थापन कार्यक्रम (एच.सी.आर.पी.) प्रारंभ किया है। एम्स द्वारा फेफड़ों का प्रतिरोपण करने हेतु सरकार से अनुमति मांगी गई है। इसमें मृत दानदाता के शरीर से प्राप्त स्वस्थ फेफड़े को अस्वस्थ फेफड़े वाले रोगी में प्रतिस्थापित करना शामिल है। शल्य चिकित्सा हेतु आधारभूत संरचना उपलब्ध है तथा संस्थान द्वारा प्रशिक्षण के लिए शव संबंधी कार्यशालाओं का संचालन किया गया है।

न्याय चिकित्सा विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आई.सी.आर.सी.), गुजरात फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी तथा एन.जी.ओ. अर्थ सेवियर फाउंडेशन के साथ मिलकर मृत्यु के उच्च प्रबंधन हेतु शवागृह नियम-पुस्तिका को तैयार किया गया है। यह नियम-पुस्तिका आधारभूत संरचना तथा प्रक्रियात्मक आयामों में सुधार के अतिरिक्त, जो व्यक्ति अपने प्रियजनों को खो चुके है, उनके लिए भावनात्मक सहायता के प्रावधान पर बल देती है।

विकिरण निदान विभाग द्वारा उसके चिकित्सीय साधन में फ्लैट पैनल डिजिटल सबट्रेक्शन एंजियोग्राफी तथा सी-आर्म फ्लोरोस्कोपी को शामिल किया गया है। विभाग द्वारा सी.टी. तथा एम.आर. इमेजों के टेक्सचर विश्लेषण हेतु अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर तथा अस्थि आयु के आकलन हेतु अन्य सॉफ्टवेयर को भी प्राप्त किया गया है। एम्स में पुल्मोनरी चिकित्सा एवं निद्रा विकार विभाग द्वारा लघु ट्यूमर जैसे फेफड़ों में स्पोट्स से पीड़ित रोगियों के निदान एवं उपचार हेतु वर्चुअल ब्रोन्कोस्कोपी नेविगेशन (वी.बी.एन.), उन्नत सुविधा को शुरू किया गया है। यह मशीन श्वासनली के त्रि-आयामी (3डी) दृश्य को उभारने के

लिए रोगी के सीटी स्कैन इमेज का प्रयोग करती है जिसके पश्चात् ब्रोंकोस्कोप को फेफड़ों में छेद करने की क्रिया से बचाते तथा जटिलताओं को घटाते हुए श्वासनली के माध्यम से अस्वस्थ क्षेत्र में पहुँचाया जा सकता है।

पुरस्कार

माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू जी द्वारा प्रो. ए.के. सराया, समिरन नंदी, कमल बक्शी तथा गोमती गोपीनाथ को 46वें वार्षिक दीक्षांत समारोह लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया।

एम्स-दिल्ली ने तीसरे वर्ष के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कायाकल्प पुरस्कार के तहत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विज्ञान के उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु वर्ष 2018-2019 के लिए प्रथम पुरस्कार जीता।

निष्कर्ष

यह तथ्य कि हमें विभिन्न स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा कई वर्षों से लगातार विभिन्न मानदण्डों पर रोगी उपचार, आयुर्विज्ञान शिक्षा तथा जैवआयुर्विज्ञान अनुसंधान हेतु सर्वश्रेष्ठ भारतीय संस्थान के रूप में स्थान दिया गया है, हमारे संस्थानगत सामर्थ्य का प्रतीक है तथा शिक्षकों, शिक्षार्थियों, अनुसंधानकर्त्ताओं तथा स्टाफ-सदस्यों की कई पीढ़ियों द्वारा किए गए प्रयास का प्रमाण है। मेरे विचार से एम्स की इस बहु-आयामी भूमिका के लिए स्वीकृति एवं मान्यता की आवश्यकता है।

एम्स-दिल्ली ज्ञान एवं विचारों की उत्पत्ति हेतु पूर्ण रूप से समर्पित है जो सभी लोगों के लिए स्वस्थ जीवन प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

रणदीप गुलेरिया
निदेशक

2. lLFkku vkj bldh lfefr;k

lLFkku fudk;

1.	Jh txr idk'k uMMk स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	अध्यक्ष
2.	ikQslj jke xksiky ;kno] lkln ¼jkT; lHkk½ 8–ए, लोधी स्टेट, नई दिल्ली – 110003	सदस्य
3.	Jh jes'k fc/kMh] lkln ¼yksd lHkk½ म. नं. 179 संपत हाउस, तुगलकाबाद गांव, नई दिल्ली 110044	सदस्य
4.	Jh ijos'k lkfgc flg oek] lkln ¼yksd lHkk½ 1/14 बी, शांति निकेतन, नई दिल्ली	सदस्य
5.	Jh vkj- lqcãe.;e सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली 110001	सदस्य
6.	ikQslj ,e- ds- Hkku पूर्व सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली	सदस्य
7.	Jherh ihfr lnu सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य
8.	ikQslj ;ksxs'k dqekj R;kxh कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली 110007	सदस्य (पदेन)
9.	Mk- ,l- oSdVs'k महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (पदेन) (दिनांक 17 जून, 2018 से)
	Mk- txnh'k izlkn	(दिनांक 16 जून, 2018 तक)
10.	Mk- Mh- ,l- jk.kk अध्यक्ष, प्रबंधन बोर्ड, सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली 110060	सदस्य

11. Mk- ¼Jherh½ fot; y{eh lDlsuk — सदस्य

समन्वयक, जैव सूचना विज्ञान
डीबीटी (भारत सरकार) का मूलसंरचना सुविधा केंद्र,
अध्यक्ष, प्राणिविज्ञान विभाग, दयानंद गर्ल्स पी.जी कॉलेज,
कानपुर, उत्तर प्रदेश
7/182, स्वरूप नगर, कानपुर 208002, उत्तर प्रदेश

पूर्व महासचिव, भारतीय विज्ञान कॉग्रेस एसोसिएशन
(आई.एस.सी.ए.) कोलकाता, पश्चिम बंगाल

12. Mk- eg'k ch- iVsy — सदस्य

एफ–001, शिलालेख टावर, पुलिस स्टेडियम के सामने,
शाही बाग, अहमदाबाद 380004, गुजरात

13. Mk- Mh- th- egsldj — सदस्य

कुलपति, महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस
डिंडोरी रोड, महसरूल नासिक 422004, महाराष्ट्र

14. Mk- ,u- xksikyÑ".ku — सदस्य

आचार्य (वृक्क विज्ञान) मद्रास मेडिकल कॉलेज,
चेन्नई, तमिलनाडु 600003

15. Jherh fot;k JhokLro — सदस्य

अपर सचिव और वित्त सलाहकार,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011

16. iksQslj j.knhi xqysfj;k — सदस्य सचिव (24.03.2017 से)

निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

iksQslj ,e- lh- feJ — (31.1.2017 तक)

निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

17. Jh lqHkk"k iar — विशेष आमंत्रित

संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011

18. iksQslj oh-d- cgy — विशेष आमंत्रित

संकायाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

19. Mk- Mh- d- 'kek] — विशेष आमंत्रित

चिकित्सा अधीक्षक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

'kklh fudk;

1.	श्री जगत प्रकाश नड्डा	अध्यक्ष
2.	प्रोफेसर राम गोपाल यादव, सांसद (राज्य सभा)	सदस्य
3.	श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा)	सदस्य
4.	श्रीमती प्रीति सूदन	सदस्य
5.	श्री आर. सुब्रह्मण्यम	सदस्य
6.	डॉ. डी. एस. राणा	सदस्य
7.	डॉ. एस. वैंकटेश	सदस्य (17 जून, 2018 से)
	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य (16 जून, 2018 तक)
8.	डॉ. महेश बी. पटेल	सदस्य
9.	डॉ. डी. जी. महैसेकर	सदस्य
10.	डॉ. डी.एस. गंगवार	सदस्य (13 मार्च, 2019 से)
	श्री आर.के. वत्स	सदस्य (दिनांक 26 नवम्बर, 2018 से 13 मार्च, 2019 तक)
	श्रीमती विजया श्रीवास्तव	सदस्य (दिनांक 25 नवम्बर, 2018 तक)
11.	प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य सचिव
12.	प्रोफेसर वी.के. बहल संकायाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	विशेष आमंत्रित
13.	डॉ. डी. के. शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	विशेष आमंत्रित

स्थायी वित्त समिति

1.	श्रीमती प्रीति सूदन	अध्यक्ष
2.	श्री परवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोक सभा)	सदस्य
3.	डॉ. एस. वैंकटेश	सदस्य (17 जून, 2018 से)
	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य (16 जून, 2018 तक)
4.	श्री आर. सुब्रह्मण्यम	सदस्य
5.	डॉ. एम. के. भान	सदस्य
6.	डॉ. डी. जी. महैसेकर	सदस्य
7.	डॉ. डी. एस. गंगवार	सदस्य (13 मार्च, 2019 से)
	श्री आर.के. वत्स	सदस्य (दिनांक 26 नवम्बर, 2018 से 13 मार्च, 2019 तक)
	श्रीमती विजया श्रीवास्तव	सदस्य (दिनांक 25 नवम्बर, 2018 तक)
8.	प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया	सदस्य सचिव

स्थायी शैक्षिक समिति

1.	डॉ. महेश बी. पटेल	अध्यक्ष
2.	डॉ. एस. वैंकटेश	सदस्य (17 जून, 2018 से)
	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य (16 जून, 2018 तक)
3.	डॉ. एम. के. भान	सदस्य
4.	श्री आर. सुब्रह्मण्यम	सदस्य
5.	डॉ. डी. जी. महैसेकर	सदस्य
6.	डॉ. डी. एस. राणा	सदस्य
7.	डॉ. (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सक्सेना	सदस्य
8.	प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया	सदस्य सचिव

स्थायी संपदा समिति

1.	प्रोफेसर राम गोपाल यादव, सांसद (राज्य सभा)	अध्यक्ष
2.	श्री परवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोकसभा)	सदस्य
3.	डॉ. डी. एस. राणा	सदस्य
4.	डॉ. एस. वैंकटेश	सदस्य (17 जून, 2018 से)
	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य (16 जून, 2018 तक)
5.	प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी	सदस्य
6.	डॉ. डी. एस. गंगवार	सदस्य (13 मार्च, 2019 से)
	श्री आर.के. वत्स	सदस्य (दिनांक 26 नवम्बर, 2018 से 13 मार्च, 2019 तक)
	श्रीमती विजया श्रीवास्तव	सदस्य (दिनांक 25 नवम्बर, 2018 तक)
7.	डॉ. एन. गोपालकृष्णन	सदस्य
8.	प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया	सदस्य सचिव

स्थायी अस्पताल कार्य समिति

1.	श्री परवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोकसभा)	अध्यक्ष
2.	श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा)	सदस्य
3.	डॉ. डी. एस. राणा	सदस्य
4.	डॉ. (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सक्सेना	सदस्य
5.	डॉ. एम. के. भान	सदस्य

6.	डॉ. डी. जी. महैसेकर	सदस्य
7.	डॉ. एन. गोपालकृष्णन	सदस्य
8.	प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया	सदस्य सचिव

स्थायी चयन समिति

1.	डॉ. डी. एस. राणा	अध्यक्ष
2.	डॉ. एस. वैंकटेश डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य (17 जून, 2018 से) सदस्य (16 जून, 2018 तक)
3.	डॉ. डी. जी. महैसेकर	सदस्य
4.	प्रोफेसर एम. के. भान	सदस्य
5.	डॉ. महेश बी. पटेल	सदस्य
6.	श्री आर. सुब्रह्मण्यम	सदस्य (28 फरवरी, 2018 से)
7.	डॉ. एन. गोपालकृष्णन	सदस्य
8.	प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया	सदस्य सचिव

3- 'kf{kd vuqHkkx

l dk ;k/;{k

वी.के. बहल

सह–संकायाध्यक्ष

राजीव कुमार

dqy&lfpo

संजीव लालवानी

शैक्षिक अनुभाग के द्वारा नीतियां एवं योजनाएं बनाई जाती हैं तथा शैक्षिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है। शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत चिकित्सा, नर्सिंग तथा पराचिकित्सा पाठयक्रमों में स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल कार्यक्रम आते हैं। इन गतिविधियों का संचालन स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर तथा परा चिकित्सा प्रकोष्ठों द्वारा किया जाता है।

स्नातक–पूर्व शिक्षा

अनुभाग के द्वारा नए छात्रों के प्रवेश के उपरांत की औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं, पाठ्यक्रमों का विकास एवं संशोधन किया जाता है तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले स्नातक–पूर्व छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन भी किया जाता है। संचालित पाठ्यक्रम हैं: एम.बी.बी.एस., बी.एस.सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी, नेत्रविज्ञान तकनीक, ऑपरेशन थिएटर प्रौद्योगिकी, बी.एस.सी. दंत स्वच्छता, बी.एस.सी. दंत शल्यक्रिया कक्ष सहायक (डीओआरए), बी.एस.सी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) तथा बी.एस.सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम।

चिकित्सा स्नातक एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (एम.बी.बी.एस.)

जुलाई 2004 में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में शिक्षा के पैटर्न की समीक्षा तथा पुनर्रचना की गई। एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम साढ़े पांच वर्ष का है तथा इस अवधि में 3 चरण और इंटर्नशिप पूरा करना होता है। विवरण निम्नानुसार हैं :

चरण	**अवधि (वर्षों में)**	**प्रशिक्षण**
प्रथम	एक वर्ष	पूर्व–नैदानिक
द्वितीय	डेढ़ वर्ष	परा–नैदानिक
तृतीय	दो वर्ष	नैदानिक
इंटर्नशिप	एक वर्ष	विभिन्न विभागों में अनिवार्य रूप से रोटेशन

वर्तमान में प्रतिवर्ष 100 (50 सामान्य श्रेणी, 15 अनुसूचित जाति, 8 अनुसूचित जनजाति एवं 27 अन्य पिछड़े वर्ग) भारतीय छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। इस प्रवेश का आधार अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अर्हता है। अस्थि रोग दिव्यांगों को 5% क्षैतिज आधार पर आरक्षण दिया जाता है। इन 100 सीटों के लिए, 3,64,242 आवेदन प्राप्त हुए। दिनांक 26 एवं 27 मई, 2018 को आयोजित प्रवेश परीक्षा में 2,84,737 अभ्यर्थी शामिल हुए। 31 मार्च 2019 को एमबीबीएस के 69 इंटर्न सहित 434 विद्यार्थी पंजीकृत थे। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की अनुशंसा पर 7 विदेशी नागरिक प्रवेश हेतु अनुशंसित किए गए।

इस वर्ष में, व्यावसायिक परीक्षाओं के प्रथम, द्वितीय तथा अंतिम चरण में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 9 योग्य एम.बी.बी.एस. छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

परा–चिकित्सा तथा नर्सिंग शिक्षा

वर्ष 2018–19 में, बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम में 77 छात्रों (39 सामान्य श्रेणी, 12 अनुसूचित जाति, 6 अनुसूचित जनजाति एवं 19 अन्य पिछड़े वर्ग, 1 विदेशी नागरिक) को प्रवेश दिया गया। बी.एससी नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रम में 26 छात्रों (14 सामान्य श्रेणी, 3 अनुसूचित जाति, 1 अनुसूचित जनजाति, 7 अन्य पिछड़े वर्ग तथा 1 विदेशी नागरिक) को प्रवेश दिया गया।

बी.एससी. (ऑनर्स) नेत्र रोग विज्ञान तकनीक में 20 छात्रों (10 सामान्य श्रेणी, 3 अनुसूचित जाति, 1 अनुसूचित जनजाति तथा 5 अन्य पिछड़े वर्ग, 1 विदेशी नागरिक) को प्रवेश दिया गया। बी.एससी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी में 10 छात्रों (5 सामान्य

श्रेणी, 1 अनुसूचित जाति, 1 अनुसूचित जनजाति तथा 2 अन्य पिछड़े वर्ग, तथा 1 विदेशी नागरिक) को प्रवेश दिया गया। शल्य चिकित्सा कक्ष प्रौद्योगिकी में 20 छात्रों (13 सामान्य श्रेणी, 2 अनुसूचित जाति, 5 अन्य पिछड़ा वर्ग), बी.एससी. दंत स्वच्छता में 4 छात्रों (2 सामान्य श्रेणी ,1 अनुसूचित जनजाति तथा 3 पिछड़ा वर्ग) को प्रवेश दिया गया। दिनांक 31 मार्च 2019 को इन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या निम्नलिखित है :

पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
नर्सिंग	
बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट बेसिक)	50
बी.एससी (ऑनर्स) नर्सिंग	296
परा – चिकित्सा	
बी.एससी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक	72
बी.एससी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी	38
बी.एससी. शल्यक्रिया कक्ष प्रौद्योगिकी	20
बी.एससी. दंत स्वच्छता	4
बी.एससी. दंत शल्यक्रिया कक्ष सहायक(डीओआरए)	8

स्नातकोत्तर शिक्षा

शैक्षिक अनुभाग द्वारा जूनियर तथा सीनियर रेजीडेंटों सहित स्नातकोत्तर छात्रों के प्रवेश तथा प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इस अनुभाग द्वारा विभिन्न विषयों में अध्येतावृत्ति, पीएच.डी., डी.एम., एम.सीएच, एम.डी., एम.एस., एम.डी.एस., एम.सीएच./डी.एम.(सीधा 6 वर्षीय पाठ्यक्रम) एम. बायोटेक्नोलॉजी (एम. बायोटेक) तथा एम.एस.सी पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी गतिविधियों का संचालन भी किया जाता है।

भारतीय नागरिकों तथा प्रायोजित उम्मीदवारों को सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के द्वारा दिया जाता है। सभी एम.एससी तथा एम. बायोटेक पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष में एक बार प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है तथा अन्य सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रायोजित श्रेणी के अंतर्गत, विदेशी नागरिकों को भी उसी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। वर्ष 2016–17 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में 716 छात्रों को प्रवेश दिया गया। 31 मार्च 2019 तक पंजीकृत स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल छात्रों की कुल संख्या 1844 थी। विवरण निम्नानुसार हैः

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश–

पाठ्यक्रम का नाम	जुलाई 2018	जनवरी 2019	कुल
एम.एससी./एम. बायोटेक/एम.एससी. नर्सिंग (अगस्त)*	94	–	94
एमडी/एमएस/एमडीएस/एमसीएच./डी.एम. (6 वर्ष)	223	135	358
डीएम/एमसीएच	89	98	187
पी–एच.डी	15	38	53
अध्येतावृत्ति	27	24	51
कुल	448	295	743

*दाखिले वर्ष में एक बार किए जाते हैं।

पंजीकृत स्नातकोत्तर छात्र

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	पंजीकृत छात्रों की संख्या
1	पी–एच.डी.	329
2	डीएम	389
3	एम.सीएच	180
4	अध्येतावृत्ति कार्यक्रम	51

5	एमडी	720
5	एमएस	98
6	एमडीएस	58
7	एम.एससी / एम. बायोटेक / एम.एससी. नर्सिंग	166
	कुल	**1,991**

पंजीकृत पी–एच.डी. छात्रों का विषय–वार वितरण :–

क्र.सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	अर्बुद संवेदनाहरण विज्ञान (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	4	1
2	संवेदनाहरण विज्ञान	2	0
3	शरीर रचना विज्ञान	24	0
4	जैव रसायन	47	0
5	जैव भौतिकी	19	0
6	जैव सांख्यिकी	2	0
7	जैव प्रौद्योगिकी	3	0
8	ब्लड बैंक	1	1
9	हृद् संवेदनाहरण विज्ञान	2	0
10	त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान	5	0
11	हृद् जैव रसायन	1	0
12	सी.टी.सी. (मूल कोशिका)	6	0
13	नर्सिंग महाविद्यालय	2	0
14	सामुदायिक चिकित्सा केंद्र	3	0
15	सामुदायिक नेत्र विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	5	0
16	दंत शल्य चिकित्सा	2	0
17	हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	1	0
18	हृद् विज्ञान	1	0
19	अंतःस्राविकी एवं चयापचय	5	0
20	न्याय चिकित्सा	3	0
21	जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण एकक	5	0
22	स्त्री रोग विज्ञान	1	0
23	रुधिर विज्ञान	1	0
24	प्रयोगशाला चिकित्सा	4	0
25	प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान	5	0
26	चिकित्सा अर्बुद विज्ञान (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	4	0
27	चिकित्सा भौतिकी (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	4	0
28	काय चिकित्सा	1	0
29	सूक्ष्मजीव विज्ञान	13	1
30	तंत्रिका जैव रसायन	1	0
31	तंत्रिका मनोविज्ञान (तंत्रिका विज्ञान)	3	0
32	तंत्रिका विज्ञान	16	0
33	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	5	0
34	नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद	9	1
35	नाभिकीय चिकित्सा	1	0
36	तंत्रिका विकिरण विज्ञान	1	0

37	नेत्र जैव रसायन (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	3	0
38	नेत्र सूक्ष्मजैव विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	1	0
39	नेत्र विकृति विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	4	0
40	नेत्र भेषजगुण विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	4	0
41	बाल चिकित्सा	7	0
42	बाल शल्य चिकित्सा	1	0
43	विकृति विज्ञान	6	0
44	भेषजगुण विज्ञान	15	0
45	शरीर क्रिया विज्ञान	32	0
46	मनोचिकित्सा	11	0
47	पल्मोनरी चिकित्सा और निद्रा विकार	5	0
48	प्रजनन जैव विज्ञान	8	0
49	रेडियोथैरेपी	1	2
50	शल्य चिकित्सा	6	1
51	प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी	6	0
	कुल	**322**	**7**

पंजीकृत डी. एम. छात्रों का विषय–वार वितरण :–

क्र.सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	व्यसन मनोरोग (एनडीडीटीसी)	12	2
2	हृद् शल्य चिकित्सा गहन उपचार	1	0
3	हृद् संवेदनाहरण विज्ञान	15	1
4	हृद् विज्ञान	22	4
5	नैदानिक रुधिर विज्ञान	12	2
6	नैदानिक भेषजगुण विज्ञान	3	2
7	क्रिटिकल केयर चिकित्सा	19	**2**
8	अंतःस्त्राविकी	8	3
9	जठरांत्र रोग विज्ञान	19	5
10	रुधिर विकृति विज्ञान	8	3
11	संक्रामक रोग	16	3
12	चिकित्सा आनुवंशिकी	5	0
13	चिकित्सा अर्बुद विज्ञान	24	3
14	नवजात विज्ञान	9	3
15	वृक्क विज्ञान	10	4
16	तंत्रिका–संवेदनाहरण विज्ञान और गहन उपचार	17	2
17	तंत्रिका विज्ञान	35	3
18	न्यूरोइमेजिंग और इंटरवेंशनल तंत्रिका विकिरण विज्ञान	6	1
19	अर्बुद संवेदनाहरण, डॉ. बीआरए आईआरसीएच	20	0
20	बाल हृद् विज्ञान	5	2
21	बाल वृक्क विज्ञान	3	3
22	बाल तंत्रिका विज्ञान	8	2
23	बाल पल्मोनोलॉजी और गहन उपचार	4	2
24	बाल अर्बुद विज्ञान	3	1
25	पल्मोनरी, गहन उपचार एवं निद्रा विकार	12	3

26	प्रजनन चिकित्सा	3	1
27	चिकित्सीय काय–चिकित्सा	7	1
28	वेस्कुलर रेडियोलॉजी	11	1
	कुल	**317**	**59**

पंजीकृत डी.एम. छात्रों का विषय–वार वितरण :–

क्र.सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1.	संक्रामक रोग	13	0
2. सुश्री जे. सुब्बुलक्ष्मी के पर्यवेक्षण के तहत सी विंग में 31 जुलाई 2018 तक 20 सत्र संचालित किए गए।
3. सुश्री श्रीनित्या राघवन के पर्यवेक्षण के तहत डी विंग में 31 जुलाई 2018 तक 18 सत्र संचालित किए।
4. पुराने एवं नए प्राइवेट वार्ड ब्लॉक, आपात, नए आपातकालीन एवं ओपीडी में 38 सत्र संचालित किए।

अगस्त 2018 से क्लिनिकल शिक्षण को संबंधित वार्ड के प्रभारी एन.एन.एस. को सौंपा गया। वर्ष 2018-2020 के बी.एस.सी. बैच हेतु एक सुनियोजित ऑरिएन्टेशन कार्यक्रम का संचालन किया गया।

सेवाकालीन शिक्षा साप्ताहिक कक्षाएं

मुख्य अस्पताल में विभिन्न विभागों से कुल 1,693 नर्सों ने सेवाकालीन शिक्षा साप्ताहिक कक्षाओं में भाग लिया। वर्ष 2018-2019 में निम्नलिखित व्याख्यान दिए गए थे:

वरिष्ठ नर्सिंग कार्मिक/सीएनओ/एनएस/डीएनएस/एएनएस/एसएनओ एचआर के लिए कक्षाएं

1. तपेदिक से पीडित रोगी का उपचार
2. एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप
3. पीड़ामुक्त अ.भा.आ.सं.
4. उच्चरक्तदाब वाले रोगी का उपचार
5. निपाह वाइरस वाले रोगी का उपचार
6. पीड़ा चिकित्सा नीति
7. वाइरल हेपाटाइटिस वाले रोगी का उपचार
8. सुरक्षित स्टाफ
9. एस.एन.ओ.एच.आर. सशक्तीकरण कार्यक्रम (अगस्त 2018 से दिसंबर 2018)
10. एनीमिया ग्रस्त रोगी का उपचार

11. रोगी सुरक्षा
12. वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारियों/नर्सिंग अधिकारियों के लिए कक्षाएं
13. तपेदिक वाले रोगी का उपचार
14. एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप
15. पीड़ामुक्त अ.भा.आ.सं.
16. उच्चरक्तदाब वाले रोगी का उपचार
17. निपाह वाइरस वाले रोगी का उपचार
18. पीड़ा चिकित्सा नीति
19. वाइरल हेपाटाइटिस वाले रोगी का उपचार
20. आई.वी.फ्लूड चिकित्सा
21. चयनित नर्सिंग प्रक्रियाएं
22. एनीमिया ग्रस्त रोगी का उपचार
23. रोगी सुरक्षा

विभिन्न बैचों में उपर्युक्त विषयों पर कुल 89 व्याख्यान दिए गए थे।

सेवाकालीन शिक्षा कक्षाओं में उपस्थित नर्सिंग कार्मिकों की संख्या निम्नानुसार है:

ए.एन.एस. : 83 वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी: 493 नर्सिंग अधिकारी: 1,117

मॉड्यूल

भर्ती/अस्पताल से छुट्टी/हस्तांतरण/लामा/मृत्यु के लिए एक प्रोटोकॉल बनाया गया, क्योंकि अ.भा.आ.सं. में इस प्रकार का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं था एवं यह प्रयत्न चुनौतीपूर्ण एवं पुरस्कार योग्य रहा है। अ.भा.आ.सं. प्रोटोकॉलस का गंभीर अध्ययन एवं समय-समय पर जारी हुए भर्ती/अस्पताल से छुट्टी की नीति संबंधी परिपत्रों ने इस दस्तावेज को अंतिम रूप दिया है।

सम्मेलन एवं कार्यशालाएं आयोजित की गई

अ.भा.आ.सं में 7 सितबंर 2018 को जी.ओ.एस.आई.सी.ओ.एन. 2018 नर्सिंग ट्रैक। कुल सहभागी-52 एम.एस. सेमिनार कक्ष, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली में बेडसाइड नर्सिंग कार्मिक के लिए एक दिवसीय क्रिटीकल केयर नर्सिंग अपडेट।

दिवस/माह/वर्ष	**कुल सहभागी**
10 मई 2018	30
14 जून 2018	18

19 जुलाई 2018	31

नर्सिंग प्रशासक सशक्तीकरण कार्यक्रम

मुख्य अस्पताल एवं अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली के सभी केंद्रों के नर्सिंग अधीक्षकों/डी.एन.एस./ए.एन.एस. को प्रशासक के रूप में समर्थ बनाने के लिए पांच अर्धदिवसीय कार्यशाला का संचालन किया गया। पांच कार्यशालाओं में कुल 140 सहभागी उपस्थित थे।

एस.एन.ओ.एच.आर. सशक्तीकरण कार्यक्रम

एस.एन.ओ.एच.आर. के लिए नौ एक दिवसीय कार्यशालाओं का संचालन किया तथा इसमें 298 सहभागी थे।

नए भर्ती हुए नर्सों के लिए प्रवेशन कार्यक्रम

वर्ष 2018 एवं 2019 में क्रमश: 210 एवं 330 नए भर्ती हुए नर्सों के लिए सात तथा ग्यारह अर्धदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बेसिक नर्सिंग कौशल अपडेट

सीमेट, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली में 205 नए भर्ती हुए नर्सों के लिए पांच अर्धदिवसीय कार्यशालाओं का संचालन किया गया।

कार्यशाला/सम्मलेन में भाग लिया

1. संक्रमण नियंत्रण कार्यशाला, 4 अप्रैल 2018, रामालिंगास्वामी बोर्ड रूम, अ.भा.आ.सं. दिल्ली, सहभागी: 3
2. कोल्ड चैन हैंडलर का प्रशिक्षण, 4-5 अप्रैल, 2018 डी.पी.एन.यू. साकेत, दिल्ली, सहभागी:1
3. ओप्थेलमोलॉजी में संक्रमण नियंत्रण प्रैक्टिसिस, 12 अप्रैल 2018, छठी तल एल.टी., डॉ. रा.प्र. केंद्र, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 2
4. प्रतिरोपण कोर्डिनेटर प्रशिक्षण, 24-28 अप्रैल, 2018 सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली, सहभागी: 2
5. दुर्बल वृद्ध वयस्कों के लिए न्यूमोनिया एवं कैंसर पर मेगा इवेंट, 25 अप्रैल 2018, गांधी स्मृति, नई दिल्ली, सहभागी: 25
6. बेसिक 4 नए पाठयक्रम, 28-29 अप्रैल 2018, पोडुचेरी, सहभागी:5
7. लिवर प्रतिरोपण करवाने वाले रोगियों के उपचार पर कार्यशाला, 10-11 मई 2018, आई.एल.बी.एस., वसंत कुंज, नई दिल्ली, सहभागी: 3
8. पीड़ा नीति पर सत्र, 11 जून 2018, एम.एस. सेमिनार कक्ष, सहभागी: 31
9. योगा सत्र, 18 जून 2018, सी.आई.एम.आर., अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 32
10. बालचिकित्सा नर्सों के लिए फाउंडेशन अर्बुदविज्ञान कौशल, 22-23 सितम्बर 2018,

एस.एस.पी.एच. एवं पी.जी. शिक्षण संस्थान, नोएडा, सहभागी: 5

11. आपात स्वास्थ्य उपचार में प्रौद्योगिकी का लागत प्रभावी प्रयोग, 22 अक्टूबर 2018, जे.पी.एन.ए.टी.सी., अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 20
12. दुग्धपान परामर्श प्रशिक्षण, 5 अक्टूबर 2018, बालचिकित्सा सेमिनार कक्ष, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 11
13. ओस्टॉमी सोसाइटी का 6वां वार्षिक जी.बी.एम., 14 अक्टूबर 2018 कांफ्रेंस हाल, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 4
14. हेमाटोकॉन 2018, 25-26 अक्टूबर 2018, कोची, केरला, सहभागी: 1
15. आपातकालीन बालचिकित्सा, 14 नवंबर 2018, सीमेट, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 20
16. जेरैंटोलॉजी एवं जेरियाट्रिक मेडिसिन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (कांग्रेस), 15/16 नवंबर 2018, जे.एल.एन. सभागार, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी:19
17. मानव स्वास्थ्य उपचार पर कार्यशाला, 16 नवंबर 2018, सीमेट, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी:20
18. आर.ओ.पी. एवं क्यू.आई. मीटिंग, 19-20 नवंबर 2018, कन्वर्जेंस ब्लॉक, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 4
19. सुरक्षित मातृत्व पर प्रैक्टिस को सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षण पाठयक्रम, 3-11 जनवरी 2019, एन.आई.एच.एफ.डब्ल्यू., मुनिरका, नई दिल्ली, सहभागी: 6
20. आपदा चिकित्सा सहायता टीम प्रशिक्षण कार्यक्रम, 19-22 जनवरी 2019, जे.पी.एन.ए.टी.सी., अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 5
21. उच्च नर्सिंग उपचार प्रबंधन एवं गुणवत्ता उपचार कार्यक्रम, 18-23 फरवरी 2019, ए.एच.ए. हाउस, सैक्टर 62, नोएडा, सहभागी: 2
22. भारत में नर्सों की उभरती हुई भूमिका, 24-28 फरवरी 2019, आर.ए.के. कॉन, लाजपत नगर, नई दिल्ली, सहभागी: 2
23. श्रेष्ठता के लिए कार्य करना, 15 फरवरी 2019, सीमेट, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 15
24. प्रशामक उपचार, 22 फरवरी 2019, सीमेट, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी:15
25. गुणवत्ता नर्सिंग उपचार में हीलिंग टच, 11-15 मार्च 2019, आर.ए.के.सी.ओ.एन., लाजपत नगर, नई दिल्ली, सहभागी: 1
26. संवाद कौशल पर कार्यशाला, 26 फरवरी 2019, रामालिंगास्वामी बोर्ड रूम, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 10

27. नर्सिंग एवं स्वास्थ्य उपचार नई पद्धति पर अपडेट, बांटना एवं सीखना, 14-15 मार्च 2019, सीमेट, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: 14
28. अनुसंधान कार्य पद्धति पर प्रशिक्षण पाठयक्रम, 11-19 मार्च 2019, एन.आई.एच.एफ.डब्ल्यू., मुनिरका, नई दिल्ली, सहभागी: 3
29. सेमिनार कक्ष, नया आपात वार्ड, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली में नर्सिंग महाविद्यालय द्वारा 136 नर्सिंग अधिकारियों के लिए पुनरूज्जीवन प्रशिक्षण कार्यक्रम पर छह दो-दिवसीय कार्यशाला।
30. सीमेट, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली में दो एक-दिवसीय उचित बेडसाइड ट्रांस्फ्यूजन प्रैक्टिसिस सत्रों का आयोजन हुआ, सहभागी: 31
31. सेमिनार कक्ष, ऑर्बो, अ.भा.आ.सं. में 'मृत अंग एवं ऊतक दान' पर 99 नर्सों के प्रशिक्षण के लिए पांच सत्र।
32. सीमेट, अ.भा.आ.सं. में वूंड केयर एंड प्रैशर सोर प्रिवेंशन वर्कशाप, सहभागी: 61
33. सेमिनार कक्ष, सं.रो.कैं.अ., अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली में एंड ऑफ लाइफ नर्सिंग एजुकेशन कंसोर्टियम ट्रैनिंग, सहभागी: 157
34. सी.आर.टी.पी. एवं ई.सी.जी. पाठयक्रम पर कार्यशाला, अ.भा.आ.सं., सहभागी: 179

वर्ष के दौरान परामर्श एवं विशेषज्ञ के रूप में सहभागिता को छोड़कर कुल 1622 नर्सिंग कार्मिक ने 97 कार्यशाला/सम्मेलन में भाग लिया।

डी.एन.एस. : 2 ए.एन.एस. : 31 वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी: 457 नर्सिंग अधिकारी: 1,132

आयोजित जागरूकता कार्यक्रम

वरिष्ठ नर्सिंग प्रशासकों को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन हॉल में अर्धदिवसीय स्तन स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रो. अनुराग श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष एवं डॉ. अनीता धर, आचार्य, शल्यचिकित्सा विभाग द्वारा की गई वार्ता सम्मिलित है। स्वास्थ्य वार्ता के पश्चात स्वयं स्तन परीक्षण संबंधी एक लघु विडियों फिल्म प्रस्तुत की गई।

गुणवत्ता उन्नत पहल

गुणवत्ता उन्न्त पहल को आचार्य ए.के. देवदारी के नेतृत्व के अंतर्गत सन् 2015 में आरंभ किया गया। संस्थान में अनेक क्यू.आई. परियोनाएं आरंभ की गई। कुछ परियोजनाओं को राष्ट्रीय के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय मंचों में प्रस्तुत किया गया। क्यू.आई. पर विशेष तौर पर नर्सों के लिए अर्ध दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

उच्च अध्ययनों के लिए नर्सिंग कार्मिक की प्रतिनियुक्ति

अ.भा.आ.सं. में नर्सिंग सेवाओं का फोकस उच्च अध्ययनों के लिए प्रचुर अवसरों को सुगम बनाकर नर्सिंग उपचार को सुधारना है। 5 वर्ष की नियमित सेवा के पश्चात नर्सें पूर्ण वेतन के साथ उच्च अध्ययन को करने के लिए योग्य हैं। इस वर्ष मुख्य अस्पताल से 3 नर्सें पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग प्रोग्राम एवं 7 एम.एस.सी. नर्सिंग प्रोग्राम कर रही थीं।

विभिन्न नर्सिंग शैक्षिक संस्थानों के लिए शिक्षात्मक दौरों का समन्वय एवं आयोजन

संपूर्ण भारत के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के समूहों के लिए अ.भा.आ.सं. में नर्सिंग शिक्षकों द्वारा संचालित ओरियंटेशन की सूची निम्नानुसार है:

क्र.सं.	कॉलेज का नाम	दौरे की तिथि	छात्रों की संख्या	संकाय संख्या
1.	आर.डी.ओ. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मणिपुर	1 मई 2018	17	3
2.	एस.डी.यू. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कोलर, कर्नाटक	27 नवंबर 2018	35	2
3.	एल्वास कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मंगलौर, कर्नाटक	29 जनवरी, 2019	35	2
4.	एस.एम.ई.एस. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुम्बई, महाराष्ट्र	5 फरवरी, 2019	28	2
5.	निर्मला कॉलेज ऑफ नर्सिंग कर्नाटक	10 जनवरी 2019	35	2
6.	रमैया इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बंगलौर, कर्नाटक	7 फरवरी 2019	35	2
7.	सैंट फिलोमेना कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बंगलौर, कनार्टक	21 फरवरी 2019	35	2
8.	लॉर्डी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कन्नूर, केरल	5 मार्च 2019	36	2
9.	आर.डी.ओ. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मणिपुर	12 मार्च 2019	35	2
10.	सी.एम.सी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मणिपुर	12 मार्च 2019	35	2
		कुल	**326**	**21**

क्रेडिट घंटे प्रमाणपत्र जारी करना

कुल नौ नर्सों को नर्सिंग परिषद में पंजीकरण हेतु क्रेडिट घंटों का प्रमाणपत्र जारी किया गया।

गंभीर उपचार कार्यशाला

आपात चिकित्सा, संवेदनाहरणविज्ञान एवं सामान्य कायचिकित्सा के संकायगण के सहयोग से आपात एवं गहन उपचार एककों में कार्यरत नर्सों के लिए गंभीर उपचार अपडेट पर एक पूर्ण दिवसीय कार्यशाला उक्त के लिए प्रमाणपत्र भी जारी किए गए।

सुविधाप्रदाता के रूप में योगदान

एन.आई.ई. टीम ने अ.भा.आ.सं. के भीतर एवं बाहर विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को सुगम बनाया जैसे: इग्नू में जेरियाट्रिक केयर असिस्टेंट्स के मॉड्यूल डिवलेपमेंट में टीम मेम्बर: जेरियाट्रिक क्लाइंट की पौषणिक एवं उन्मूलन आवश्यकताओं में परिचर्चा करने में स्कूल ऑफ हेल्थ साईंस, इग्नू के संकाय के साथ ज्ञान दर्शन में लाइव टॉक शो में सहभागिता; नर्सों के लिए इंडक्शन एवं प्रोमोशनल ट्रेनिंग के लिए कोर्स मोड्यूल का विकास करने के लिए टी.टी.एस.यू. उप-समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया।

संक्रमण नियंत्रण नर्स गतिविधियां

मुख्य अस्पताल 2018-2019

संक्रमण नियंत्रण कोर कमेटी

डॉ.डी.के. शर्मा	चिकित्सा अधीक्षक, अ.भा.आ.सं., अध्यक्ष
डॉ.आरती कपिल	आचार्य, सूक्ष्मजैवविज्ञान विभाग
डॉ.राकेश लोढ़ा	आचार्य, बालचिकित्सा विभाग
डॉ.रश्मि रामचंद्रन	आचार्य, संवेदनाहरण विभाग
डॉ.अनूप डागा	सह-आचार्य, अस्पताल प्रशासन
डॉ.करन मदान	सहायक आचार्य, पुलमोनरी चिकित्सा विभाग
डॉ.गंगदीप सिंह	सहायक आचार्य, सूक्ष्मजैव विभाग
डॉ. झूमा शंकर	सहायक आचार्य, बालचिकित्सा विभाग
सुश्री नंदाश्री जॉर्ज	परिचर्या अधीक्षक, संक्रमण नियंत्रण
सुश्री एल्प्रेडा एम. विक्टर	वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, प्रभारी संक्रमण नियंत्रण नर्स
सुश्री एम.आर.ई. वसंत	वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, संक्रमण नियंत्रण नर्स
सुश्री बेट्टी मारिया बिनु	वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, संक्रमण नियंत्रण नर्स
श्री मुकेश कुमार सैनी	नर्सिंग अधिकारी, संक्रमण नियंत्रण नर्स
श्री धवल द्विवेदी	नर्सिंग अधिकारी, संक्रमण नियंत्रण नर्स
श्री कुंज बिहारी गौतम	नर्सिंग अधिकारी, संक्रमण नियंत्रण नर्स

एच.आई.सी.सी.ओ.एम. कोर समिति दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों एवं इंटरवेंशन्स पर चर्चा करने के लिए समय-समय पर बैठक करती है। एच.आई.सी.सी.ओ.एम. संक्रमण नियंत्रण कोर समिति

के साथ समय-समय पर प्रशासनिक दौरे संचालित करती है, समस्याओं को पहचान कर उन पर चर्चा करती है तथा उनमें सुधार करती है।

एच.आई.सी.सी.ओ.एम. की गतिविधियां

1. एच.आई.सी.सी.ओ.एम. (अस्पताल संक्रमण नियंत्रण समिति) ने नर्सों के लिए माह में अर्धदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया, कुल 303 नर्सिंग अधिकारियों ने इसमें भाग लिया। पूर्व एवं पश्चात् जांच संचालित की एवं उसका विश्लेषण किया गया।
2. विभिन्न स्वास्थ्य उपचार कर्मचारियों को हाथ की स्वच्छता, पी.पी.ई. एवं बी.एम.डब्ल्यू. उपचार पर जागरूक करना, कुल 92 अस्पताल परिचरों एवं 76 सफाई परिचरों ने सत्र में भाग लिया।
3. अस्पताल संक्रमण नियंत्रण प्रैक्टिसिस एवं बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर नए भर्ती हुए नर्सों (इंडक्शन कार्यक्रम) के लिए सत्र संचालित किए।
4. अगस्त से सितंबर 2018 तक 7 सत्रों का संचालन किया, कुल 213 नर्सिंग अधिकारियों ने इसमें भाग लिया।
5. दिनांक 29 जनवरी से 12 अप्रैल 2019 तक 15 सत्रों का संचालन किया कुल 422 नर्सिंग अधिकारियों ने इसमें भाग लिया।
6. वर्ष 2018-2019 के लिए मानक सावधानियां, एस.ओ.पी. एवं बी.एम.डब्ल्यू. प्रबंधन पर सीमेट में ओ.टी. तकनीशियनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, कुल 100 तकनीकी स्टाफ ने सितंबर से अक्टूबर 2018 तक 3 सत्रों में कार्यक्रम में भाग लिया।
7. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अ.भा.आ.सं. द्वारा 30 सेवारत नर्सिंग कार्मिक के समूह के लिए "क्लिनिकल नर्सिंग अपडेट" में संक्रमण नियंत्रण नर्स की भूमिका पर आई.सी.एन. ने सत्र लिया।
8. कॉलेज ऑफ नर्सिंग अ.भा.आ.सं. के नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग छात्रों के लिए संक्रमण नियंत्रण रोकथाम एवं प्रैक्टिस से संबंधित शिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।
9. कॉलेज ऑफ नर्सिंग-पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग छात्रों ने स्वास्थ्य उपचार क्षेत्र में सुरक्षित पर्यावरण पर कार्यशाला का आयोजन किया; आई.सी.एन. ने फरवरी 2019 में हेल्थ केयर सेटअप में संक्रमण नियंत्रण प्रैक्टिसिस के संबंध में सुरक्षित पर्यावरण पर सत्र लिया।
10. आई.सी.एन. ने मुख्य किचन स्टाफ के 98 कर्मचारियों के समूह के लिए हाथ की स्वच्छता, पी.पी.ई. का प्रयोग एवं प्रतिरक्षाकरण की महत्ता पर कक्षाओं का आयोजन किया। काया-कल्प दौरों के दौरान संक्रमण नियंत्रण नर्सों द्वारा उपर्युक्त विषयों पर बल दिया गया।
11. आई.सी.एन. ने ओ.टी. प्रौद्योगिकीविदों के 'एन.सी.ओ.टी.टी.-2018' द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन में संक्रमण नियंत्रण प्रैक्टिस पर सत्रों हेतु संसाधन व्यक्ति के रूप में भाग लिया।
12. सभी आई.सी.एन. ने "काया-कल्प" 2018-2019 दौरों का आयोजन एवं संचालन में सक्रिय रूप से भाग लिया।

13. सफाई परिचरों एवं अस्पताल परिचरों के लिए हाथ की स्वच्छता, पी.पी.ई., स्पिल मैनेजमेंट एवं नीडल स्टिक क्षति प्रोटोकॉल्स जागरूकता पर बल दिया गया।
14. बायोटिक कर्मचारियों के लिए हाथ की स्वच्छता, पी.पी.ई., प्रतिरक्षाकरण, स्पिल मैनेजमेंट तथा नीडल स्टिक क्षति प्रोटोकाल्स, निजी स्वच्छता, बी.एम.डब्ल्यू. नियमों के अनुसार बी.एम.डब्ल्यू. ट्रॉली को भरने के लिए सत्र का संचालन किया।
15. आई.सी.एन. ने संक्रमण नियंत्रण पुस्तिका के संशोधित संस्करण की अंतर्वस्तु एवं उसे अंतिम रूप देने में योगदान दिया।
16. चार्ट के रूप में नीडल स्टिक क्षति एवं स्पिल प्रबंधन प्रोटोकाल पर एस.ओ.पी. को अ.भा.आ.सं. के सभी क्लिनिकल क्षेत्रों में बनाया गया, बांटा गया तथा प्रदर्शित किया गया।
17. विभागाध्यक्ष के अनुरोध पर कायचिकित्सा विभाग के रेजीडेंट डाक्टरों के लिए संक्रमण नियंत्रण प्रैक्टिस एवं बी.एम.डब्ल्यू. प्रबंधन पर जागरूकता।
18. सीमेंट में बेसिक नर्सिंग कौशल पर कक्षाओं का संचालन किया गया तथा संक्रमण नियंत्रण नर्सों द्वारा संक्रमण नियंत्रण प्रैक्टिसिस पर सत्र लिया गया। कुल 206 नर्सिंग अधिकारियों को शिक्षित किया गया।
19. आई.सी.एन. ने लॉड्री सुविधा स्टाफ एवं शवगृह स्टाफ में हाथ की स्वच्छता, निजी स्वच्छता, पी.पी.ई. एवं बी.एम.डब्ल्यू. प्रबंधन पर सत्र संचालित किए।

संक्रमण नियंत्रण नर्सों की गतिविधियां

1. बी.एस.आई., आर.टी.आई. (वी.ए.पी.), एस.एस.आई., यू.टी.आई., सी.एस.एफ./अन्य संक्रमण आदि पर आई.सी.यू./एच.डी.यू., शल्यक क्षेत्र में कुल एच.सी.ए.आई. पर आंकड़ों को संग्रहित करना। सभी शल्यक एककों एवं सभी आई.सी.यू. के लिए माह वार आंकड़े विश्लेषित किए जाते हैं तथा आंकड़े विश्लेषण के प्रोफॉर्मा को शल्यक एककों एवं आई.सी.यू. के संबंधित प्रभारी आचार्य को बांटा जाता है।

वार्षिक स्वास्थ्य उपचार संबंधित संक्रमण (एच.सी.ए.आई.) दर

क्षेत्र	**कुल बड़ी सर्जरी/भर्ती**	**एच.सी.ए.आई.**	**%**
शल्यक एकक	15,204	524	3.4
आई.सी.यू.	4,707	646	13.7

संयुक्त एच.सी.ए.आई. दर: $\frac{(524+646)x100}{19,911}$=5.8%

शल्यक एककों एवं आई.सी.यू. के लिए मासिक अवेक्षण एवं आंकड़ों की गणना की गई तथा मासिक सूचना पत्र हेतु एम.आर.डी. अनुभाग में जमा किया गया।

1. शल्यक एकक एवं आई.सी.यू. के वार्षिक संयुक्त आंकड़े विश्लेषण की गणना की गई तथा उक्त को डॉ. आरती कपिल, प्रभारी आचार्य, सूक्ष्मजैव विज्ञान, अस्पताल संक्रमण नियंत्रण, आचार्य डी.के. शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, सुश्री कमलेश चंदेलिया, मुख्य नर्सिंग अधिकारी, डॉ. अनूप डागा, प्रभारी अधिकारी, संक्रमण नियंत्रण, अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सा अभिलेख अनुभाग को वितरित किया गया।
2. संक्रमण नियंत्रण नर्सों द्वारा जांच सूची का प्रयोग करके दैनिक आधार पर वैयक्तिक क्षेत्र दौरों का संचालन किया गया है एवं आवश्यकता पड़ने पर क्लिनिकल क्षेत्र में स्थल प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा संक्रमण नियंत्रण कोर कमेटी (एच.आई.सी.सी.ओ.एम.) के साथ चर्चा के पश्चात समस्याओं का निपटान किया जाता है।
3. निरीक्षण गतिविधियां: पर्यावरण संबंधी संवर्धन एवं जीवाणुरहित नमूनों के अवेक्षण को मासिक आधार पर किया जाता है तथा रिपोर्ट रिकार्ड की जाती है एवं इसे सभी संबंधित क्षेत्रों को वितरित किया जाता है तथा अस्पताल नीति के अनुसार उचित प्रोटोकॉल को सुदृढ़ बनाने के लिए चर्चा की जाती है।

वर्ष के दौरान मुख्य अस्पताल से एकत्रित अवेक्षण नमूने

कुल अवेक्षण नमूने	कुल पर्यावरण एवं विसंक्रमण नमूने	कुल उपयोग में घोल के नमूने	कुल विसंक्रमित नमूने		कुल संक्रमित नमूने	
			पर्यावरण एवं विसंक्रमित नमूने	उपयोग में घोल के नमूने	पर्यावरण एवं विसंक्रमित नमूने	उपयोग में घोल के नमूने
7,906	5,649	2,257	4,773	1,953	876	304

महामारी के उपचार का मॉनीटर करना एवं एच.सी.डब्ल्यू. को सावधानियों के संबंध में शिक्षित करना। रिपोर्ट बुक को दैनिक आधार पर रिपोर्टिंग हेतु तथा घटना एवं इंटरवेंशन की रिपोर्टिंग हेतु एक समर्पित रजिस्टर का भी अनुरक्षण करना।

अस्पताल प्रशासन विभाग ने 1 एवं 2 अक्टूबर 2018 को दो दिन के लिए स्वच्छता मेला का आयोजन किया, आई.सी.एन. ने इसमें भाग लिया तथा स्किल स्टेशन को व्यवस्थित किया एवं सभी संक्रमण नियंत्रण संबंधी चार्टों को प्रदर्शित किया। पांच वर्ष के लिए एच.आई.सी.सी.ओ.एम. की शैक्षिक गतिविधियों एवं पांच वर्ष के लिए एच.सी.ए.आई. डाटा को ग्राफ के रूप में दर्शाया गया। माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने अ.भा.आ.सं. के निदेशक, एम.एस., संकाय एवं सी.एन.ओ. के साथ मेले का उद्घाटन किया तथा संक्रमण नियंत्रण स्किल स्टेशन का दौरा किया एवं एच.आई.सी.सी.ओ.एम., अ.भा.आ.सं. की शैक्षिक गतिविधियों के संबंध में बातचीत की।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत “काया-कल्प”-स्वच्छ अस्पताल अभियान का शुभारंभ किया है। स्वच्छ एवं हरित अ.भा.आ.सं. अभियान के दिशा-निर्देशों को तैयार किया गया। अ.भा.आ.सं. इन दिशा-निर्देशों को अंगीकार करके एवं परिवर्तन का प्रतिनिधि बनकर काया-कल्प रूपांतरण के इस आंदोलन के नेतृत्व हेतु विशेष रूप से तैयार है। डब्ल्यू.एच.ओ. हस्त स्वच्छता दिवस मनाया गया एवं आई.सी.एन. ने हस्त स्वच्छता पर जन जागरूकता का संचालन किया जिसे आर.ए.के.ओ.पी.डी. एवं पी.आर.सी. में 3 बार प्रदर्शित किया गया तथा इसमें लोगों की सक्रिय जन सहभागिता देखी गई।

6-5 dY;k.k ,dd

कल्याण अधिकारी

श्रीमती प्रीति आहलूवालिया

कल्याण अधिकारी द्वारा रोगी एवं कर्मचारी कल्याण सेवाएं आयोजित की गई।

रोगी कल्याण

रोगी उपचार: रु. 66,79,000 (लगभग) दान के रूप में प्राप्त किए गए।

उद्देश्य	**दान**	**दानकर्ता**
मुख्य अस्पताल तथा केंद्रों में उपचार कराने वाले गरीब तथा जरूरतमंद रोगियों के उपचार एवं शल्य चिकित्सा हेतु	रु.20,02,748	रोशनी फाउंडेशन
	रु. 5,95,773	बैजनाथ भंडारी पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट
	रु. 3,60,386	साहू जैन ट्रस्ट
	रु. 2,87,500	जवाहर भवन ट्रस्ट
	रु. 3,07,000	सेवा प्रकल्प महिला मंडल ट्रस्ट
	रु. 1,50,000	राष्ट्रपति सचिवालय, भारत सरकार
	रु. 45,000	राजेन्द्र भवन ट्रस्ट
	रु. 60,000	सुश्री स्तुति शर्मा

	रु. 91,104	अन्य दान दाता
अ.भा.आ.सं. निर्धन रोगी निधि खाता	रु. 4,64,227	चिकित्सा शिक्षा पर राष्ट्रीय कांफ्रेस (एन.सी.एम.ई. 2007)
	रु. 3,00,000	श्रीमती द्वारका प्रसाद ट्रस्ट
	रु. 35,000	श्रीमती प्रीति भटनागर
कैंसर रोगियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई कैंसर-रोधी दवाएं	रु.17,32,152	गोपाल फाउंडेशन
	रु. 2,48,369	डॉ. चेतन मेमोरियल डिवाइन ट्रस्ट

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्राप्त योगदान : रु. 31 लाख

उद्देश्य	**योगदान**	**कंपनी का नाम**
अस्पताल में निवारक स्वास्थ्य उपचार-सुरक्षित स्वास्थ्य प्रैक्टिसिस को प्रोत्साहित करने के लिए	रु. 31,00,000	डी.एल.एफ. उर्वा रियल एस्टेट डेवलपर्स एंड सर्विसिस प्राइवेट लिमिटिड

उपर्युक्त के अतिरिक्त निर्धन रोगियों को राष्ट्रीय आरोग्य निधि, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत निधि, स्वास्थ्य मंत्री के विवेकाधीन अनुदान तथा अन्य सरकारी एजेंसियों से उनके उपचार के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है तथा उनकी सहायता की जा रही है। अस्पताल निर्धन रोगी खाता से निर्धन रोगियों को वित्तीय सहायता और लेवी प्रभारों, जांच प्रभारों आदि में छूट के लिए मार्गदर्शन तथा सहायता भी दी गई।

धर्मशालाएं

यहां चार विश्राम सदन हैं जैसे राजगढ़िया विश्राम सदन (आर.वी.एस.), सुरेका विश्राम सदन (एस.वी.एस.), श्री साईं विश्राम सदन (एस.एस.वी.एस.) एवं पॉवर ग्रिड विश्राम सदन, इन्हें अ.भा.आ.सं. में उपचार करवाने वाले बाह्य रोगियों एवं उनके परिचरों को आश्रय प्रदान करने के लिए कल्याण गतिविधि के रूप में चलाया जा रहा है। विश्राम सदन ने संस्थान एवं इसके केंद्रों में उपचार करवा चुके 29,500 से अधिक रोगियों एवं उनके परिचरों को आश्रय प्रदान किया। रोगियों एवं उनके परिचरों के लाभ के लिए संस्थान द्वारा दिन के समय सदन से अस्पताल तक आने-जाने के लिए वाहन सुविधा भी चलाई जा रही है।

राजगढ़िया विश्राम सदन के अंदर विश्राम सदन में ठहरने वाले बच्चों के लिए एक खेलने कूदने के कक्ष की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा कैंसर पेशेंट एड एसोशिएशन

(सी.पी.ए.ए.) द्वारा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार की दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक दी जाती है। इसके अलावा सी.पी.ए.ए. द्वारा यहां ठहरने वालों को सुविधा देने के लिए सप्ताह में एक दिन योग कक्षा का आयोजन किया जाता है। सी.पी.ए.ए. सदन में रहने वालों के लिए दिवाली और होली त्यौहार का आयोजन भी करते हैं। सपना (एन.जी.ओ.) द्वारा विश्राम सदन के निर्धन रोगियों के लिए सप्ताह में एक बार भोजन सामग्री के 60 पैकेट वितरित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे एस.वी.एस. की कैंटीन में सुरेका पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट द्वारा आर.वी.एस., एस.वी.एस. एवं एस.एस.वी.एस. में रहने वालों को दोपहर एवं रात्रि भोजन निःशुल्क प्रदान किया जाता है। राजगढ़िया विश्राम सदन कॉम्प्लेक्स में एक रसोई घर भी है जहां आर.वी.एस., एस.वी.एस. एवं एस.एस.वी.एस. में रहने वाले अल्पतम शुल्क पर भोजन पकाते हैं। एल.पी.जी. (गैस बैंक) के बदले दिसंबर 2018 में पी.एन.जी. (गैस पाइपलाइन) आरंभ की गई थी।

इसके अतिरिक्त नवबंर 2012 में सुरेका विश्राम सदन के निकट एक रैन बसेरा सुविधा की व्यवस्था की गई एवं इसका प्रबंध दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। यह सुविधा अ.भा.आ.सं. में उपचार करवाने वाले गरीब एवं जरूरतमंद रोगियों एवं उनके परिचरों को आश्रय प्रदान करता है। रैन बसेरा में रहने वाले भी 'रसोईघर' की सुविधा एवं आर.वी.एस. परिसर में सामान्य शौचालय सुविधा का उपयोग करते हैं।

माहवारी स्वच्छता का प्रचार-प्रसार

अ.भा.आ.सं. में महिला रोगियों एवं महिला श्रमिकों के लिए माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए आर.ए.के.ओ.पी.डी. अ.भा.आ.सं. एवं स्त्रीरोग ओ.पी.डी. में स्थित महिलाओं के शौचालय में स्वच्छता पैड/नैपकिन पैड वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई थीं। उक्त परियोजना सेवा प्रकल्प महिला मंडल ट्रस्ट (पंजीकरण) द्वारा आरंभ की गई है एवं इसके प्रबंधन तथा संचालन की जिम्मेदारी ट्रस्ट की है।

कर्मचारी कल्याण

अनुकंपा आधार पर नियुक्ति

अनुकंपा आधार पर नियुक्ति के मामलों पर विचार किया गया। परिवार के सदस्यों को हुई भारी क्षति को सहन करने तथा जो जिम्मेदारियां उन पर आ गई हैं, उन्हें निभाने में सक्षम बनाने के लिए सहायता प्रदान करने हेतु परामर्श सेवाएं तथा नैतिक सहायता प्रदान की गई।

महिला शिकायत प्रकोष्ठ

निम्नलिखित द्वारा की गई शिकायत/फरियाद का समाधान करने के लिए जनवरी 2014 में अ.भा.आ.सं. में महिला शिकायत प्रकोष्ठ की स्थापना की गई:

1. संस्थान की महिला छात्राएं
2. संस्थान की महिला कर्मचारी जो नियमित, अस्थाई, तदर्थ, परियोजना, अस्थाई स्तर, दैनिक वेतनभोगी, संविदा अथवा बाह्य स्रोत के अतिरिक्त अन्य पर कार्यरत हो।

महिला शिकायत प्रकोष्ठ द्वारा प्राप्त शिकायतों पर संदर्भ के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

परामर्श सेवाएं

कर्मचारियों, रोगियों एवं उनके संबंधियों को परामर्श सेवाएं प्रदान की गई जिससे कि वह अपनी भौतिक, सामाजिक, भावनात्मक, आर्थिक, पारिवारिक एवं वैवाहिक समस्याओं से उबर सकें/सामंजस्य बैठा सकें तथा इस प्रकार अपनी सामाजिक कार्यशैली को उन्नत बना सकें।

शिकायतों का निवारण

स्टाफ एवं रोगियों की शिकायतों के समाधान हेतु सेवाएं प्रदान की जा रहीं है।

6-6 fpfdRlk lekt dY;k.k ,dd

मुख्य चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी

बी.आर. शेखर

पर्यवेक्षण चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी

पंकज कुमार

परिचय

एम्स में चिकित्सा समाज कल्याण एकक की नींव 1960 में उस समय रखी गई थी जब मुख्य अस्पताल में प्रथम चिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता को नियुक्त किया गया था। चिकित्सा समाज कल्याण इकाई बहुत ही शुरुआत से चिकित्सा अधीक्षक की देखरेख में काम कर रही है। चिकित्सा सामाजिक सेवाओं के एकीकरण से सकारात्मक परिणाम मिले हैं क्योंकि यह रोगियों के लिए सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और वित्तीय सहायता प्रदान करता है और उपचार प्राप्त करते समय कष्ट को कम करता है। चिकित्सा समाज कल्याण एकक, मुख्य अस्पताल में 12 चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी (एमएसएसओ) मुख्य अस्पताल में ओपीडी और 20 महत्वपूर्ण विभागों के वार्डों की देखभाल कर रहे हैं। इसके अलावा, यहां रोगी देखभाल और मार्गदर्शन के लिए एकक के तहत 20 अंशकालिक सामाजिक गाइड (पीटीएसजी) और एक अस्पताल परिचर कार्य कर रहे हैं।

हमारा सिद्धांत : "रोगियों के लिए प्रतिबद्ध, एम्स के लिए प्रतिबद्ध"

हमारा उद्देश्य

1. डॉक्टर, पैरामेडिकल कर्मचारी, रोगी, परिवार और समुदाय के बीच एक चिकित्सीय-नेटवर्क बनाना।
2. संपूर्ण शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और व्यवसायिक पुनर्वास के लिए एक समग्र-हीलिंग की ओर अग्रसर करना।
3. रोगियों के बुनियादी मानव अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
4. निर्धन और जरूरतमंद रोगियों के लिए विभिन्न सेवाओं को सुविधाजनक बनाना।
5. आधारभूत रोगी कल्याण सेवाओं को सरल बनाने के लिए अस्पताल प्रशासन और उपचार कर रहे संकायों के साथ समन्वय करना।
6. समाज कार्य के छात्रों को चिकित्सा समाज कार्य का प्रशिक्षण और अभिविन्यास प्रदान करना।
7. हमारे एकक और एम्स के अन्य विभागों द्वारा शुरू की गई अनुसंधान अध्ययनों का संचालन और समन्वय करना।

पदनाम	**स्टाफ-सदस्यों की संख्या**
चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी ग्रेड I	1
चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी ग्रेड II	9

विशिष्टताएं

अ.भा.आ.सं. में ए. बी.-पीएमजेएवाई योजना का समन्वय एवं कार्यान्वयन

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एबी-पीएमजेएवाई कार्यालय में आए

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ए बी-पीएमजेएवाई), भारत सरकार के कार्यक्रम का दिनांक 23 सितंबर 2018 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ किया गया। अ.भा.आ.सं. इस

कार्यक्रम को लागू करने में हस्ताक्षरकर्ता एवं सहभागी है तथा उक्त के लिए अ.भा.आ.सं. गेट नं.1 (ओपीडी के सामने) के पास एक समर्पित कार्यालय का निर्माण किया गया।

गेट नं.1, अ.भा.आ.सं. के निकट ए बी-पीएमजेएवाई कार्यालय।

चिकित्सा समाज कल्याण एकक चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व के तहत प्रधान मित्रा आरोग्य मित्रा (पीएमएएम) एवं रोगी उपचार प्रबंधक (पीसीएम) की टीम के साथ इस योजना को अ.भा.आ.सं. में लागू करने हेतु समन्वय कर रहा है। इस योजना को लागू करने के लिए एम.एस.एस.ओ. एक मुख्य अधिकारी हैं तथा मुख्य एम.एस.एस.ओ. के पर्यवेक्षण के तहत चिकित्सा समाज कल्याण एकक ने यह सुनिश्चित किया कि यह कार्यक्रम अधिकांश लाभार्थियों तक पहुँचे। यह सक्रिय केंद्र लाभार्थी पहचान, गोल्डन कार्ड जेनरेशन, उपचार पैकेज चयन, पैकेज का पूर्व-प्राधिकार, शल्यक एवं चिकित्सा उपचार, दावा आरंभ, रिपोर्टिंग एवं नेटवर्किंग को सरल बनाता है।

गरीब एवं निर्धन रोगियों के लिए उपचार हेतु वित्तीय सहायता

रोगी की माता के लिए घर में पुनर्वास एवं उपचार के लिए सी.एस.आर. दान के द्वारा पोर्टेबल वेंटीलेटर (लागत लगभग रु. 7 लाख) प्रदान किया। इसी प्रकार की मदद जे.पी.एन.ए.टी.सी. के 2 रोगियों की रु. 10 लाख प्रदान करके की गई। यह सभी रोगी एक वर्ष से भी अधिक के लिए अस्पताल में भर्ती थे एवं सिर्फ इस मदद के कारण वह अपने घरों में पुनर्वासित हो सके।

1. जीवन घातक रोगों के उपचार को प्राप्त करने के लिए बी.पी.एल. रोगियों के लिए राष्ट्रीय आरोग्य निधि (आर.ए.एन.) से रु. 21,21,26,230 प्राप्त किया।
   कॉपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सी.एस.आर.) दान के तहत 90 रोगियों के लिए लगभग रु. 50,00,000 की वित्तीय सहायता का प्रबंध किया।
2. निर्धन निधि दान बॉक्स के द्वारा रु. 2,65,500 एकत्रित किए एवं इसे अ.भा.आ.सं. के निर्धन निधि में जमा कर दिया गया।
3. अ.भा.आ.सं. निर्धन निधि में रु.31,96,869 प्राप्त किए।
4. अ.भा.आ.सं. एम.एस. निर्धन निधि के द्वारा 441 गरीब रोगियों की रु.11,19,660 की मदद की गई।
5. एम.एस.एस.ओ. निर्धन निधि के द्वारा गरीब एवं निर्धन रोगियों को रु.1,00,000 की मदद की गई।

गरीब एवं निर्धन रोगियों के लिए नि:शुल्क दवाइयां एवं अन्य दान

1. एम.एस.डब्ल्यू.यू. में स्वैच्छिक दान के द्वारा 15,000 ओपीडी रोगियों को रु.15,00,000/- मूल्य की नि:शुल्क दवाइयां।
2. अ.भा.आ.सं. के लगभग 550 भर्ती रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां/शल्यक वस्तुएं।

अस्पताल लेवी शुल्क एवं रेलवे रियायत में छूट

1. लगभग 15,000 बीपीएल/गरीब रोगियों के सीटी,एमआरआई,पीईटी एवं एचएलए आदि सहित विभिन्न अस्पताल शुल्कों में छूट।
2. लगभग 3,000 रोगियों के लिए उपचार करने वाले/संबंधित संकाय की सिफारिश पर छूट।
3. लगभग 10,050 बाह्य रोगियों को रेलवे रियायत सुविधा प्रदान की गई।

परामर्श एवं मार्गदर्शन

1. लगभग 40,000 रोगियों को परामर्श एवं गाइड किया गया।
2. डेंगू, चिकनगुनिया एवं स्वाइन फ्लू अवधि के दौरान लगभग 5,000 रोगियों को विशेष परामर्श एवं मार्गदर्शन दिया गया।

आपात के द्वारा पुनर्वास एवं रेफरल

1. लगभग 275 रोगियों: मेडिको-लीगल केसिस (एमएलसी) एवं गैर-एमएलसी अज्ञात/अपेक्षित/निराश्रित/अनाथ को पुनर्वासित किया गया।
2. लगभग 10,815 रोगियों को बिस्तर उपलब्ध नहीं होने के कारण आपात एमएसएसओ के द्वारा भर्ती हेतु सफदरजंग अस्पताल एवं अन्य सरकारी अस्पतालों में शिफ्ट करने में मदद करना।

3. माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार रोगियों को ईडब्ल्यूएस वर्ग के तहत नि:शुल्क उपचार के लिए निजी अस्पतालों में रेफरल करने में मदद करना।

टीएचओए अधिनियम के तहत अंग प्रतिरोपण का प्राधिकार

टीएचओए, 1994 के अनुसार असंबंधित किडनी दाताओं के 22 केसों को गुरदा प्रतिरोपण प्राधिकरण समिति के समक्ष जांचा, मूल्यांकित, प्रमाणित तथा प्रस्तुत किया गया।

प्रशिक्षण एवं अभिविन्यास

1. देश के विभिन्न कॉलेजों से सामाजिक कार्य के 41 छात्रों को सामाजिक कार्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
2. पूरे भारत में विभिन्न कॉलेजों से लगभग 75 एमएसडब्ल्यू छात्रों के लिए 'अस्पताल व्यवस्था में चिकित्सा सामाजिक सेवाओं' पर छह अभिविन्यास सत्र दिए गए।

विश्व सामाजिक कार्य दिवस के अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक के साथ एमएसडब्ल्यू एकक की टीम

विशेष समारोह

1. दिनांक 19 मार्च 2019 को चिकित्सा अधीक्षक, उप-निदेशक (प्रशासन), संकाय सदस्य एवं स्टाफ के साथ विश्व सामाजिक कार्य दिवस को मनाया गया।
2. दिनांक 6 नवबंर 2018 को ए बी-5 वार्ड में दिवाली समारोह एवं मैजिक शो: चिकित्सा समाज कल्याण एकक ने निदेशक, उप-निदेशक, चिकित्सा अधीक्षक, वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं विभागाध्यक्ष, बाल शल्यचिकित्सा की उपस्थिति में मैजिक शो एवं दिवाली समारोह का आयोजन किया।
3. चिकित्सा समाज कल्याण एकक के "नेक्स्ट जेनरेशन मेडिकल सोशल वेल्फेयर इन एम्स" नामक शीर्षक के बृहत पोस्टर को 63वें संस्थान दिवस समारोह एवं प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया।

अन्य योगदान

1. आपात चिकित्सा में एनएमएलसी से एमएलसी कनवर्जन 179.
2. ई-अस्पताल के द्वारा समाज-सेवाओं एवं ऑनलाइन छूट के लिए डिजिटलीकरण प्रक्रिया जारी रही।
3. मुख्य एमएसएसओ ने अस्पताल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रोत्साहक उप-समिति (काया-कल्प) हेतु अपना योगदान दिया।

शिक्षा

शिक्षण गतिविधियां

पांडुचेरी में इंडियन जर्नल ऑफ हेल्थ सोशल वर्क के लोकार्पण पर मुख्य एमएसएसओ

1. श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ ने साइंटिफिक अवार्ड पेपर सत्र की अध्यक्षता की तथा दिनांक 4 जनवरी को जेआईपीएमईआर, पोडुचेरी में 'जीआई डिस्आर्डर्स एंड ट्रांसप्लांट-मेडिकल सोशल वर्क पर्सपेक्टिव एंड चैलेंजिस' पर अध्यक्षीय भाषण दिया। इस सम्मलेन में इंडियन जर्नल ऑफ हेल्थ सोशल वर्क का भी लोकार्पण किया गया।
2. श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ ने अस्पताल व्यवस्था में एमएसएसओ की भूमिका पर चिकित्सा समाज कल्याण एकक, मुख्य अस्पताल में एमएचए के छात्रों के लिए नियमित सत्रों का संचालन किया।
3. श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ एवं श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ ने सीमेट, अ.भा.आ.सं. में अपने इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान 'सोशल वेल्फेयर स्किम फॉर पेंशेट्स इन एम्स' विषय पर लगभग 500 नर्सिंग अधिकारियों के लिए कुल 19 सत्रों का संचालन किया।
4. श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ एवं श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ ने दिनांक 7 अप्रैल 2019 को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अ.भा.आ.सं. के सभी सफाई पर्यवेक्षकों के लिए 'अ.भा.आ.सं. में सफाई कर्मचारियों की महत्ता' पर सत्र का संचालन किया।

नर्सिंग अधिकारियों के लिए अभिविन्यास सत्र

5. श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ एवं श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ ने दिनांक 29 अप्रैल 2018 को 'ग्रोथ हार्मोन थेरेपी: थ्योरी टू प्रैक्टिस' पर संगोष्ठी में 'ग्रोथ हार्मोन थेरेपी: रिसोसिस फॉर नॉन अफोर्डिंग पेशेंट्स' पर सत्र का संचालन किया।
6. दिनांक 26 जून 2018 को सीमेट में समाज कार्य के 21 प्रशिक्षुओं के लिए श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ ने नॉनवाइलेंट कॉम्युनिकेशन (एनवीसी) पर परिचयात्मक कार्यशाला का संचालन किया।

7. श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ एवं श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ ने दिनांक 9 अगस्त 2018 को दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क (डीएसएसडब्ल्यू) के 83 छात्रों एवं 2 संकाय सदस्यों के लिए 'मेडिकल सोशल सर्विसिस इन एम्स' पर सत्र का संचालन किया।
8. श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ ने दिनांक 13 अगस्त 2018 को एमएसडब्ल्यू एकक में सोशल वर्क प्रशिक्षुओं के लिए 'हाऊ टू प्रिपेयर फॉर ए प्रेजेंटेशन' पर सत्र का संचालन किया।

9. श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ ने सीमेट में शरीरक्रिया विभाग, अ.भा.आ.सं. द्वारा आयोजित 'ह्यूमन हेल्थकेयर' नामक शीर्षक कार्यशाला में 'क्राइसिस एंड वाइलेंस इन हेल्थकेयर' पर सत्र का संचालन किया।

चिकित्सा समाज कल्याण एकक द्वारा प्रशिक्षण गतिविधियां

1. सोशल वर्क ट्रैनिंग-ब्लॉक प्लेसमेंट : अस्पताल व्यवस्था में मेडिकल सोशल वर्क में विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के कुल 23 छात्रों को ब्लॉक प्लेसमेंट प्रशिक्षण दिया गया।

2. सोशल वर्क ट्रैनिंग-कंकरेंट फिल्ड वर्क : दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क (डीएसएसडब्ल्यू) के 2 छात्र, बी.आर. अंबेडकर कॉलेज, दिल्ली के 2 छात्र एवं अदिति कॉलेज, दिल्ली के 2 छात्रों ने अपने एक साल का कंकरेंट फिल्ड वर्क को पूर्ण किया।

3. समाज कार्य अभिविन्यास सत्र : श्री बी.आर. शेखर, (मुख्य एमएसएसओ), श्री पंकज कुमार (पर्यवेक्षक एमएसएसओ) एवं श्री विवेक कुमार सिंह (एमएसएसओ) ने समाज कार्य छात्रों के

समूहों को उनके संकाय सदस्यों के साथ 'मेडिकल सोशल सर्विसिस इन हॉस्पिटल सेटिंग' पर 6 अभिविन्यास सत्र दिया।

अ.भा.आ.सं. में सेमिनार/कार्यशाला/सम्मेलन में भाग लिया

1. भारत में एसोसिशन ऑफ ब्रेस्ट सर्जन्स का 7वां वार्षिक सम्मेलन, 10 नवंबर 2018, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, सहभागी: श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएओ ने कैंसर रोगियों के लिए ए बी-पी एमजेएवाई (आयुष्मान भारत) एवं अन्य सरकारी योजनाओं पर सत्र प्रदान किया।

अ.भा.आ.सं. के बाहर सेमिनार/कार्यशाला/सम्मेलन/संगोष्ठी में भाग लिया।

1. स्वास्थ्य सामाजिक कार्य पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण: थ्योरिस, इंटरवेशन्स एंड मॉडल्स, 12-13 फरवरी 2019, राजगिरी कॉलेज ऑफ सोशल सांइसिस, कलामस्सेरी, केरल, सहभागी: श्री आफताब आलाम शाह, एमएसएसओ एवं सुश्री कीर्ति आर्य, एमएसएसओ।
2. 6वां इंडियन सोशल वर्क कांग्रेस, 1-3 नवम्बर 2018, दिल्ली विश्वविद्यालय, सहभागी: श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ एवं सुश्री कीर्ति आर्य, एमएसएसओ।
3. नॉनवाइलेंट कम्यूनिकेशन (एनवीसी), 7-17 अक्टूबर 2018, रूहपोल्डिंग, जर्मनी, सहभागी: श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ।
4. 'जी आई डिस्आर्डर्स एंड ट्रांसप्लांट-मेडिकल सोशल वर्क पर्सपेक्टिव एंड चैलेंजिस' पर एआईएएमएसडब्ल्यूपी का 6वां राष्ट्रीय सम्मलेन, 4-5 जनवरी 2019, जेआईपीएमईआर, पांडुचेरी, सहभागी: श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ/सुश्री गुरमीत कौर, पर्यवेक्षक एमएसएसओ/श्री आफताब आलम शाह, एमएसएसओ/श्री अभिषेक राजपूत, एमएसएसओ।
5. अंत:सांस्कृतिक सामाजिक कार्य पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 29-30 नवंबर 2018, मणिपाल, सहभागी: सुश्री नीरजा सपड़ा, एमएसएसओ एवं सुश्री लीमा माइती, एमएसएसओ।
6. आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई पर अभिविन्यास एवं प्रशिक्षण, 11 सितंबर 2018, राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी, नई दिल्ली, सहभागी: श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ एवं मो. शाहिद, एमएसएसओ।
7. यूथ डिवेलपमेंट-ए हॉलिस्टिक एप्रोच पर राष्ट्रीय सेमिनार, 12 अक्टूबर 2018, उदयपुर स्कूल ऑफ सोशल वर्क, राजस्थान, सहभागी: श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ एवं श्री पंकज कुमार, पर्यवेक्षक एमएसएसओ।

चिकित्सा समाज कल्याण एकक द्वारा रोगी उपचार सेवाएं

1. *मनो-सामाजिक एवं आर्थिक मूल्यांकन एवं सामाजिक निदान* : एमएसएसओ गरीब रोगियों के मनो-सामाजिक एवं आर्थिक मूल्यांकन के द्वारा उनके लिए विभिन्न योजनाओं से लाभ

प्राप्त करने में मदद करते हैं।

2. *नि:शुल्क दवाइयां एवं शल्यक वस्तुओं की सुविधा* : एमएसएसओ के पास मुख्य एमएसएसओ की सिफारिश के साथ सामाजिक-आर्थिक समीक्षा हेतु विभिन्न बार्डो से परामर्श प्राप्त होता हैं जिससे गरीब/निर्धन रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां/शल्यक वस्तुएं प्राप्त करने में मदद मिलती है।
3. इसके साथ ही ओपीडी में फालो-अप प्राप्त कर रहे, गरीब/निर्धन रोगी, नि:शुल्क दवाइयों/शल्यक वस्तुओं के लिए एमएसएसओ से मदद प्राप्त करते हैं।
4. *बीपीएल रोगियों एवं निर्धन रोगियों के अस्पताल लेवी प्रभारों में छूट* : रोगियों के सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन के आधार पर मुख्य एमएसएसओ की सिफारिश के पश्चात एमएसएसओ विभिन्न अस्पताल जांच एवं भर्ती शुल्कों में छूट प्रदान करता है।
5. *ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के रोगियों के लिए उपलब्ध सेवाओं को सुगम बनाना*: माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार वह सभी व्यक्ति जिनकी पारिवारिक आय रु.1 लाख या उससे कम है, को ईडब्ल्यूएस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है एवं वह दिल्ली में सरकार से रियायत दरों में अर्जित भूमि पर निर्मित 46 निजी अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा उपचार प्राप्त करने हेतु हकदार है।
6. *आरएएन (राष्ट्रीय आरोग्य निधि) के द्वारा वित्तीय सहायता को सुगम बनाना* :
   - आरएएन (राष्ट्रीय आरोग्य निधि) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक केंद्रीय रूप से प्रयोजित योजना है जो गंभीर जीवन घातक रोगों से ग्रसित गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लक्ष्य के साथ सन् 1997 में आरंभ हुई। श्री पंकज कुमार, पर्यवेक्षक एमएसएसओ द्वारा आर.ए.एन. केसों पर परामर्श दिया जाता है एवं उन्हें लिखित रूप में रखा जाता है तथा वह इन केसों को श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ के साथ अ.भा.आ.सं. आर.ए.एन. उप-समिति के पास प्रस्तुत करते हैं।
7. *वृक्क प्राधिकरण समिति का समन्वय एवं गैर-रिश्तेदार दाता का किडनी मूल्यांकन* : गैर-रिश्तेदार किडनी दाताओं के केसों को श्री बी.आर. शेखर, मुख्य एमएसएसओ/नोडल अधिकारी को वृक्क प्राधिकार हेतु रेफर किया जाता है। मुख्य एमएसएसओ, श्री अनिल जी माली, एमएसएसओ तथा श्री विवेक कुमार सिंह, एमएसएसओ दि ट्रांस्प्लांटेशन ऑफ ह्यूमन आर्गेन एक्ट (टीओएचए), 1994 के अनुसार वृक्क प्राधिकरण समिति (आरएसी) में केसों को प्रस्तुत करने के लिए उस पर परामर्श, समन्वय तथा लिखित रूप में दर्ज करते हैं।
8. *परामर्श सेवाएं* : रोगियों के अ.भा.आ.सं. में प्रवेश करने पर चिकित्सा समाज कल्याण

एकक उनके लिए प्रथम संपर्क बिंदू के रूप में कार्य कर रहा है। रोगी एवं उनके परिचर एमएसएसओ से न केवल बेसिक जानकारी प्राप्त करते हैं बल्कि अस्पताल में उनके ठहरने की पूरी अवधि के दौरान मनो-सामाजिक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं।

9. *चिकित्सा-विधिक केसों (एमएलसी) एवं गैर एमएलसी अज्ञात/उपेक्षित/निराश्रित/अनाथ रोगियों का समन्वय एवं पुनर्वास* : आपात एमएसएसओ अज्ञात, बिना परिचर, निराश्रित, अनाथ रोगियों को सरकार/एनजीओ के द्वारा पुनर्वास करने के लिए स्टेकहोल्डर के साथ समन्वित करता है।

10. *अ.भा.आ.सं. निर्धन निधि के द्वारा वित्तीय सहायता* : तत्काल जरूरत एवं आवश्यकता की स्थिति में गरीब/निर्धन रोगी अ.भा.आ.सं. निर्धन निधि से वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। एमएसएसओ सामाजिक आर्थिक मूल्यांकन करता है तथा मुख्य एमएसएसओ के द्वारा इस सुविधा को सुगम बनाते हैं।

11. *रेलवे रियायत सुविधा प्रदान करना* : चिकित्सा समाज कल्याण एकक रेलवे मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार कैंसर, एप्लास्टिक एनीमिया, टीबी, लैप्रोसी, थैलेसीमिया, किडनी प्रतिरोप, डायलेसिस में पीड़ित एवं गूंगे तथा बहरे रोगियों को रेलवे रियायत प्रदान करता है। इस सुविधा के परिणामस्वरूप रोगियों का अच्छा उपचार फॉलो-अप एवं अनुपालन होता है।

12. बाह्य रोगियों एवं उनके परिचरों को आवास सुविधाएं प्रदान करना।

13. *अनुसंधान एवं प्रशिक्षण* : संपूर्ण भारत वर्ष के विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस, बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू छात्रों को प्रशिक्षण देना एवं अनुसंधान अध्ययनों का संचालन एवं समायोजन करना।

14. *स्वास्थ्य सुधार एवं शैक्षिक गतिविधियां* : आईईसी सामग्री एवं स्वास्थ्य-कैंपों (अर्थात रक्त दान कैंप, एड्स जागरूकता कैंप, हेल्थ जागरूकता बैठकों) के द्वारा स्वास्थ्य-शिक्षा एवं स्वास्थ्य-जागरूकता का प्रचार करना।

15. योजना एवं प्रबंधन
    - रोगी कल्याण गतिविधियों को सुधारने तथा अधिक रोगी-अनुकूलन वातावरण का निर्माण करने के लिए अस्पताल प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के साथ समायोजन।
    - अंशकालिक सोशल गाइड के द्वारा मुख्य अस्पताल में विभिन्न जानकारी एवं मार्गदर्शन सेवाओं का प्रबंधन करना।

16. निधि-बढ़ोतरी एवं नेटवर्किंग : रोगी कल्याण के लिए विभिन्न कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) एककों, ट्रस्ट एवं दाताओं के साथ समायोजन एवं नेटवर्किंग

17. *आपात में आकस्मिक चिकित्सा समाज सेवा (चौबीस घंटे)* :

- रोगियों को शिफ्ट एवं उनका पुनर्वास करना, आपात में सहज कार्य-प्रवाह का निर्माण करने के साथ ही चौबीस घंटे सभी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना।
- असुविधाजनक समय के दौरान पूरे अस्पताल की चिकित्सा समाज सेवाओं को देखना।
- महामारी, आपदा एवं प्राकृतिक विपत्ति के समय रोगी उपचार का कुशलता से प्रबंध करने के लिए विशेष सेवाएं।
- एक स्थल केंद्र (ओएससी): लिंग आधारित हिंसा के पीड़ितों के लिए, समन्वय, परामर्श एवं पक्ष समर्थन।

7. uflZx egkfo|ky;

i/kkukpk;kZ

डॉ. मंजू वत्स

izk/;kid

डॉ. संध्या गुप्ता	डॉ. दीपिका सी. खाखा	डॉ. कमलेश के. शर्मा
डॉ. शशि मवार	डॉ. पूनम जोशी	डॉ. एल.गोपीचंद्रन
सुश्री सिबी रिजु	सुश्री अदिति पी. सिन्हा	डॉ. प्रज्ञा पाठक
सुश्री उज्जवल दाहिया	सुश्री रिम्पल शर्मा	सुश्री सेसिला एम.एस.
श्रीमती मंजू	श्री अमित कुमार राजोरा	सुश्री वाई. सुरबाला देवी
	सुश्री लेविस मुरी	सुश्री मिलन तिरवा
सुश्री स्मिता दास	श्री अजेश कुमार टी.के.	

ofj"B uflZx 0;k[;krk

सुश्री गीता राजदान

uflZx 0;k[;krk

सुश्री किरण सिंह सिमक	सुश्री गायत्री बत्रा	सुश्री सुचेता
सुश्री बबीता साहू	डॉ. फिलोमिना थॉमस	सुश्री मीना अरा
डॉ. सीमा सचदेवा	सुश्री अनुभा डी. (अध्ययन अवकाश पर)	सुश्री नीलिमा राज
सुश्री नेमखोलम	श्री हंसाराम	सुश्री मोनिका सभरवाल

f'k{kk

इस शैक्षणिक वर्ष में निम्नलिखित छात्रों ने कॉलेज से स्नातक किया:

1. स्नातकपूर्व:
   - बी.एस.सी. (ऑनर्स) नर्सिंग: चार वर्षीय पाठ्यक्रम में 85 छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की।
   - बी.एस.सी. नर्सिंग (पोस्ट बेसिक): दो वर्षीय पाठ्यक्रम में 24 छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की।
2. स्नातकोत्तर:
   - एम.एस.सी. नर्सिंग: दो वर्षीय पाठ्यक्रम में 21 छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

नए छात्र

- इस शैक्षणिक वर्ष में 77 छात्रों ने बी.एस.सी. (आनर्स) नर्सिंग के प्रथम वर्ष तथा 25 छात्रों ने बी.एस.सी. नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया।
- इस वर्ष के एम.एस सी. नर्सिंग कार्यक्रम में 28 छात्रों ने निम्नलिखित विशेषज्ञताओं में प्रवेश लिया:
- ऑकोलॉजिकल नर्सिंग: 4
- नेफ्रोलॉजिकल नर्सिंग: 3
- क्रिटिकल केयर नर्सिंग: 4
- हृदय रोग विज्ञान / सी.टी.वी.एस. नर्सिंग: 5
- बाल चिकित्सा नर्सिंग: 5
- मनोरोग चिकित्सा नर्सिंग: 4
- न्यूरोसाइंस नर्सिंग: 3

नर्सिंग महाविद्यालय द्वारा निम्नलिखित सत्र आयोजित किए गए:

- भारत के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से आगंतुकों के तीन समूह
- 'सनेड्राइव चाउवेउ साउवे', मॉन्ट्रियल यूनिवर्सिटी, कनाड़ा के क्यूबेक में नर्सिंग प्रशिक्षण पर प्रस्तुतीकरण।
- स्किल्स ई.लर्निंग टेलिमेडिसिन (एस.ई.टी.), एम्स, नई दिल्ली हेतु "इनसरशन ऑफ ओरो-गैसट्रिक (ओ.जी.) ट्यूब एण्ड फीडिंग थ्रू ओरो-गैस्ट्रिक ट्यूब इन निओनेट्स" के लिए विकसित मोड्यूल पर प्रस्तुतीकरण।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशालाएं / संगोष्ठी / राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

1. एम्स, नई दिल्ली द्वारा नर्सिंग अधिकारियों के लिए 29 अक्टूबर 2018 को 'पेडिएट्रिक क्रिटिकल केयर नर्सिंग', विषय पर अपडेट।
2. एम्स, नई दिल्ली द्वारा नर्सिंग अधिकारियों के लिए 15 फरवरी 2019 को 'वर्किंग टूवार्ड्स एक्सीलेंस,' विषय पर कार्यशाला।
3. एम्स, नई दिल्ली द्वारा नर्सिंग अधिकारियों के लिए 22 फरवरी 2019 को 'पैलिएटिव केयर: ए प्रोमिस ऑफ क्वालिटी लाइफ' विषय पर कार्यशाला।
4. एम्स, नई दिल्ली के नर्सिंग अधिकारियों के लिए 14 से 15 मार्च 2019 तक 'नर्सिंग एण्ड हेल्थ केयर इन्नोवेशन्स: शेयरिंग द लर्निंग,' विषय पर अपडेट।

प्रदत्त व्याख्यान

मंजू वत्स: 12 **दीपिका सी. खाखा: 23** **कमलेश शर्मा: 6**
शशि मवार: 4 **पूनम जोशी: 7** **एल. गोपीचंद्रन: 8**
वाई सुरबाला देवी: 1 **मिलन तिरवा: 11**

प्रस्तुत किए गए मौखिक पेपर / पोस्टर : 12

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. नर्सों का बी.सी.एल.एस. एवं सी.सी.एल.एस. सम्बधी ज्ञान व कौशल का मूल्यांकन करने और वास्तविक समय आकलन पर प्रशिक्षण का प्रभाव तथा एक तृतीयक स्तर पर देखभाल की सुविधा में इसके परिणाम सम्बधी अध्ययन, स्मिता दास, एम्स, 3 वर्ष, 2017-2020, 3.2 लाख रुपए।
2. नर्स के नेतृत्व में होने वाले संरचनात्मक टेलीफोन हृदयघात उपचार कार्यक्रम की प्रभावकता- एक आर.सी.टी., एल. गोपीचंद्रन, एम्स, 2 वर्ष, 2017-2019, 2 लाख रुपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. एम्स, नई दिल्ली में पार्किन्सन बीमारी से ग्रसित रोगियों में मसक्यूलोस्कैलेटल पीड़ा, अवसाद तथा जीवन गुणवत्ता के मूल्यांकन सम्बन्धी रोगी नियंत्रण अध्ययन।
2. एन.डी.डी.टी.सी., गाजियाबाद में, ओपियोइड डिपेंडेन्सी सिन्ड्रोम से ग्रसित रोगियों तथा उनकी देखभाल करने वालों की इन्द्रीय-गोचर आवश्यकताओं पर सामाजिक सहयोग सम्बन्धी एक तुलनात्मक अध्ययन।
3. सॉलिटरी फंक्शनिंग किडनी वाले बालकों में गुर्दा सम्बन्धी दुष्क्रिया की व्यापकता के मूल्यांकन सम्बन्धी एक प्रतिनिधिक अंशीय अध्ययन।
4. एक शैक्षिक पुस्तिका बनाने हेतु एम्स अस्पताल, दिल्ली में सी.के.डी. रोगियों का उपचार करने तथा सम्बन्धित ज्ञान के मूल्यांकन हेतु विवरणात्मक क्रॉस सेक्शनल अध्ययन।

5. एम्स, नई दिल्ली में नर्सों में अंग एवं ऊतक दान संबंधी ज्ञान, व्यवहार और प्रैक्टिस तथा उनका प्रतिरोपण संयोजक (ट्रांसप्लांट कोर्डिनेटर) के रूप में कार्य करने के प्रति प्रैक्टिस तथा मनोवृत्ति की संभावना संबंधी अध्ययन।
6. नई दिल्ली के एक तृतीयक स्तर पर देखभाल करने वाले चयनित अस्पताल में गुर्दा प्रतिरोपण प्राप्तकर्त्ताओं में स्वयं देखभाल सम्बन्धी व्यवहार, मनोवैज्ञानिक लक्षण एवं जीवन की गुणवत्ता पर नर्स के नेतृत्व में हस्तक्षेप की सार्थकता सम्बन्धी अध्ययन।
7. सिस्टिक फिब्रोसिस के रोगियों के लिए एक सूचनात्मक पैम्फलेट बनाने हेतु इन रोगियों में अवसाद, सामना करने की नीति तथा उपचार से जुड़ाव के आकलन सम्बन्धी अध्ययन।
8. एम्स, नई दिल्ली में हृद्य सर्जरी करवा रहे बालकों की प्राथमिक देखभाल करने वालों में बालकों के प्रतिरक्षण एवं प्रतिरक्षा स्तर सम्बन्धी ज्ञान पर शैक्षिक हस्तक्षेप की प्रभावकता के आंकलन सम्बन्धी अध्ययन।
9. जे.पी.एन.ए. ट्रामा केन्द्र, एम्स में स्पाईनल कोर्ड की चोट के रोगियों की देखभाल करने वालों के ज्ञान तथा व्यवहार पर शैक्षिक पैकेज की प्रभावकता के आंकलन संबंधी अध्ययन।
10. हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसव-पश्चात् माताओं को आवश्यक नवजात सुरक्षा का ज्ञान तथा व्यवहार और घरेलू नवजात सुरक्षा के प्रति प्राधिकृत सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के सामर्थ्य के मूल्यांकन संबंधी अध्ययन।
11. एक सूचनात्मक पुस्तिका बनाने हेतु दीर्धकालिक/स्थायी ट्रैकियोटॉमी के रोगियों में मनोसामाजिक, शारीरिक समस्या तथा सामना करने की नीति के आकलन सम्बन्धी अध्ययन।
12. घर में आक्रामक रोगियों को नियंत्रित करने हेतु ज्ञान पर सुरक्षा प्रदत प्रशिक्षण कार्यक्रम की सार्थकता के आकलन सम्बन्धी अध्ययन।
13. एक तृतीयक स्तरीय सुविधा अस्पताल, नई दिल्ली, भारत में न्यूरोसर्जिकल के ऑपरेशन उपरान्त के रोगियों अथवा सुविधादाताओं हेतु घरेलू स्वास्थ्य सुविधा व्यवहार पर आधारित तथा नर्स द्वारा संचालित मोबाईल एप्लीकेशन की प्रभावकता के आकलन सम्बन्धी अध्ययन।
14. डॉ.बी.आर.ए.आई.आर.सी.एच., एम्स, नई दिल्ली में पीड़ा निदानशाला में आ रहे रोगियों में एनेल्जेसिक और इसके अनुपालन के ज्ञान सम्बन्धी रोगी शिक्षण कार्यक्रम की प्रभावकता के आकलन पर अध्ययन।
15. आई.सी.यू., एम्स, नई दिल्ली में भर्ती अचेतन रोगियों के परिवार के सदस्यों से क्लीनिकल मापदंडों पर ढांचागत बातचीत की सार्थकता के आकलन संबंधी अध्ययन।
16. एम्स अस्पताल, नई दिल्ली की गंभीर उपचार यूनिट में भर्ती रोगी में संवेदी बोधात्मक परिवर्तन के सहयोगी कारकों के आकलन पर अध्ययन।
17. स्वप्रबंधन पर एक सूचनात्मक प्रस्तिका बनाने हेतु किमोथेरेपी प्रेरित पेरिफेरल न्यूरोपेथी से जुड़े हुए रोगियों में प्रभाव, जोखिम तत्व तथा जीवन गुणवत्ता के आकलन का अध्ययन।
18. एम्स कैंपस में रहने वाले एम्स के कर्मचारी (साधारण जन) के सम्बन्धियों में भारतीय पुनरूज्जीवन परिषद् के दिशानिर्देशों के अनुसार कंप्रेशन ऑनली लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण संबंधी ज्ञान तथा प्रभावकता के आकलन पर अध्ययन।
19. बाल चिकित्सा ओ.पी.डी. में उपस्थित अस्थमा रोगी के खाने सम्बन्धी ट्रिगर के ज्ञान तथा व्यवहार के आकलन का अध्ययन।
20. एक सूचनात्मक पुस्तिका निर्माण हेतु एम्स, नई दिल्ली में जा रहे पैरिटोनियल डायलिसिस के रोगियों में पैरिटोनियल डायलिसिस सम्बन्धी घरेलू देखभाल तथा जीवन की गुणवत्ता के प्रति ज्ञान के आकलन का अध्ययन।
21. प्रोटोकॉल निर्माण हेतु एम्स, नई दिल्ली के हृदय रोग विभाग में कार्यरत नर्सों में पोस्ट परक्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन (पी.सी.आई.) उपचार संबंधी ज्ञान तथा व्यवहार के आकलन पर अध्ययन।
22. एम्स, नई दिल्ली में मेन्टिनेन्स हीमोडाईलिसिस के रोगियों में तरल की प्रचुरता व नींद की गुणवत्ता के बीच सम्बन्ध के आकलन पर अध्ययन।
23. हृदय रोग विज्ञान एकक, एम्स, नई दिल्ली में भर्ती हृदयघात के रोगियों में प्यास की प्रबलता एवं प्यास संबंधी कष्ट तथा इसके उपचार के आकलन संबंधी अध्ययन।

24. एन.डी.डी.टी.सी., गाजियाबाद में एस.यू.डी.-ड्यूल निदान वाले रोगियों तथा उनके पारिवारिक सुविधाप्रदाताओं का इस रोग से सम्बन्धित निदान तथा उपचार के प्रति नजरिये की तुलना तथा चिकित्सीय जुड़ाव से इसके सम्बन्ध जानने हेतु अध्ययन।
25. एम्स, नई दिल्ली में कार्यरत सुरक्षा कर्मचारी में स्क्रीनिंग द्वारा मुंह के कैंसर का जोखिम तत्व तथा इसकी व्यापकता जांचने संबंधी अध्ययन।
26. एक तृतीयक स्तर के अस्पताल में कैंसर के रोगियों में वित्तीय सहायता तथा संसाधनों के इस्तेमाल के प्रति जागरूकता, उपयोग तथा निर्धारक तत्व।
27. नर्सों में अंगदान ई-लर्निंग मॉड्यूल की प्रभावकता।
28. गंभीर मानसिक बीमारियों के उपचार के मार्ग: एम्स, नई दिल्ली के मनोविज्ञान विभाग में मनोविकृति-सम्बन्धी उपचार करा रहे रोगियों पर एक पूर्वप्रभावी अध्ययन।
29. चयनित नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग के विद्यार्थियों में नवजात शिशुओं को पर्याप्त ऑक्सीजन देने में ज्ञान, कौशल अर्जन, और स्व-सूचित आत्म-विश्वास हेतु कार्य प्रशिक्षण विधि से इतर परिस्थिति आधारित सतत् अनुकरण अध्ययन की प्रभावकता के आकलन हेतु एक यादृच्छित नियंत्रण परीक्षण।
30. नर्सिंग में व्यावसायिकता की अवधारणा, इसके सहसम्बद्ध और नर्सिंग शिक्षा के लिए व्यवसायिकता पर पाठ्यक्रम का मॉड्ल ढांचा तैयार करने सम्बन्धी।
31. एक मैकेनिकल दबाव यन्त्र द्वारा फिमोरल आवरण निष्कासन स्थल पर डाले गए दबाव को मापने हेतु पीज़ोइलैक्ट्रिक दबाव सेंसर का प्रयोग तथा एक तृतीयक स्तरीय अस्पताल में ट्रासंफिमोरल कोरोनरी हस्तक्षेप के रोगियों में इसके प्रयोग से होने वाली असुविधा की तीव्रता तथा प्रयोग उपरान्त समस्याओं से इसका सम्बन्ध।

पूर्ण

1. एम्स, नई दिल्ली, भारत में कीमोथेरिपी करा रहे बालकों के लिए मुख स्वास्थ्य पर एक सूचनात्मक पुस्तिका निर्माण हेतु कीमोथेरेपी करा रहे बालकों में मुख स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की व्यापकता तथा उनके सुविधाप्रदाताओं के ज्ञान के मूल्यांकन पर एक अध्ययन।
2. जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बालकों के अभिभावकों तथा रूमेटी हृदयरोग से पीड़ित बालकों के अभिभावकों की जीवन गुणवत्ता पर एक तुलनात्मक अध्ययन।
3. डॉ. बी.आर.ए. आई.आर.सी.एच., एम्स के पेन एवं पैलिएटिव केयर क्लीनिक में दर्द कम करने वाला उपचार ले रहे कैंसर के रोगियों में एनेल्जेसिक्स के प्रति जुड़ाव एवं इसके निर्धारकों के विचलन के आकलन हेतु एक विवरणात्मक अध्ययन।
4. एम्स, नई दिल्ली में कार्यरत क्रिटिकल केयर की नर्सों में पैलिएटिव तथा जीवन के अंतिम क्षणों में सेवा के प्रति ज्ञान, स्वभाव, व्याहावार, कथित अवरोध तथा सहयोग के आंकलन पर एक विवरणात्मक अध्ययन।
5. एम्स, नई दिल्ली में एक सूचनात्मक पुस्तिका निर्माण हेतु जे.पी.एन.ए. ट्रामा केंद्र में न्यूरोसर्जरी ओ.पी.डी. जा रहे मस्तिष्किय चोट के उपचार के उपरान्त के रोगियों की संज्ञानात्मक क्रियाशीलता तथा जीवन गुणवत्ता के आंकलन हेतु एक विवरणात्मक अध्ययन।
6. एम्स, नई दिल्ली में तीव्र ल्यूकीमिया से ग्रसित बालकों में कीमोथैरिपी के दौरान संक्रमण की रोकथाम से सम्बन्धित सुविधाप्रदाताओं में वीडियो आधारित शिक्षा के ज्ञान के प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
7. एम्स, नई दिल्ली की आपातकालीन ईकाई में कार्यरत नर्सों के सक्रियता विश्लेषण पर एक अध्ययन।
8. एक सूचनात्मक पुस्तिका निर्माण हेतु, डॉ. बी.आर.ए.आई.आर.सी.एच., एम्स, नई दिल्ली में हिमैटोलोजिकल कैंसर से पीड़ित रोगियों के परिवार वालों में हिमैटोपोयटिक मूल कोशिका दान के प्रति ज्ञान तथा व्यवहार के आकलन पर अध्ययन।
9. दिल्ली-एन.सी.आर. में एकल अभिभावकीय अनुभव रखने वाली महिलाओं में अभिभावकीय तनाव व मानसिक स्वास्थ्य के आकलन पर अध्ययन।

10. हृदय रोग विभाग, एम्स, नई दिल्ली में नर्सों के ज्ञान तथा रोगी देखभाल के परिणामों पर एक संरचनात्मक हृदयघात निदान माध्यम की सार्थकता के आकलन पर एक अध्ययन।
11. एम्स, नई दिल्ली में उच्च रक्तदाब तथा / अथवा मधुमेह के रोगियों में दीर्घकालिक गुर्दा रोग के ज्ञान से सम्बन्धित शिक्षण पुस्तिका की प्रभावकता के आकलन हेतु अध्ययन।
12. दिल्ली के चयनित कॉलेजों के विद्यार्थियों (18 से 25 वर्ष) का बालकों में रक्तसंबद्धता के कारण होने वाले जन्मजात हृदय दोष के प्रति ज्ञान तथा व्यवहार पर संरचनात्मक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम की प्रभावकता के आकलन हेतु एक अध्ययन।
13. एम्स, नई दिल्ली में यान्त्रिक वाल्व प्रतिरोपण करा रहे रोगियों में स्कंदन विरोधी तथा आई.एन.आर. नियंत्रण के प्रति ज्ञान पर संरचनात्मक रोगी शिक्षा कार्यक्रम की प्रभावकता के आकलन सम्बन्धी अध्ययन।
आचार्य वी श्रीनिवास राष्ट्रीय कैंसर निवारण एवं अनुसंधान संस्थान, आईसीएमआर की वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी) के सदस्य थे; सदस्य, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों प्रोत्साहित करने के लिए मूल्यांकन बोर्ड; तंत्रिकाविज्ञान, मानव स्वास्थ्य पर नॉन–आयोजिंग ईएमएफ, निद्रा विकारों पर अध्ययन एवं परम्परागत दवाइयों, पोलीसिस्टिक अण्डाशय रोग, पुरूष गर्भ निरोधक आरआईएसयूजी परीक्षण सहित डीएम पर आईसीएमआर टास्क फोर्स कमेटी के सदस्य; विभिन्न पद, आईसीएमआर के लिए चयन समितियों एवं स्क्रीनिंग समितियों के सदस्य तथा तंत्रिकाविज्ञान, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, भारत की परियोजना समीक्षा समितियों के सदस्य। वह इंडियन जर्नल ऑफ डर्माटोलॉजी एंड वेनरियल डिसीज (आईजेडीवीएल) हेतु सांख्यिकीय परामर्शदाता हैं; जर्नल ऑफ क्लिनिकल ओंकोलॉजी (अमेरिकन सोसाइटी फॉर क्लिनिकल ओंकोलॉजी) पेडियाट्रिक्स (अमेरिकन एकेडमी ऑफ पेडियाट्रिक्स), इंडियन जर्नल ऑफ डर्माटोलॉजी, रतिजरोग एवं लैप्रोलॉजी एवं इंडियन पेडियाट्रिक्स हेतु जैवसांख्यिकी समीक्षक तथा जर्नल ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ चाइल्ड एंड एडल्ट मेंटल हेल्थ (जेआईएसीएएम) हेतु परामर्शदाता एवं अनुसंधान प्रस्तावों की समीक्षा करने के लिए विशेषज्ञ, मेडीकल रीसर्च कॉन्सिल, यू.के.। वह संस्थान एथिक्स समिति, अ.भा.आ.सं. के सदस्य एवं वह मद्रास विश्वविद्यालय, चैन्नई एवं मनोनमनी सुंदरनर विश्वविद्यालय तिरूनलवेली हेतु पीएचडी सांख्यिकी समीक्षक भी रहे।

डॉ. मारूफ ए खान सह–संपादक (2015–2018) रहे, जर्नल ऑफ स्टेटिसटिक्स एंड मैथमेटिक्स, यूएसए; संपादकीय बोर्ड सदस्य (जैवसांख्यिकी), इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइंटिफिक रिपोटर्स; इंडियन जर्नल ऑफ मेडीकल रीसर्च, इंडिया के वैज्ञानिक समीक्षक; स्टेटिसटिक्स, आप्टीमाइजेशन एंड कंप्यूटिंग, एक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका, यू.एस.ए. के वैज्ञानिक समीक्षक; जर्नल ऑफ ओबेसिटी, यू.के. के वैज्ञानिक समीक्षक तथा जर्ननल ऑफ बायोमेडीकल रीसर्च, यू.के. के वैज्ञानिक समीक्षक।

9-7 t\o Ák|kfxdh

आचार्य एवं अध्यक्ष

जया एस. त्यागी

सह-आचार्य

अनुश्री गुप्ता

सहायक आचार्य

रुपेश कुमार श्रीवास्तव
भूपेंद्र कुमार वर्मा
विक्रम सैनी
सिरिश कुमार इप्पागुंटा
सुमित राठौर
उपासना बेदी चनाना (संविदा)
चंचल कुमार (संविदा)

वैज्ञानिक

श्राबनी सौगंधिका

विशिष्टताएं

1. विभाग द्वारा प्रति बैच 12-14 छात्रों हेतु मेडिकल जैव प्रौद्योगिकी के विशेषज्ञता पाठ्यक्रम प्रवेश के साथ जैव-प्रौद्योगिकी में एक उत्तम मानक का स्नातकोत्तर पाठयक्रम चलाया जाता है। विभाग में एक पी.एच.डी. कार्यक्रम भी चलाया जाता है। एम.एस.सी. एवं पी.एच.डी. छात्रों की कुल संख्या लगभग 35 है।
2. विभाग संकाय ने लगभग 10 पोस्ट डॉक्टरल वैज्ञानिकों का शोध निर्देशन किया है।
3. जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने भारत की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों के ग्रीष्म कालीन शोध छात्रवृति कार्यक्रमों में सहायता प्रदान की है।
4. विभाग में 6 वरिष्ठ निदर्शक (डॉ. साक्षी ढींगरा, डॉ. कृति सीकरी, डॉ. प्रिया कालरा, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. प्रियंका दुग्गल तथा डॉ. चमन सैनी) हैं जो शिक्षण एवं शोध क्रियाओं में भागीदारी रखते हैं।
5. सरकारी वित्त पोषण एजेंसियों से विभागीय संकाय को बड़ी संख्या में बाह्य अनुसंधान अनुदान प्राप्त हुए हैं।
6. संकाय एवं छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थाओं की संगोष्ठियों में अपने शोध कार्य की प्रस्तुति की है।
7. संकाय एवं छात्रों ने जैव-प्रौद्योगिकी में अपने उत्कृष्ट योगदान देने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक संगठनों से राष्ट्रीय स्तर के सम्मान/पुरस्कार प्राप्त किए हैं।
8. संकाय ने भारत सरकार के विभिन्न संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों की सभी वैज्ञानिक समितियों में विशेषज्ञ के रूप में सेवा की।
9. संकाय ने सहकर्मी द्वारा समीक्षा किए गए शोध आलेखों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित किया।

10. संकाय ने टी.बी. के उपचार की तकनीकों एवं टी.बी. के उपचार की विकसित किटों के लिए पेटेंट फाईल किया।
11. विभाग ने विभिन्न पृष्ठभूमियों के छात्रों की आवश्यकताओं तथा उनके शिक्षण को समर्थन देने के लिए छात्र परामर्श एवं रोजगार जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है।

शिक्षा

स्नातकोतर शिक्षण

1. विभाग द्वारा एम. बायोटेक डिग्री के लिए चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी पर बल देने के साथ बायोटेक्नोलॉजी में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कोर्स चलाया गया है। अध्यापन कार्यक्रम में 16 विषय शामिल हैं जिनमें कोशिका एवं विकासात्मक जीव विज्ञान, मानवीय जैव रसायन, चिकित्सा, सूक्ष्म जीव विज्ञान, प्रतिरोग-विज्ञान एवं प्रतिरोग प्रौद्योगिकी, आण्विक जीव विज्ञान संक्रामक रोग जीव विज्ञान, आनुवंशिकी अभियांत्रिकी एवं जीनोम प्रौद्योगिकी, जैव भौतिकी (सिद्धांत, काय चिकित्सा में तकनीक एवं अनुप्रयोग), जैव सूचना विज्ञान, ओमिक्स (जीनोमिक्स, ट्रांस क्रिप्टोमिक्स, प्रोटियोमिक्स एवं मेटा बोलोमिक्स), जैव सांख्यिकी, प्रयोगशाला तकनीक में सेमिनार (सिद्धांत एवं इंस्ट्ररुमेंटेशन), चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी (पत्रिका समूह एवं संप्रेषण कौशल) आण्विक चिकित्सा एवं जैव प्रौद्योगिकी में सेमिनार तथा चिकित्सा शोध के सीमांत क्षेत्रों में लघु शोध प्रबंध है।
2. विभाग ने एम.जैव प्रौद्योगिकी के (2018-20) पाठ्यक्रम में तीन नए विषय शामिल किए गए हैं जिनके नाम हैं-संक्रमित रोग जीव विज्ञान, ओमिक्स: जीनोमिक्स, ट्रांसक्रिप्टोमिक्स, प्रोटियोमिक्स तथा चिकित्सीय सूक्ष्म जीव विज्ञान तथा संक्रमित रोग जीव विज्ञान में मेटाबोलोमिक्स एवं प्रयोगशाला-पाठ्यक्रम।
3. प्रायोगिक कक्षाओं में छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है और प्रशिक्षण में सहायता की जाती है।
4. एम्स संकाय के अलावा, जैव प्रौद्योगिकी, जैव सूचना विज्ञान, आण्विक चिकित्सा, जीनोमिक्स, प्रोटियोमिक्स इत्यादि विषयों पर, जे.एन.यू., आई.जी.आई.बी., आई.सी.जी.ई.बी., एन.आई.आई., आई.आई.टी., टी.एच.एस.टी.आई., आर.सी.बी., बी.सी. आई.एल., टेरी, जामिया हमदर्द तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से विभिन्न विशेषज्ञों को छात्रों के मार्गदर्शन के लिए आमंत्रित किया जाता है।
5. विभाग चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी में पी.एच.डी. कार्यक्रम भी चलाता है।
6. विभाग डी.एस.टी. इंस्पायर संकाय पुरस्कार, डी.बी.टी. और डी.एस.टी. राष्ट्रीय पोस्ट डॉक्ट्रल और युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त किए हुए युवा वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करता है।

सीएमई/प्रयोगशाला/सिंपोजियम/राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

1. फ्लो साइटोमीटरी पर दो दिवसीय कार्यशाला (आधारभूत, बहुरंगी फ्लो साइटोमीटरी, आंकडों का विश्लेषण तथा प्रस्तुति), 11-12 फरवरी, 2019, डॉ. रुपेश कुमार श्रीवास्तव, जैव प्रोद्यौगिकी विभाग, एम्स नई दिल्ली।
2. जैव प्रोद्यौगिकी में प्रथम रोजगार जागरूकता कार्यक्रम, 15 मार्च 2019, डॉ. विक्रम सैनी, जैवप्रोद्यौगिकी विभाग, एम्स नई दिल्ली।
3. जीव चिकित्सा अनुसंधान में मल्टी मोड रीड़र्स युक्त प्रतिबिम्बन क्षमताओं के अनुप्रयोग पर दो दिवसीय कार्यशाला, 25-26 मई 2018, डॉ.विक्रम सैनी, जैव प्रोद्यौगिकी विभाग, एम्स, नई दिल्ली।

प्रदत्त व्याख्यान

जया एस. त्यागी: 11	**अनुश्री गुप्ता: 1**	**रुपेश कुमार श्रीवास्तव: 3**
भूपेंद्र कुमार वर्मा:3	**विक्रम सैनी: 5**	**सिरीश कुमार इप्पागुंटा: 1**
सुमित राठौर: 1	**उपासना बेदी चनाना: 1**	**चंचल कुमार: 1**

मौखिक शोध पत्र/पोस्टर्स प्रस्तुति : 17

अनुसंधान

वित्त पोषित परियोजनाएं

जारी

1. जया एस. त्यागी, एमएससी चिकित्सा जैव प्रोद्यौगिकी शिक्षण कार्यक्रम, डीबीटी, जारी, 1986 से, 33.44 लाख रुपये (2018-19)
2. जया एस. त्यागी, प्रतिजीवी (एंटिबायोटिक्स) प्रतिरोधकता की चुनौती का सामना: पारंपरिक एटी ट्यूबटक्लोसिस ड्रग्स के डीईवीआर डोरमैन्सी विनियामक के साथ संयोजन:-एम ट्यूबरक्लोसिस क्लिरेंस में सुधार का उद्देश्य, डीबीटी, 3 वर्ष, 2018-2021, 47.30 लाख रुपये
3. जया एस. त्यागी, एप्टामेर आधारित ट्यूबरक्लोसिस उपचार टूलबॉक्स (सहसंयोजी परियोजना), डीबीटी, 3 वर्ष, 2018-2021, 16.52 लाख रुपये।
4. रुपेश कुमार श्रीवास्तव, ऑस्टियोपोरोसिस की प्रोबायोटिक्स मध्यस्थता निषेध में जीयूटी रेसीडेंट नियामक टी कोशिकाओं को शामिल करते हुए सेंलुलर तंत्र का उन्मूलन, डीएसटीएसईआरबी, 3 वर्ष, 2018-2021, 65 लाख रुपये।
5. रुपेश कुमार श्रीवास्तव, ओस्टियोपोरोसिस के प्रबंधन के लिए नवीन मशरुम पर आधारित सिंबायोटिक खाद्य प्रतिपूरक का विकास, एम्स, आई-आईटी, दिल्ली अंतर संस्थानगत सहसंयोजी अनुसंधान अनुदान, दो वर्ष, 2018-2020, 20 लाख रुपये।

6. रुपेश कुमार श्रीवास्तव, ओवीएक्स, चूहों में अस्थिक्षय के लेक्टोबेसिल्स रैम्नोसस मध्यस्थता रोकथाम में ट्रैग-टी एच 17 की भूमिका को अलग करना एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, 9.10 लाख रुपये।
7. भूपेंद्र कुमार वर्मा, डेंगू विषाणु से नवीन जीन विनियामक सर्किट का संबंद्ध: चिकित्सा शास्त्रीय संभावनाओं की खोज, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, 99 लाख रुपये
8. भूपेंद्र कुमार वर्मा, डीईएनवी रोग जनन में आरएनए विखंडन से उत्पन्न टीआरएनए की पहचान एवं क्रियात्मक लक्षणात्मकता, डीएसटी-एसईआरबी, 3 वर्ष, 2019-2022, 39.41 लाख रुपये
9. विक्रम सैनी, हरगोबिन्द खुराना इनोवेटिव यंग बायोटैक्नोलिजस्ट पुरस्कार (आईवाईबीए), डीबीटी, तीन वर्ष, 2019-2022, 59.06 लाख रुपये।
10. विक्रम सैनी, ट्यूबरक्लोसिस के उपचार में नवीन पद्धति के रूप में सेलेनियम अनुपूर्ण द्वारा होस्ट जैव ऊर्जा विज्ञान स्वास्थ्य एवं रेडॉक्स प्रक्रिया की रोकथाम, डीएसटीएसईआरबी, 3 वर्ष, 2019-2022, 52 लाख रुपये।
11. विक्रम सैनी, सेलेनियम अनुपूर्ण तथा माइक्रोबैक्टिरीयल संक्रमण, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, 10 लाख रुपये।
12. श्राबनी सौगंधिका, अधिक नमक युक्त आहार की पुरुष प्रजनन शक्ति में भूमिका का अध्ययन: अस्थि हार्मोन ऑस्टियोकेल्सिन की भूमिका, एम्स, 2 वर्ष, 2018-2020, 10 लाख रुपये।

पूर्ण

1. जया एस. त्यागी, टीबी के उपचार के लिए 'टीबी डिटेक्ट' एवं 'टीबी कांसन्ट्रैशन एवं ट्रांसपोर्ट' किट् तथा टीबी डीएनए एक्सट्रैक्शन टीबी एवं औषधि प्रतिरोधी किट् की बहु-केंद्रीय वैद्यता, आईसीएमआर, 9 महीने, 2018-2019, 13.34 लाख रुपये।
2. जया एस. त्यागी, टीबी संक्रमण में परपोषी रोग जनक प्रभाव की अंत-कोशिकीय गतिशीलता के निराकरण के लिए नेटवर्क कार्यक्रम, डीबीटी, 6 वर्ष, 2012-2018, 164.34 लाख रुपये।
3. जया एस. त्यागी, सामयिक आनुवंशिक जानकारी का स्थानांतरण, कंप्यूटेशनल मूल्यांकन और आनुवंशिक जानकारी के स्थानांतरण के बाद जीन साइलेंसिग का प्रयोग कर मरीज से सक्रिय अथवा निष्क्रिय प्रतिरुपी माइक्रोबैक्टीरियल टीबी के संबंध की पहचान करना तथा इसे रोकना, डीबीटी, 7.6 वर्ष, 2011-2018, 282.99 लाख रुपये।
4. विक्रम सैनी, एचआईवी के संक्रमण में गैस्ट्रोट्रांसमीटर्स की भूमिका। यूएबी सीएफएआर (एनआईएचयूएसए के वित्तीय सहायक के घटक के रूप में), एक वर्ष, 2017-2018, 35 लाख रुपये।

5. सुमित राठौर, मलेरिया परजीवी में आर्गेनेल डायनामिक्स को समझना-ऑटोफैगी की भूमिका, डीएसटी, 5 वर्ष, 2013-2018, 35 लाख रुपये।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. सक्रिय टीबी एवं गुप्त टीबी संक्रमण में चिकित्सीय प्रतिक्रिया युक्त संक्रमण तथा तुलना के विटामिन सी एक्स वीवो मॉडल में माइकोबैक्टिरीयम ट्यूबरक्लोसिस के लिए होस्ट प्रतिरूपी प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण।
2. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस की निकासी में सुधार के लिए एंटी डीईवीआर डोरमेंसी रेगुलेटर कंपाउड सहित परंपरागत एंटी ट्यूबरक्लोसिस औषधि का मिश्रण।
3. स्तन कैंसर में क्रोमेटिन रीमोडलर में एपिथेलियल से मेसनकिमल ट्रांजिशन की भूमिका का पता लगाना।
4. ट्यूबरक्लोसिस के तीव्र एवं सटीक नैदानिक निर्धारण का विकास एवं वैद्यता।
5. सूक्ष्म स्पलाइसोमल प्रोटीन की क्रियात्मक पहचान।
6. विटामिन सी के लिए माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस डोरमेंसी अनुकूलन के नियंत्रण में शामिल प्रतिरूपी विनियामक नेटवर्क के विषय में अंतर्दृष्टि।
7. विटामिन सी डोरमेंसी मॉडल में माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस का अन्त: कोशिकीय अनुकूलन।
8. विटामिन सी डॉर्मेसी मॉडल में माइकोबैक्टिरीयम टयुबरक्लोसिस का चयापचय अनुकूलन।
9. आरएनए को गूंथकर जोड़ने एवं स्थिरता में वाईबीएक्स प्रोटीन की भूमिका।
10. सूक्ष्मजीवी संक्रमण के दौरान अंत:कोशिकीय गैसों की भूमिका का निर्धारण करना।
11. अस्थिक्षय प्रभावित माइक्रोसिस्टिन-एलआर में टीएच 17-टीआरईजी सैल्स की भूमिका को अलग करना।
12. ओवीएक्स चूहे में प्रोबायोटिक लैक्टोबेसिल्स रॉमनोसस (एलआर) एवं टी सैल वंशावली के मध्य संबंध का अध्ययन करना।
13. टयुबरक्लोसिस संक्रमण में सूक्ष्म पोषकों की भूमिका का अध्ययन।
14. सैल इंफेक्शन मॉडल में माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस के लिए विटामिन सी नियंत्रित होस्ट प्रतिक्रिया: होस्ट निर्देशित चिकित्सा में संभावना।

पूर्ण

1. माइकोबैक्टीरियम इंडिकस, प्रैनी के प्युटेटिव एंटीजेन प्रोटीन की क्लोनिंग, अनुप्रयोग एवं शुद्धिकरण।
2. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस में डीईवीआर प्रतिक्रिया विनियामक की सक्रियता की क्रियाविधि को समझना।
3. स्तन कैंसर में मेसन कीमल ट्रांजिशन के लिए एपिथेलियल में क्रोमेटिनरी रिमोड्लर की भूमिका को समझना।

4. एमआरएनए स्पलाईसिंग में वाईबीएक्स-1 प्रोटीन की भूमिका एवं इसकी स्थिरता का पता लगाना।
5. ट्यूबरक्लोसिस मेनिनजाइटिस के निदान के लिए नवीन डीएनए एप्टामेर का विकास।
6. प्ल्युरल ट्यूबरक्लोसिस के निदान के लिए केयर एप्टासेंसर के नवीन बिंदुओं का विकास।
7. डीईवीआर रेगुलोन एक्सप्रेशन की मध्यस्थता करने वाले एक्सप्रेशन स्विच में शामिल फोसफेटेस-किनेस बैलेंस कार्यप्रणाली का स्पष्टीकरण।
8. जीनोम व्यापी डीईवीआर ट्रांसक्रिप्शन फैक्टर ओक्यूपैंसी के मूल्यांकन से डीईवीआर विनियामक नेटवर्क्स का वर्णन।
9. परिवर्तनकारी उग्रता के इंट्रासेल्यूलर माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस की सक्रियता का वर्णन।
10. माइनर स्पलाइजोमोल प्रोटीन का क्रियात्मक लाक्षणीकरण।
11. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस में डीईवीआर इंटरेक्टिंग प्रोटीन की पहचान।
12. एफडीए द्वारा स्वीकृत औषधियों में डीईवीआर के संभावित निरोधक की पहचान।
13. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस के जीएलसी (मैलेट सिंथेस) प्रोटीन के विरूद्ध एप्टामेरस की पहचान लाक्षणीकरण एवं उपयोगिता।
14. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस के एमपीटी 51 प्रोटीन के विरूद्ध एप्टामेरस की पहचान, लाक्षणीकरण एवं उपयोगिता।
15. माइक्रोबीयल इंफेक्शन के सूक्ष्म पोषण अनुपूर्ण का प्रभाव।
16. ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण से एक्जेनिक कल्चर एवं इंटरासेल्युलर मिलियु में माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस डोरमेंसी अनुकूलन दृष्टिकोण।
17. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस में विटामिन सी मीडिएटिड़ डोर्मेंसी अनुकूलन में यांत्रिक दृष्टिकोण।
18. विटामिन सी मॉडल में माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस का मेटाबोलिक अनुकूलन।
19. ट्यूबरक्लोसिस उपचार प्रतिक्रिया के लिए मूल्यांकन बायोमार्कर के रूप में एमआईआरएनए।
20. टीबी एवं औषधि, टीबी के उपचार के लिए 'टीबी डिटेक्ट' एवं 'टीबी कांसंट्रेशन एवं ट्रांसपोर्ट' किट तथा टीबी डीएनए एक्सट्रैक्शन किट की बहु केंद्रीय वैद्यता।
21. माइक्रोसिस्टिन प्रेरित अस्थिक्षय में टीएच-17 एवं टीआरईजी सैल्स की भूमिका को अलग करना।
22. प्लमनेरी ट्यूबरक्लोसिस के उपचार के लिए नवीन डीएनए एप्टामेटरस की उपयोगिता।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. एप्टामेर-बेस्ड ट्यूबरक्लोसिस उपचारक टूलबॉक्स (डीबीटी वित्त पोषित), टीएसएसटीआई, फरीदाबाद एवं पीजीआईएमईआर, चंडीगढ

2. ओस्टियो क्लॉस्टोजेनेसिस में टीएच-9 सैल की भूमिका, टीएचएसटीआई, फरीदाबाद
3. अस्थि स्वास्थ्य में बीपीए की भूमिका, दिल्ली विश्वविद्यालय
4. अस्थि सुषिरता (ऑस्टियोपोरोसिस) की रोकथाम के लिए नवीन मशरूम बेस्ड सिंबायोटिक खाद्य अनुपूरक का विकास
5. माइनर स्पलाइजोमोल प्रोटीन का क्रियात्मक लक्षणीकरण, टीएचएसटीआई, फरीदाबाद
6. आरएनए की स्पलाइसिंग एंड स्टेबिलिटी में वाईबीएक्स प्रोटीन की भूमिका, टीएचएसटीआई, फरीदाबाद
7. कैंसर स्टेम सैल्स मार्करस एवं विभिन्न स्तरीय एस्ट्रोसाइटोमोस में इसके प्रोटीन का चिकित्सीय महत्व
8. किनुरेनिन पाथवे द्वारा ट्राइप्टोफान मेटाबोलिज्म की खोज तथा केराटोकोन्स में उपचारी परिणाम एवं कोर्नियल ट्रांसप्लांटेशन कराने वाले फुच के एंडोथेलियल कोर्नियल डायस्ट्रोफी रोगियों के साथ ट्राइप्टोफान मेटाबोलिज्म के साथ सह संबंद्ध। आरपी सेंटर
9. घातक लिम्फोब्लाष्टिक ल्युकेमिया में माइटोकांड्रियल मोरफोलोजी तथा माइटोकांड्रियल बायोजेनेसिस के बीच संबंध, जैवरसायन

पूर्ण

1. ट्यूबरक्लोसिस उपचार के प्रभाव के लिए मूल्यांकन बायोमार्कर के रूप में एमआईआरएनए, आईसीजीईबी, नई दिल्ली एवं आईएनएसटीईएम, बंगलौर
2. टार्गेट लेटेन्ट ट्यूबरक्लोसिस संक्रमण के लिए माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस के मालेटसिंथेज के लिए अवरोध की पहचान।
3. सल्मोनेला टाईफी से गायरेस एएन- टर्मिनल डोमेन का ढांचागत अध्ययन।
4. पी 53 वाइल्ड-टाईप एवं म्युटैन्ट वाई 220 सी इन ह्युमन पी 53 नल सैल लाईन, का प्रक्रियात्मक अध्ययन, जैवभौतिकी।
5. अतिरिक्त पलेमोनरी ट्यूबरक्लोसिस के लिए एप्टामेर बेस्ड तीव्र उपचार आमाप का विकास, टीएचएसटीआई, फरीदाबाद
6. बैक्टीरियल सैलडिवीजन प्रोटीन एफटीएस जेड़ का इसके प्राकृतिक अवरोधकों के साथ बायोफिजिकल अध्ययन: एसयूएलए एवं एमआईएनसी, जैवभौतिकी
7. एसीनेटोबेक्टर बाओमन्नी से एमयूआरडी लिगेस का ढांचागत एवं बायोफिजीकल लाक्षणीकरण, जैवभौतिकी

प्रकाशन

पत्रिकाएं: 14

रोगी

1. एमटीबी एमपीटी 51 का एप्टामेर एवं उसके उपयोग। भारतीय पेटैंट आवेदन संख्या 201811023360

2. एमटीबीएमपीटी 51 का एप्टामेर एवं उसके उपयोग। भारतीय पेटेंट आवेदन संख्या पीसीटी/आईएन 2018/050581 (पीसीटी आवेदन)
3. ट्यूबरक्लोसिस एवं बैक्टीरिया के सुरक्षित ट्रांसपोर्ट के तीव्र उपचार के लिए आगे बढ़ाने के लिए उपकरण एवं पद्धति। भारतीय पेटेंट आवेदन संख्या 201811042155
4. ट्यूबरक्लोसिस मेनिनजाइटिस के तीव्र उपचार के लिए एप्टामेर बेस्ड इलैक्ट्रोकैमिकल बायोसेंसर। भारतीय पेटेंट आवेदन संख्या 201811042593

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण घटनाएं

आचार्या जया एस. त्यागी जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की ओर से जानकी अम्माल नैशनल वोमेन बायोसाइंटिस्ट अवार्ड (वरिष्ठ श्रेणी) 2017/18 पुरस्कार तथा बेसिक रिसर्च श्रेणी में वर्ष 2018, के एम्स एक्सीलेंस अवार्ड की प्रथम विजेता। सेंटर फोर बायोडिजाइन एंड डायग्नोस्टिक, ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, फरीदाबाद में मानद प्रोफेसर अध्येता, अध्येता, नैशनल एकेडमी ऑफ साईंसेज के अध्येता (भारत), इंडियन एकेडमी ऑफ साईंसेज, अध्येता, गुहा अनुसंधान सम्मेलन के सदस्य नैशनल एकेड़मी ऑफ साईंसेज (भारत) उपाध्यक्ष एवं परिषद सदस्य, पैनल ऑन साईंटिफिक वैल्युज के सदस्य, इंडियन एकेड़मी ऑफ साईंसेज के सदस्य, बैगलुरू के सदस्य, राष्ट्रीय क्षय रोग अनुसंधान संस्थान, चैन्नई की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य, ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रोद्यौगिकी संस्थान की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य, टीएचएसटीआई की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य, नैशनल सेंटर फॉर सैल साईंस, पुणे, गवर्निंग बॉडी के सदस्य, ट्यूबरक्लोसिस पर डीबीटी के विशेष समूह के सदस्य, फलैक्सीबल कोम्पलिमेंटिंग स्कीम के अतंर्गत आईसीएमआर वैज्ञानिकों की पदोन्नति के लिए आंकलन बोर्ड के (विशेषज्ञ) सदस्य, एचआरडी पर टास्क फोर्स के सदस्य, संक्रमित रोग जीव विज्ञान के लिए डीबीटी तकनीकी मूल्यांकन समिति के सदस्य अनुसंधान संस्थान के सदस्य, चैन्नई की वैज्ञानिक सलाहकार समिति, सदस्य, एनईआर के लिए चिकित्सा जैव प्रोद्यौगिकी-II में डीबीटी तकनीकी मूल्यांकन समिति के सदस्य, ट्यूबरक्लोसिस के लिए क्षेत्रीय प्रत्याशित पर्यवेक्षण अनुसंधान (आरईपीओआरटी) इंडो-यू.एस. संयुक्त समीक्षा बैठक के सदस्य, बारहवीं एनएएसआई स्कोपस यंग साईटिंस्टस अवार्ड की 'वोमेन इन साईंस' श्रेणी की चयनकर्ता समिति की प्रमुख पैनल सदस्य, एनएएसआई में स्कोप्स यंग साईंटिस्ट अवार्ड 2018 के मुख्य अतिथि, आईजीआईबी की संस्थानिक मानविकी आचार समिति के अध्यक्ष, जेएनयु जैवप्रौद्योगिकी स्कूल की विशेष समिति के सदस्य, पीजीआई चंडीगढ़, दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की पीएचडी/एमएससी परीक्षाओं के परीक्षक, एम्स की बौद्धिक संपदा प्रबंधन समिति के सदस्य, एम्स अक्षय निधि की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य, एम्स बाह्य अनुसंधान अनुदान की परियोजना समीक्षा समिति के सदस्य, एम्स की पीएचडी सुधार समिति के सदस्य, केन्द्रीय कोर अनुसंधान सुविधा एम्स प्रभारी आचार्य, एवं एम्स की प्रयोगशाला, बीसएल-3 एवं बीएसएल-2 के समन्वयक, दक्षिण एशियाई जैव प्रौद्योगिकी सम्मेलन, संक्रमित रोगों पर सत्त के अध्यक्ष, दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय, 15 मार्च 2019, नई दिल्ली, एनएएसआई महिला दिवस, उद्योग उपक्रम विकास

सत्र की अध्यक्ष, 9 मार्च 2019 को नैशनल एकेड़मी ऑफ साईंस, प्रयागराज में विज्ञान में महिलाएं एवं महिलाओं के लिए विज्ञान विषय पर विशेष कार्यक्रम।

डॉ. अनुश्री गुप्ता, आईआईएसईआर मोहाली की बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सदस्य हैं।

डॉ. रुपेश कुमार श्रीवास्तव को इंडियन सोसायटी फोर दा स्ट्डी ऑफ रिपरोडक्शन एंड फर्टिलिटी (आईएसएसआरएफ) भारत द्वारा प्रजनन स्वास्थ्य (पोस्ट मेनोपोजल ओस्टीयोपोरोसिस) के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2019 के प्रतिष्ठित "प्रोफेसर जी.पी. तलवार यंग साईंटिस्ट अवार्ड" से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में विज्ञान दिवस समारोह में एन.सी.आर.- यंग इमर्जिंग साईंटिस्ट (वाईईएस) संगोष्ठी में मौखिकी एवं पोस्टर मूल्यांकन में विशेष निर्णायक।

डॉ. विक्रम सैनी हरगोबिन्द खुराना इनोवेटिव यंग बायोटैक्नोलोजिस्ट अवार्ड (आईवाईबीए), जैव प्रोद्यौगिकी विभाग, भारत सरकार (2018) के प्राप्तिकर्ता, स्टेनले ब्राऊनी प्रयोगशाला, कुष्ठ रोग मिशन ट्रस्ट भारत, नई दिल्ली में अनुसंधान एवं कम्युनिटी प्रोगाम डेवलपमेन्ट के विशेषज्ञ एवं मूल्यांकनकर्ता, एम्स की सीसीआरएफ की बायोसेफ्टी लैब बीएसएल-2 एवं बीएसएल-3 प्रयोगशाला की उप समिति के सदस्य, केन्द्रीय पशु सुविधा, एम्स में तकनीकी समिति न्यूड माईस/ट्रांसजेनिक माईस डेवलपमेंट सुविधा के सदस्य, सूक्ष्म जीव विज्ञान में फ्रंटियर्स पत्रिका की समीक्षा संपादक, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय नई दिल्ली, भारत में संक्रमित रोगों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में मौखिकी एवं पोस्टर के मूल्यांकन के विशेष निर्णायक, राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, भारत में विज्ञान दिवस समारोह, दि एनसीआर- यंग इमर्जिंग साईटिस्ट संगोष्ठी में मौखिकी एवं पोस्टर मूल्यांकन के विशेष निर्णायक हैं।

अतिथि वैज्ञानिक

1. **डॉ. सत्या दांदेकर, पीएचडी:** आचार्य, सूक्ष्म जीव विज्ञान एवं रोग प्रतिरक्षा विज्ञान चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान एवं रोग प्रतिरक्षा विज्ञान विभाग, कायचिकित्सा स्कूल, कैलिर्फोनिया विश्वविद्यालय, सीए,यूएसए ने 3 जुलाई 2018 को विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों से वार्तालाप किया है।
2. **डॉ. गिरीश राचाकोंडा, पीएचडी:** अनुदेशक काय चिकित्सा स्कूल, मेहररी चिकित्सा कॉलेज, नेशविले, टीएनयूएसए ने 23 जुलाई 2018 को प्रोस्टेट कैंसर में एनआरएफ-2 की गिरावट से होने वाले उच्च स्तर के विकिरण रोजी मेटा स्टेटिक टयुमर पर व्याख्यान दिया।
3. **डॉ. अभिषेक जैन, पीएचडी:** सहायक आचार्य, जैव चिकित्सा अभियांत्रिकी, टेक्सास एएंडएम इंजिनीयरिंग कॉलेज, कॉलेज स्टेशन, टी एक्स, यूएसए ने 6 अगस्त 2018 को विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों से वार्तालाप की।
4. **डॉ. रोशन कुमार सिंह, पीएचडी:** मेसाचुसेट्स कायचिकित्या स्कूल विश्वविद्यालय, वोकैस्टर, यूएसए ने 11 अक्टूबर 2018 को एटीपी की डिपेंडेन्ट क्रोमेटिनरिमोडलिंग पर व्याख्यान दिया।
5. **डॉ. तरुण शर्मा, पीएचडी:** वैज्ञानिक, टीएचएसटीआई फरीदाबाद, ने 18 फरवरी 2019 को एप्टामर बेस्ड पांइट ऑफ केयर डायग्नोस्टिक प्लेटफार्म पर व्याख्यान दिया।

6. **डॉ. आन्दिता सिंह, पीएचडी:** सहायक आचार्य, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, टेरी, नई दिल्ली ने 25 फरवरी 2019 को खाद्य सुरक्षा एवं दीर्घ कालीन विकास के लिए जीएम क्रोप पर व्याख्यान दिया।
7. **डॉ. राहुल पाल पीएचडी:** वैज्ञानिक, एनआईआई, नई दिल्ली ने 26 फरवरी 2019 को प्रसार में अव्यवस्था: नवीन पथ एवं उद्देश्यों का विश्लेषण पर व्याख्यान दिया।
8. **डॉ. एस रायसुद्दीन, पीएचडी:** आचार्य, मध्यवर्ती तत्वविज्ञान एवं विष विज्ञान, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने 27 फरवरी 2019 को जैव प्रौद्योगिकी उत्पादों का मानवीय स्वास्थ्य संबंधों पर व्याख्यान दिया।
9. **डॉ. सागर सेनगुप्ता, पीएचडी:** वैज्ञानिक, एनआईआई, नई दिल्ली ने 28 फरवरी 2019 को कुंडिलिनी द्वारा जीनोमिक स्थिरता के रखरखाव की क्रियाविधि पर व्याख्यान दिया।
10. **डॉ. पूर्णिमा शर्मा, पीएचडी:** प्रबंधन निदेशक, बीसीआईएल, नई दिल्ली ने 1 मार्च 2019 को चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी में रोजगार के अवसर पर व्याख्यान दिया।
11. **डॉ. धीरज कुमार, पीएचडी:** समूह अध्यक्ष, कोशिकीय प्रतिरोग विज्ञान, आईसीजीईबी, नई दिल्ली ने 5 मार्च 2019 को माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस के लिए पर होस्ट इननेट प्रभाव पर आख्यान दिया।
12. **डॉ. के. नटराजन, पीएचडी:** आचार्य, जेएनयू, नई दिल्ली ने 7 मार्च 2019 को प्रमुख कवकीय पेथोजीन कैंडीडा एल्बीकांस में कैसे क्रोपेटिन एवं जीनोमिक लैंड स्केप जीन नियामक को नियंत्रित करते हैं?, पर व्याख्यान दिया।
13. **डॉ. के. नटराजन, पीएचडी:** आचार्य, एसीबीआर ने 8 मार्च 2019 को माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस द्वारा परपोषी रक्षाप्रतिक्रिया का नियंत्रण पर व्याख्यान दिया।
14. **डॉ. मंजुला कालिया, पीएचडी:** सहआचार्य, आरसीबी ने 8 मार्च 2019 को जापानी इंसेफ्लाइटिस विषाणु आण्विक जैवविज्ञान एवं पैथोजेनेसिस पर व्याख्यान दिया।
15. **डॉ. मनीदीपा बनर्जी, पीएचडी:** सह आचार्य, आईआईटी, नई दिल्ली, ने 14 मार्च 2019 को क्रायोइलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी: सिद्धांत एवं अनुप्रयोग पर व्याख्यान दिया।
16. **डॉ. शंकर भट्टाचार्य, पीएचडी:** वैज्ञानिक, टीएचएसटीआई ने 15 मार्च 2019 को डेंगू संक्रमण: रोकथाम करें अथवा उपचार करें पर व्याख्यान दिया।
17. **डॉ. विनय कुमार नंदीकूरी, पीएचडी:** वैज्ञानिक, एनआईआई, नई दिल्ली ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस में सेरीन/थ्रीयोनीन की भूमिका के विवरण पर व्याख्यान दिया।

1. डॉ. जया एस. त्यागी, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, के जानकी अम्माल नैशनल वोमन बायोसाईंटिस्ट अवार्ड, 2017/18 की प्राप्तिकर्ता।
2. डॉ. विक्रम सैनी, जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के हर गोबिन्द खोराना इनोवेटिव यंग बायोटेक्नोलोजिस्ट (आईवाईबीए) अवार्ड, 2018 के प्राप्तिकर्ता।

3. डॉ. रुपेश कुमार श्रीवास्तव वर्ष 2019 का इंडियन सोसायटी फॉर दा स्टडी ऑफ रिपरोडक्शन एवं फर्टिलिटी (आईएसएसआरएफ) भारत की तरफ से "प्रोफेसर जी.पी. तलवार यंग साईंटिस्ट अवार्ड" के प्राप्तकर्ता।
4. जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 15 मार्च 2019 को आयोजित प्रथम रोजगार जागरुकता कार्यक्रम।
5. 26 मार्च 2019 को एम्स, नई दिल्ली प्रथम वार्षिक अनुसंधान दिवस पर सुश्री लीना सप्रा को सर्वोत्तम पोस्टर के लिए प्रथम पुरस्कार मिला
6. एम्स ऋषिकेश में 2018 में प्रथम राष्ट्रीय जैव चिकित्सा अनुसंधान प्रतियोगिता में सुश्री विभा तनेजा ने पोस्टर के लिए यंग रिसर्चर अवार्ड-चिकित्सा विज्ञान श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया
7. एम्स गोट टैलेंट-2019 में जैव प्रौद्योगिकी के समूह (सुश्री किरण, श्रुति, तेज स्विनी, सुरभि एवं निकित्ता) ने प्रथम पुरस्कार (समूह गीत) प्राप्त किया।

9-8 lkeqnkf;d fpfdRlk dsUnz

आचार्य एवं अध्यक्ष

शशि कांत

आचार्य

संजीव कुमार गुप्ता — किरण गोस्वामी — आनंद कृष्णन

बेरीडेलाइन नोंग्कायरिह — पुनीत मिश्रा — संजय कुमार राय

अपर आचार्य

वाई.एस. कुसुमा कुमारी

सह-आचार्य

कपिल यादव — सुमित मल्होत्रा — अनिल कुमार गोस्वामी

सहायक आचार्य

पार्थ हल्दर — रवनीत कौर

हर्षल रमेश साल्वे — राकेश कुमार

विशिष्टताएं

सामुदायिक चिकित्सा केंद्र अपने शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रमों द्वारा समुदाय आधारित व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं के विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। नई दिल्ली में शहरी पुनर्वास कॉलोनी दक्षिण पुरी एक्सटेंशन स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से संचालित किए जाते हैं। हरियाणा के जिला फरीदाबाद में बल्लभगढ़ में स्थित व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा परियोजना (सी.आर.एच.एस.पी.) हरियाणा राज्य सरकार एवं अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली के मध्य एक सहयोगी परियोजना है। सी.आर.एच.एस.पी. बल्लभगढ़ का उद्देश्य ग्रामीण वातावरण में शिक्षा, अनुसंधान एवं रोगी की देखभाल जैसे क्षेत्रों में जन स्वास्थ्य में उत्कृष्टता हासिल करना है। इसमें एक उप-जिला अस्पताल (एस.डी.एच.) दयालपुर एवं छैनसा में दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पी.एच.सी.) एवं 12 उप-केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित करना शामिल है। सी.आर.एच.सी.पी. के गहन क्षेत्र अभ्यास क्षेत्र में 31 मार्च 2019 तक कुल 100,772 लोग सम्मिलित हैं।

राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसियों को सहायता

सामुदायिक चिकित्सा केंद्र (सी.सी.एम.) ने प्रशिक्षण, संसाधन सामग्रियों के विकास एवं क्षेत्र आधारित गतिविधियों सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को तकनीकी सहायता प्रदान करना जारी रखा है।

- सी.एम. को एनिमिया नियंत्रण पर नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड एडवांस्ड रीसर्च के रूप में पदनामित किया गया है।
- इसे सामुदाय-आधारित एनसीडी निवारण एवं नियंत्रण में क्षमता विकास एवं अनुसंधान हेतु डब्ल्यू.एच.ओ. के सहयोगी केंद्र के रूप में पुन: पदनामित किया गया है।

- विभाग ने भारत सरकार के मानव संसाधन विकास स्वास्थ्य अनुसंधान योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर ऑपरेशनल रीसर्च पर संकाय विकास का संचालन किया है।
- विभाग भारत, बंग्लादेश एवं श्रीलंका में आयोडीन अभाव विकारों के उन्मूलन के लिए नेतृत्व प्रदान करता है।
- सी.सी.एम. भारत सरकार के लिए एच.आई.वी. सेंटीनल निगरानी हेतु राष्ट्रीय संस्थान है। यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एच.आई.वी. सेंटीनल निगरानी हेतु क्षेत्रीय संस्थान है जो दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार झारखंड एवं उत्तराखंड राज्यों को सशक्त करता है।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा के सहयोग के साथ एक इनोवैशन एवं लर्निंग केंद्र स्थापित है।
- हरियाणा के महत्वाकांक्षी जिला मेवात में व्यापक प्रारंभिक स्वास्थ्य उपचार के कार्यान्वयन में सहायता करने के लिए नेशनल हेल्थ सिस्टमस रीसोर्स सेंटर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार।
- भारत में तीव्र श्वसन संक्रमणों एवं वाइरल संक्रमणों एवं वाइरल रोगाणुओं के जानपदिक रोग विज्ञान को स्पष्ट करने के लिए सी.डी.सी. एटलांटा के साथ विभाग की सहयोगी परियोजनाएं।
- आर.जी.आई. कार्यालय, गृह मंत्रालय के साथ वर्बल आटोप्सी टूल आधारित सैम्पल पंजीकरण सिस्टम के द्वारा एस.आर.एस.-आधारित वर्बल आटोप्सी हेतु अ.भा.आ.सं. तकनीकी एकक सी.सी.एम. में स्थित है।
- जिला स्तर पर सस्टेनेबल डिवलपमेंटल गोल्स को मॉनीटर करने के लिए हेल्थ एंड वेल-बीइंग इंडेक्स तथा एन.सी.आर. में वेक्टर जनित रोगों के लिए मौसम आधारित अर्ली वार्निंग सिस्टम का सी.सी.एम. में अध्ययन किया जा रहा है।

शिक्षा

स्नातकपूर्व एम.बी.बी.एस. छात्र

अपने चौथे-पांचवे सेमेस्टर में, एम.बी.बी.एस. छात्रों को शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम में रोटोशन आधार पर पांच सप्ताह के लिए तैनात किया जाता है जहां वे महामारी विज्ञान प्रशिक्षण, स्वास्थ्य वार्ता और पारिवारिक अध्ययन संचालित करते हैं। इन दो सेमेस्टर के दौरान वे फैमिली हेल्थ एडवाइजरी सर्विसेज(एफएचएएस) में भी भाग लेते हैं, जिसमें वे नौ महिने की अवधि के लिए आबंटित परिवारों के फोलो-अप का कार्य करते हैं एवं उनके द्वारा लागू किए गए हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता का आकलन करते हैं।

7वें सेमेस्टर में एम.बी.बी.एस. छात्रों को रोटेशन आधार पर सी.आर.एच.एस.पी., बल्लभगढ़ में छह सप्ताह के लिए तैनात किया जाता है। यह एक आवासीय तैनाती है जिसमें वे महामारी विज्ञान की अवधारणाओं को सीखते हैं, समाज के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते हैं साथ ही स्वास्थ्य के समाजिक निर्धारकों, शिशु स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य के सामाजिक पक्षों, जिला स्तरीय स्वास्थ्य पद्धतियों एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति जागरूक होते हैं। उन्हें इंटीग्रेटिड मैनेजमेंट ऑफ न्यूनेटल एंड चाइल्डहुड इलनेस (आई.एम.एन.सी.आई.) पर प्रशिक्षण देने के लिए विशेष मॉड्यूल्स हैं। इस तैनाती के दौरान छात्रों को एक संक्षिप्त अनुसंधान परियोजना पर भी कार्य करना होता है।

इंटर्न

इंटर्न को सी.आर.एच.एस.पी. बल्लभगढ़ में तीन महिने के लिए तैनात किया जाता है। इस अवधि को एस.डी.एच. में छह: सप्ताह एवं दयालपुर तथा छायसा में स्थित पी.एच.सी. में प्रत्येक तीन सप्ताह में विभाजित किया जाता है। एस.डी.एच. में इंटर्न को ओ.पी.डी. एवं वार्ड में तैनात किया जाता है जिससे उन्हें सामान्य क्लिनिकल कौशलों एवं आंतरिक रोगी उपचार सीखने में मदद मिलती है, जिसमें सामान्य प्रसव कराना भी सम्मिलित है। इन्हें एस.डी.एच. में संबंधित सीनियर रेजीडेंट की निगरानी में सभी उपलब्ध क्लिनिकल विषयों में बारी-बारी से भेजा जाता है। पी.एच.सी. में तैनाती के दौरान इंटर्न पी.एच.सी., उप केंद्रों के क्लिनिकों एवं साथ ही प्रसव पूर्व क्लिनिकों में स्वास्थ्य देखभाल प्रसूति में सम्मिलित होते हैं। उन्हें सामुदायिक चिकित्सा के वरिष्ठ रेजीडेंड की पूर्ण निगरानी के अंतर्गत प्रत्येक पी.एच.सी. में प्रसूति हट में भी तैनात किया जाता है। छात्र समुदाय-स्तर की गतिविधियों में अनुभव प्राप्त करते हैं जैसे स्वास्थ्य कार्मिकों एवं उप केंद्रों का पर्यवेक्षण, तपेदिक चूककर्ताओं, बाह्य गतिविधियों, टीकाकरण एवं पी.एच.सी. में अन्य जारी गतिविधियों का फॉलो-अप करना/गांवों में तैनाती के अंत में मूल्यांकन हेतु संबंधित वरिष्ठ रेजीडेंट द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अपनी लॉग-बुक जमा करनी है।

सामुदायिक चिकित्सा के स्नातकोत्तर (एम.डी.) छात्र

सामुदायिक चिकित्सा के स्नातकोत्तर छात्रों को प्रत्येक 16-18 माह हेतु शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रमों में तैनात किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में कुल अवधि में से वह रोटेशन द्वारा उप-जिला अस्पताल एवं दो पी.एच.सी. में समान समय व्यतीत करते हैं। अपने ग्रामीण आवासीय तैनाती के दौरान वह एस.डी.एच. एवं पी.एच.सी. दोनों में क्लिनिकल एवं उपचार कौशल एवं अनुभवों को प्राप्त करने के लिए प्रचुर अवसर प्राप्त करते हैं। नियमित शैक्षिणिक गतिविधियों में सेमिनार, पारिवारिक एवं क्लिनिकल केस प्रस्तुतिकरण, अस्पताल एवं क्षेत्र अभ्यास क्षेत्र पर समस्या आधारित व्यायाम साथ ही जर्नल क्लब शामिल है। वह केंद्र में तैनात छात्रों एवं इंटर्न को गाइड करने एवं उनके पर्यवेक्षण में सम्मिलित रहे है।

बी.एस.सी. नर्सिंग एवं पोस्ट सर्टिफिकेट नर्सिंग छात्र

बी.एस.सी. नर्सिंग छात्र एवं पोस्ट सर्टिफिकेट नर्सिंग छात्रों को डेढ़ माह के लिए शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा आवासीय तैनाती के लिए विस्तृत ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा परियोजना, बल्लभगढ़ में नियुक्त किया जाता है। वे एक माह एस.डी.एच. में तथा दो सप्ताह किसी पी.एच.सी. में व्यतीत करते हैं। उन्हें प्रसवपूर्व देखभाल, वार्ड प्रबंधन एवं टीकाकरण में प्रशिक्षण दिया जाता है। छात्र ओ.पी.डी. एवं वार्ड में स्वास्थ्य वार्ता देते हैं। नर्सिंग छात्रों के प्रशिक्षण की निगरानी नर्सिंग महाविद्यालय, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली के संकाय सदस्य द्वारा की जाती है।

सेवाकालीन प्रशिक्षण

छात्रों को शिक्षण प्रदान करने के अतिरिक्त सी.आर.एच.एस.पी. बल्लभगढ़ एवं पी.एच.सी. छैंसा तथा दयालपुर में कार्यरत विभिन्न संवर्ग के स्टाफ के लिए आवधिक सेवाकालीन प्रशिक्षण का संचालन किया गया। वर्ष 2018-2019 के दौरान संचालित प्रशिक्षण निम्नानुसार है:

1. फिल्ड हेल्थ कर्मचारियों एवं आशा कर्मचारियों (24∗2=48) के लिए पी.एच.सी. दयालपुर एवं छैंसा में कुल 50 घंटों का सेवाकालीन प्रशिक्षण का संचालन किया (आंकड़े सम्मिलित हैं) यह प्रशिक्षण प्रत्येक माह मासिक बैठकों के दौरान संचालित किए गए। क्षेत्र पर्यवेक्षण के दौरान ज्ञात प्रशिक्षण के आधार पर विषय का निर्णय किया गया; रिपोर्टिंग अवधि के लिए यह निम्नानुसार रहे: 5 वर्ष से पूर्व मृत्यु, एम.आर. वैक्सीन, डी.एच.एस.-II रिपोर्टिंग, कोल्ड चैन मैंटेनस, कंपयूटर के बेसिक, उच्च जोखिम सगर्मता, जैवचिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, पी.सी.वी. वैक्सीन, न्यूमोनिया एवं मैनिनजाइटिस, दुग्धपान, कैंसर, डायबिटिस।
2. दिनांक 24 अप्रैल 2018 को सी.आर.एच.एस.पी. बल्लभगढ़ में नर्सिंग स्टाफ के लिए जैवचिकित्सा अपशिष्ट पृथक्करण पर एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।
3. दिनांक 11 मई 2018 को फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट एवं इंफोर्मेशन सिस्टम (एफ.पी.एल.आई.एम.एस.) सॉफ्टवेयर के संबंध में स्टाफ नर्स एवं डाक्टरों के प्रशिक्षण का संचालन किया गया।
4. जुलाई एवं अगस्त 2018 में सी.आर.एच.एस.पी. बल्लभगढ़ में इंटर्न एवं कनिष्ठ रेजीडेंटों के लिए प्रसव पूर्व उपचार, सामान्य प्रसव प्रबंधन, पोस्ट-पार्टम देखभाल, उच्च जोखिम गर्भावस्था उपचार एवं पी.पी.एच. उपचार पर प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया।
5. सितम्बर एवं अक्टूबर 2018 में सी.आर.एच.एस.पी. बल्लभगढ़ में कनिष्ठ रेजीडेंटों, इंटर्न एवं नर्सिंग स्टाफ के लिए नवजात सिससिटेशन, दुग्धपान, कंगारू मदर केयर एवं बच्चों में डायरिया के उपचार पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन हुआ।
6. दिनांक 6 एवं 20 नवम्बर 2018 को सी.आर.एच.एस.पी. बल्लभगढ़ में कनिष्ठ रेजीडेटों एवं इंटर्न के लिए गैर-संचारी रोग एवं तपेदिक के उपचार पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया।
7. दिसम्बर 2018 में सी.आर.एच.एस.पी. में कनिष्ठ रेजीडेंट, इंटर्न एवं नर्सिंग स्टाफ के लिए रोगियों के पूर्व एवं पश्च-ऑप देखभाल, संक्रमण नियंत्रण एवं अपशिष्ट प्रबंधन तथा वार्ड प्रबंधन पर प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया गया।
8. दिनांक 19 दिसम्बर 2018 को पी.एच.सी. एवं उपकेंद्रों में अंतारा (डी.एम.पी.ए.) इंजेक्शन हेतु स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं आशा का प्रशिक्षण।
9. दिनांक 12 एवं 28 मार्च 2019 को नर्सिंग महाविद्यालय के संकाय सदस्यों के सहयोग के साथ गहन क्षेत्र अभ्यास क्षेत्र के नर्सिंग स्टाफ एवं हेल्थ कर्मचारियों के लिए न्यूनेटल सिससिटैशन पर पुनश्चर्या प्रशिक्षण का संचालन किया। इसके विषय थे- स्टेप्स इन न्यूनेटल रिससिटेशन, पॉजीटिव प्रैशर वेंटीलेशन एवं चेस्ट दबाव एवं ईटी इंटूबेशन एवं चिकित्सा की तकनीक/प्रायोगिक सत्रों का भी संचालन किया गया।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा/कार्यशालाएं/संगोष्ठी/राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

1. प्रौढ़ों (इंस्पायर) इंस्पायर-II में इंफ्लुएंजा एवं अन्य श्वसन वायरसों के लिए जनसंख्या-आधारित निगरानी प्लेटफार्म का भारतीय नेटवर्क, समीक्षा मीटिंग, 24-26 सितम्बर 2018, नई दिल्ली।

2. वर्बल आटोप्सी (एम.आई.एन.ई.आर.वी.ए.) के द्वारा भारत में प्रमाणित मृत्युदर के लिए तकनीकी सलाहकार समूह एवं नेटवर्क्र मीटिंग, 23-34 नवम्बर 2018, नई दिल्ली।
3. पूर्व निगरानी परामर्श, समीक्षा एवं योजना कार्यशाला, रामलिंगास्वामी सभागार कक्ष, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, 17-18 जुलाई 2018.
4. गुड़गांव, हरियाणा में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के संकाय सदस्यों एवं पांच उत्तरी राज्यों (बिहार, झारखंड, दिल्ली, उ.प्र. एवं उत्तराखंड) के स्टेट एडस कंट्रोल सोसाइटीज के अधिकारियों के लिए ए.एन.सी. एवं प्रिजन एच.आई.वी. सैंटीनल सर्विलेंस 2019 (एच.एस.एस. 2019) पर प्रि सर्विलेंस ओरिएंटेशन एवं प्लनिंग वर्कशॉप, 11-12 दिसम्बर 2018, दिल्ली।
5. सेंट्रल टीम मेम्बर्स (सी.टी.एम.) रीजनल इंस्टीट्यूट मेम्बर्स एवं सभी 35 राज्यों एवं भारत के राज्य क्षेत्रों के स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटीज के अधिकारियों के लिए आर.आई. एवं एस.ए.सी.एस. की 5 राष्ट्रीय पूर्व-निगरानी कार्यशाला, 5-6 अक्टूबर 2018 एवं 8-9 अक्टूबर 2018, गुड़गांव।
6. एन.सी.डी.सी., एन.डी.एम.सी. एवं एम.सी.डी. के सहयोग के साथ सफाई निरीक्षकों एवं डेगू प्रिवेंशन आउटब्रेक रिस्पोंस सैल (डी.पी.ओ.आर.सी.) के स्टाफ के लिए वेक्टर जनित रोग, निवारण एवं नियंत्रण पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला, सितम्बर 2018, दिल्ली।
7. एक बेहतर जर्नल क्लब कैसे प्रस्तुत करें, 21 जुलाई 2018, दिल्ली।

व्याख्यान प्रदत्त

किरण गोस्वामी: 4	**आनंद कृष्णन: 13**	**बेरीडेलाइन नोंग्कायरिह: 10**
पुनीत मिश्रा: 4	**कपिल यादव: 2**	**सुमित मल्होत्रा: 13**
अनिल कुमार गोस्वामी: 5	**रवनीत कौर: 3**	**हर्षल रमेश साल्वे: 10**
राकेश कुमार: 1		

मौखिक पेपर प्रस्तुतिकरण: 17

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. एनिमिया नियंत्रण पर नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड एडवांस्ड रिसर्च, शशिकांत, यूनिसेफ, 2 वर्ष, 2018-2020, 1.8 करोड रूपए।
2. भारत में इंफ्लुएंजा निवारण एवं नियंत्रण हेतु साक्ष्य आधारित पक्षसमर्थन को सशक्त/प्रोत्साहित करना, आनंद कृष्णन, सी.डी.सी., एटलांटा, 5 वर्ष, 2018-2023, 8.1 करोड़ प्रतिवर्ष।
3. नमूना पंजीकरण पद्धति में मृत्यु प्रतीति के आटोप्सी आधारित कारण हेतु एक तकनीकी सहायता एकक को स्थापित करना, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया, आनंद कृष्णन, आर.जी.आई. कार्यालय, भारत, 3 वर्ष, 2017-2020, 2.8 करोड़ प्रतिवर्ष।
4. समुदाय व्यवस्था में उच्चरक्त चाप, मधुमेह, तनाव एवं स्वास्थ्य पर संरचित योगा कार्यक्रम का प्रभाव, इसकी व्यवहार्यता एवं दीर्घावधिक निरंतरता, पुनीत मिश्रा, डी.एस.डी., 1 वर्ष, 2018, 40 लाख रूपए।

5. स्वस्थ भारतीय बच्चों में सिनोफार्म से हेपाटाइटिस ए (लाइव) वैक्सीन, फ्रीज-ड्राइड के एकल डोज की इम्यूनोजेनिसिटी, सेफ्टी एवं सहनशीलता बनाम वोकहार्ट से बायोबैक टी.एम.-ए. (फ्रीज-ड्राइड लाइव एटीन्यूटिड हेपाटाइटिस ए वैक्सीन) की तुलना करते हुए एक अग्रदर्शी, बहुकेंद्रीय, यादृच्छिक, दोहरा, समांतर समूह, फेज III अध्ययन, पुनीत मिश्रा, सिनोफार्म, 1 वर्ष, 2018, 7 लाख रूपए।
6. भारत परियोजना के लिए एच.आई.वी. सेंटीनल निगरानी, संजय के. राय, एन.ए.सी.ओ., स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, 2 वर्ष, 2018-2020, 2.34 लाख रूपए।
7. दिल्ली में झुग्गी एवं झुग्गी जैसी बस्तियों में डेंगू के निवारण एवं नियंत्रण हेतु समाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संप्रेषण (एस.बी.सी.सी.) नीति का विकास, कार्यान्वयन एवं मूल्यांकन, वाई.एस. कुसुम, आई.सी.एम.आर. एवं आई.सी.एस.एस.आर., 2½ वर्ष, 2017-2019, 17.8 लाख रूपए।
8. इंडिया के चुने हुए जिला में गर्भवती महिलाओं में आयोडीन की स्थिति का मूल्यांकन, कपिल यादव, आई.सी.एम.आर., 2.5 वर्ष, 2016-2019, 57.6 लाख रूपए।
9. ह्यूमन रिसोर्स डिवलपमेंट हेल्थ रिसर्च स्किम-ऑपरेशनल रिसर्च, सुमित मल्होत्रा, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, 7 वर्ष, 2014-2021, 56 लाख रूपए।
10. हरियाणा के चुने हुए जिले में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार के सहायक कार्यान्वयन हेतु इनोवेशन लर्निंग सेंटर, सुमित मल्होत्रा, नेशनल हेल्थ सिस्टम सिसोर्स सेंटर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, 2 वर्ष, 2018-2020, 41.45 लाख रूपए।
11. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में स्कूल से बाहर के किशोरों में साप्ताहित आयरन फॉलिक एसिड पूरक कार्यक्रम से संबंधित कार्यान्वयन एवं अवरोधों का मूल्यांकन, सुमित मल्होत्रा, दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली, 1 वर्ष 2018-2019, 16 लाख रूपए।
12. दिल्ली की शहरी पुनर्वास कॉलोनी में रहने वाले वृद्ध लोगों में अपंगता की व्यापकता, अनिल के. गोस्वामी, अ.भा.आ.सं., 1 वर्ष, 2017-2018, 4 लाख रूपए।
13. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, भारत में वेक्टर जनित रोगों के लिए समुदाय स्तर का मौसम आधारित शीघ्र वार्मिंग सिस्टम (सी.सी.ई.डब्लयू.एस.) को विकसित करना, हर्षल आर. साल्वे, मौसम परिवर्तन कार्यक्रम (एस.पी.एल.आई.सी.ई.) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, 3 वर्ष 2017-2020, 55.62 रूपए।
14. ग्रामीण बल्लभगढ़ हरियाणा, उत्तरी भारत में व्यापक पी.एम.$_{2.5}$ प्रकटन का मृत्युदर भार, हर्षल आर. साल्वे, अ.भा.आ.सं.-आई.आई.टी. संयुक्त सहयोगी परियोजना अनुदान, 2 वर्ष, 2018-2020, 8.90 रूपए।
15. एन.सी.डी. जोखिम कारकों को बताने के लिए डब्ल्यू.एच.ओ. पथसमर्थित स्वास्थ्य प्रमोटिंग सकूल का उपयोग करके विद्यालय स्तर पर इंटरवेंशन हेतु टूल का विकास, हर्षल आर.साल्वे, डब्ल्यू.एच.ओ.-एस.ई.ए.आर.ओ., छह: माह, 2018-2019, 6.28 लाख रूपए।

पूर्ण

1. भारत में वृद्ध व्यक्तियों के लिए जनसंख्या आधारित इंफ्लुएंजा निगरानी का नेटवर्क स्थापित करना, आनंद कृष्णन, सी.डी.सी., 2 वर्ष, 2017-2018, 4 करोड़ रूपए/वर्ष।
2. नेशनल नॉन कॉम्युनिकेबल (एन.सी.डी.) टार्गेट्स को मॉनीटरिंग करने के लिए सर्वेक्षण, आनंद कृष्णन, आई.सी.एम.आर. 1 वर्ष, 2018, 1.10 करोड़ रूपए।
3. गैर संचारी रोग पर भार एवं भारत के लिए संबंधित जोखिम कारक (बी.ओ.डी.-एन.सी.डी.) आनंद कृष्णन, आई.सी.एम.आर. 1 वर्ष 2017, 6.59 लाख रूपए।
4. एक द्वितीयक स्तर अस्पताल, बल्लभगढ़ हरियाणा में आने वाले तपेदिक एवं गैर संचारी रोग (अतिरक्तदाब, मधुमेह) वाले रोगियों में तंबाकू से परहेज रखने वालों पर ब्रीफ सेसैशन एडवाइस का प्रभाव, राकेश कुमार, अ.भा.आ.सं. वर्ष 2017-2019, 1.8 लाख रूपए।
5. प्रवास, गतिशीलता एवं प्रसवपूर्व उपचार: दिल्ली में प्रवासी गर्भवती महिलाओं में प्रसवपूर्व उपचार सेवाओं के उपयोग एवं कवरेज को सुधारने के लिए मुख्य तत्व की पहचान हेतु एक खोजपूर्ण अध्ययन, वाई.एस. कुसुम, डी.एस.टी., 1½ वर्ष, 2017-2018, 25.8 लाख रूपए।
6. भारत के उत्तरी भाग में युवा पुरूषों का स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवहार मूल्यांकन, सुमित मल्होत्रा, अ.भा.आ.सं., 1 वर्ष, 2017-2018, 4 लाख रूपए।
7. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, भारत में स्कूल आधारित किशोरों के लिए साप्ताहिक आयरन फॉलिक एसिड संपूरण कार्यक्रम से संबंधित कार्यान्वयन एवं अवरोधों का मूल्यांकन, सुमित मल्होत्रा, डब्ल्यू.एच.ओ. 1 वर्ष, 2017-2018, 6.79 लाख रूपए।
8. द्वितीय स्तर अस्पताल, बल्लभगढ़ हरियाणा में आने वाले तपेदिक एवं गैर-संचारी रोगों (अतिरक्तदाब, मधुमेह) वाले रोगियों में तंबाकू से परहेज रखने वालों पर ब्रीफ सेसैशन सलाह की प्रभावकता, राकेश कुमार, अ.भा.आ.सं., 2 वर्ष, 2017-2019, 1.8 लाख रूपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र में वृद्ध व्यक्तियों में चिरकारी श्वसन रोग एवं संबंधित कारकों का अध्ययन।
2. हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र में वृद्ध व्यक्तियों में चिरकारी श्वसन रोग एवं संबंधित कारकों का अध्ययन।
3. इंटेशिव फील्ड प्रैक्टिस एरिया (आईएफपीए) में दशाब्दि (2008-2018) में कैंसर केसिस एवं संबंधित कारकों की व्यापकता पर अध्ययन, व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा परियोजना (सी.आर.एच.एस.पी.), बल्लभगढ़ हरियाणा, भारत ।
4. उत्तरी भारत के ग्रामीण क्षेत्र में किशोर लड़कियों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंध का मूल्यांकन ।
5. जिला फरीदाबाद में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन, दिल्ली के शहरी क्षेत्र में किशोरों में एक मिश्रित पद्धति अध्ययन, सामान्य मानसिक विकार एवं संबंधित स्वास्थ्य साक्षरता ।

6. शहरी पुनर्वास कलोनी, नई दिल्ली में किशोर लड़कियों में चयनित पौषणिक समस्याओं का मूल्यांकन, एक मिश्रित पद्धति अध्ययन ।
7. शहरी पुनर्वास कलोनी दिल्ली में रोगियों में डायबिटीज के नियंत्रण सहित इसके उपचार की जानकारी एवं स्व.प्रभावोत्पादकता का संबंध ।
8. हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र में प्रारंभिक उपचार की गुणवत्ता के प्रति समुदाय की धारणा, एक मिश्रित पद्धति अध्ययन ।
9. ग्रामीण हरियाणा, भारत में किशोरों में उच्च वसा, नमक, शुगर (एच.एफ.एस.एस.) की खपत ।
10. बल्लभगढ़ हरियाणा में किशोरों में अवलाद संबंधी विकार: एक समुदाय आधारित क्रास-सेक्शनल अध्ययन ।
11. उत्तरी भारत के ग्रामीण क्षेत्र में तपेदिक रोगियों में उपचार डिफाल्ट के निर्धारक: एक समुदाय आधारित मिश्रित-पद्धति अध्ययन ।
12. बल्लभगढ़, हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र में वृद्ध व्यक्तियों में डयबिटिज एवं अतिरक्तदाब ।
13. वृद्ध व्यक्तियों में न्यूमोनिया का आर्थिक भार, निवारण एवं नियंत्रण ।
14. समुदाय व्यवस्था में अतिरक्तदाब, मधुमेह, तनाव एवं स्वास्थ्य पर संरचित योगा कार्यक्रम का प्रभाव, इसकी व्यवहार्यता एवं दीर्घावधि निरंतरता, 2018-2020 ।
15. हरियाणा के जिला फरीदाबाद में एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम का मूल्यांकन: एक मिश्रित पद्धति अध्ययन ।
16. फरीदाबाद जिला, हरियाणा में लॉट क्वालिटी एसेसमेंट सैंपलिंग (एल.क्यू.ए.एस.) तकनीक का प्रयोग करके कैंसर, मधुमेह, हृदवाहिका रोगों एवं स्ट्रोक (एन.पी.सी.डी.सी.एस.) के निवारण एवं नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत जनसंख्या आधारित स्क्रीनिंग के कवरेज का मूल्यांकन ।
17. हरियाणा, भारत के ग्रामीण क्षेत्र में वृद्ध मधुमेह एवं अतिरक्तदाब में चिकित्सा अनुपालन को प्रभावित करने वाले कारण ।
18. उत्तरी भारत में समुदाय-आधारित युवा का स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवहार आवश्यकताओं का मूल्यांकन।
19. उत्तर भारत के ग्रामीण समुदाय में वर्ष 2012-2018 के लिए मृत्यु दर पैटर्न: बल्लभगढ़ इंटेसिव फील्ड प्रैक्टिस क्षेत्र का वर्बल आटोप्सी आंकड़े से साक्ष्य ।
20. जिला फरीदाबाद, हरियाणा के बल्लभगढ़ ब्लॉक में संशोधित राष्ट्रीय तपेदिक नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पंजीकृत हाल ही में नैदानित वयस्क तपेदिक रोगियों में रोगी खर्च एवं उपचार विलंब ।
21. हरियाणा, भारत में द्वितीयक उपचार स्वास्थ्य सुविधा में प्रसवपूर्व क्लिनिक में आने वाली गर्भवती महिलाओं में जेस्टाशनल मधुमेह मेलीटस की व्यापकता: एक अस्पताल आधारित अध्ययन ।
22. ग्रामीण बल्लभगढ़, हरियाणा में किशोरों में अतिरक्तदाब की व्यापकता ।
23. ग्रामीण बल्लभगढ़, हरियाणा में वृद्धों में घुटने के ओस्टियोआर्थेराइटिस की व्यापकता ।
24. आर.एन.टी.सी.पी., हरियाणा के जिला फरीदाबाद के तहत पंजीकृत बाल, किशोर एवं युवा टी.बी. रोगियों का प्रोफाइल ।

25. हरियाणा में एक द्वितीयक उपचार अस्पताल में गर्भवती महिलाओं में आयरन की कमी एनिमिया प्रोफेलेक्सिस हेतु 500 ug फालिक एसिड मुखीय अनुपूरण की नियत डोज के साथ 60 मिग्रा 100 मिग्रा तात्विक आयरन का यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण ।
26. दिल्ली की शहरी पुनर्वास कलोनी में साठ वर्ष एवं उससे अधिक की आयु वाले व्यक्तियों में निद्रा गुणवत्ता एवं संबंधित कारण ।
27. शहरी पुनर्वास कलोनी, नई दिल्ली में 20-59 वर्ष की आयु वाली महिलाओं में आहार संबंधी सोडियम के स्रोत एवं नमक खपत से संबंधित जानकारी एवं व्यवहार का अध्ययन।
28. अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली में स्नातकपूर्व (चिकित्सा छात्रों) में शारीरिक गतिविधि का अध्ययन ।
29. जन्म में लिंग अनुपात की प्रवृत्तिया : हरियाणा में ग्रामीण व्यवस्था में दशाब्दि में हुए जन्मों का विश्लेषण ।

पूर्ण

1. भारत में अंधता, केटेरेक्ट अंधता एवं केटेरेक्ट शल्यक कवरेज का डोज जेंडर प्रभाव? दैहिक समीक्षा एवं मेटा विश्लेषण से साक्ष्य ।
2. श्वसन वाइरस के कारण भारत में मृत्युदर भार का आकलन: इंफ्लुएंजा एवं श्वसन सिंसाइटियल वाइरस ।
3. ग्रामीण क्षेत्र में एक द्वितीयक स्तर अस्पताल में गैर-संचारी रोग (एन.सी.डी.) क्लिनिक में आने वाले मधुमेह रोगियों में स्व उपचार एवं ग्लासिमिक नियंत्रण पर एकीकृत मधुमेह स्व-उपचार शिक्षा कार्यक्रम का प्रभाव, एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण ।
4. ग्रामीण पुनर्वास कलोनी, दिल्ली में रहने वाले वृद्ध व्यक्तियों में अशक्तता की व्यापकता।
5. अशक्तता की व्यापकता एवं ग्रामीण बल्लभगढ़, हरियाणा में वयस्क जनसंख्या में जीवन गुणवत्ता के साथ इसका संबंध ।
6. ग्रामीण बल्लभगढ़, हरियाणा में वृद्धों में घुटने के ओस्टियोआर्थेराइटिस की व्यापकता।
7. शहरी पुनर्वास कलोनी, नई दिल्ली में 10-19 वर्ष आयु के किशोर में स्क्रीन आधारित मीडिया का प्रयोग एवं स्क्रिन समय का मूल्यांकन ।
8. बल्लभगढ़, हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधा में आने वाले 5-15 वर्ष के बाह्य रोगी में बैक्टीरियल खराब गले की पहचान के लिए क्लिनिकल स्कोर का वैलीडेशन ।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. स्ट्रोक एवं संज्ञानात्मक क्षति के कारण का पता लगाने के लिए एक जनसंख्या आधारित अग्रदर्शी कोटार्ट अध्ययन, एक क्रास-सांस्कृतिक दृष्टिकोण, तंत्रिका विज्ञान ।
2. भारत, हरियाणा के बल्लभगढ़ ब्लॉक में रहने वाले वयस्कों में कंजेनीटल हृदय रोग की व्यापकता, हृदयरोग विज्ञान
3. पैनिक एवं एंजाइटी भारतीय प्रश्नावली (पी.ए.एन.आई.क्यू.) का विकास, मनोचिकित्सा।

4. साल्मोनेला ऐंटिरिका सिरोटाइप टायफी एवं पैराटायफी-ए में ऐंटीमाइक्रोबायल प्रतिरोध के निगरानी तंत्र हेतु नोडल कोर्डिनेटिंग सेंटर, सूक्ष्मजैवविज्ञान ।

5. व्यापक एनीमिया कार्यक्रम एवं निजी थेरेपिस, स्त्रीरोग विज्ञान ।

6. दि सिस्टेमाटिक मेडीकल एप्रेजल, रेफरल एंड ट्रिटमेंट (एस.एम.ए.आर.टी.) मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, मनोचिकित्सा ।

7. पोलीसिस्टिक अण्डाशय सिंड्रोम (पी.सी.ओ.एस.) वाली भारतीय महिलाओं में विभिन्न चिकित्सीय पद्धतियों के प्रत्युत्तर में व्यापकता, क्षेत्रीय फीनोटाइपिक भिन्नता, सहरूग्णता, जोखिम कारकों का मूल्यांकन तथा भिन्नता, भारत में सर्वत्र एक बहु केंद्रीय अध्ययन, स्त्रीरोगविज्ञान ।

8. यूविआशोथ वाले रोगियों में उपचार हेतु अनुपालन एवं प्रथम संपर्क तथा पूर्व-रेफरल उपचार, डॉ.रा.प्र. नेत्र विज्ञान केंद्र ।

9. दिल्ली के शहरी पुनर्वास कलोनी में वृद्ध व्यक्तियों में दृष्टि हानि, डॉ.रा.प्र. नेत्र विज्ञान केंद्र ।

10. गैर-ऐल्कोहॉलिक फैटी लिवर रोग की व्यापकता तथा उत्तरी भारत में हृद मेटाबॉलिक रोग जोखिम कारकों के साथ इसका संबंध (आई-960) (आई.सी.एम.आर.) अंत:स्राविकी एवं चयापचयी ।

11. हरियाणा के बल्लभगढ़ ब्लॉक में वयस्क कुपोषित फुफ्फुसीय तपेदिक रोगियों में मानक डॉट थेरेपी हेतु सहायक के रूप में उपयोग हेतु तैयार चिकित्सीय भोजन के रूप में पोषणिक अनुपूरण हेतु अनुपालन एवं स्वीकृति, फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार ।

12. नए फुफ्फुसीय टी.बी. रोगियों के स्वस्थ घरेलू संपर्कों में टी.बी. की रोकने में वी.पी.एम. 1002 एवं एम.डब्ल्यू. (एम.आई.पी.) टीके की प्रभावकता एवं सुरक्षा का मूल्यांकन करने के लिए एक फेज III यादृच्छिक, दोहरा, प्लोसिबो-नियंत्रित परीक्षण करने के लिए क्षमता निर्माण, फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार ।

13. जन स्वास्थ्य दृष्टिकोण : आघात जागरूकता : हिमाचल प्रदेश में समुदाय, स्कूलों एवं पैरामेडिकल स्टाफ हेतु शिक्षा एवं प्रशिक्षण, 2016-2019, तंत्रिकाविज्ञान

14. ग्रामीण बल्लभगढ़, हरियाणा, उत्तरी भारत में परिवेश पी.एम.$_{2.5}$ प्रकटन का मृत्युदर भार, आई.आई.टी. दिल्ली ।

15. विशेष विषय का प्रकटन एवं तनाव का संबंध : एक दैहिक समीक्षा एवं मेटा-विश्लेषण, मनोचिकित्सा, जैवसांख्यिकीय ।

16. दिल्ली, एन.डी.डी.टी.सी., गाजियाबाद में किशोर मित्रवत क्लिनिक में मदद मांगने वाले किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे एवं व्यसनकारी व्यवहार की सीमा, एन.डी.डी.टी.सी., गाजियाबाद

17. बाल अर्बुदविज्ञान रोगियों के लिए मुखीय स्वास्थ्य टूलकिट, सी.डी.ई.आर. ।

18. श्रवण क्षति एवं हेतुविज्ञान की व्यापकता पर टास्कफोर्स परियोजना, ई.एन.टी.

19. गैर-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर रोग की व्यापकता एवं उत्तरी भारत में हृद-मेटाबॉलिक रोग जोखिम कारकों के साथ इसका संबंध, अंत:स्राविकी

20. हरियाणा के बल्लभगढ़ ब्लॉक में वयस्क कुपोषित फुफ्फुसीय तपेदिक रोगियों में मानक डॉट्स

थेरेपी हेतु सहायक के रूप में उपयोग हेतु तैयार चिकित्सीय भोजन के रूप में पोषणिक अनुपूरण हेतु स्वीकृति एवं अनुपालन, फुफ्फुसी चिकित्सा एवं निद्रा विकार ।

पूर्ण

1. तंबाकू पीने वालों में संकेत प्रवृत्त लालसा से संबंधित एम.आर.आई. परिवर्तन, मनोचिकित्सा।
2. बल्लभगढ़ ब्लॉक, हरियाणा में वयस्क कुपोषित फुफ्फुसीय तपेदिक के रोगियों में मानक डॉट्स थेरेपी हेतु सहायक के रूप में उपयोग हेतु तैयार भोजन के रूप में पोषणिक अनुपूरण हेतु अनुपालन एवं स्वीकार्यता, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार, सूक्ष्मजैव विज्ञान ।

प्रकाशन

पत्रिकाएं : 54 **पुस्तकों में अध्याय : 1**

रोगी उपचार

सी.आर.एच.एस.पी. बल्लभगढ़ में रोगी उपचार को निम्नलिखित दो वर्गों में वर्णित किया गया है:

क. उप-जिला अस्पताल, बल्लभगढ़ में प्रदान की गई रोगी उपचार सेवा एवं;

ख. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रदान की गई रोगी उपचार सेवा ।

वर्ष 2018-2019 के दौरान एस.डी.एच. बल्लभगढ़ में बाल बाह्यरोगी सेवाओं में पोषणिक परामर्श क्लिनिक का आरंभ किया गया ।

बाह्यरोगी विभाग :

दैनिक	**सप्ताह में तीन बार**
सामान्य काय चिकित्सा	प्रसव-पूर्व क्लिनिक
सामान्य शल्य चिकित्सा	**सप्ताह में दो बार**
बाल चिकित्सा	त्वचारोग विज्ञान
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान	कान,नाक एवं गला
नेत्ररोगविज्ञान	**सप्ताह में एक बार**
तपेदिक क्लिनिक	पौषण परामर्श क्लिनिक
मनोचिकित्सा	गैर संचारी रोग क्लिनिक
दंत	बाल शल्यचिकित्सा
आयुष (होम्योपैथी)	बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी
आयुष (आयुर्वेद)	भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास (पी.एम.आर.)
अस्थिरोग	तंत्रिकाविज्ञान

एस.डी.एच. बल्लभगढ़ में प्रदान की गई रोगी उपचार सेवाएं

कुल बाह्य रोगी

बाह्य रोगी कुल	3,51,704
○ नए ओ.पी.डी. रोगी (%)	1,97,318 (56.1%)
सामान्य चिकित्सा	96,281
बालचिकित्सा	79,087
प्रसूति एवं स्त्रीरोगविज्ञान	29,662
प्रसव पूर्व उपचार क्लिनिक पंजीकरण, कुल आगमन	21,740
नेत्ररोग विज्ञान	15,659
सामान्य शल्यचिकित्सा	14,210
ई.एन.टी.	11,131
दंत चिकित्सा	10,057
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	2,507
गैर-संचारी रोग क्लिनिक	7,284
त्वचारोगविज्ञान	13,594
आयुष	11,126
अस्थिरोग	28,260
मनोचिकित्सा	10,727
पौषण परामर्श क्लिनिक	197
बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी	15
तंत्रिकाविज्ञान	167

अंतरंग सेवाएं

आंतरिक रोगी सेवाएं (50 बिस्तर)

क. कुल प्रवेश (जन्म सहित)	12,608
आपातकालीन के माध्यम से प्रवेश	5,539
ओपीडी के माध्यम से प्रवेश	3,315
नवजात शिशु (जन्म) प्रवेश	3,754
ख. प्रवेश के विघटन, विशेषज्ञतावार (सं.=12,608)	
प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान	7,483
बाल रोग	4,132
नेत्र विज्ञान	588
शल्य चिकित्सा	267
सामान्य कायचिकित्सा	90
ईएनटी	41

शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास (पीएमआर)	7
ग. भर्ती होने की औसत दर (प्रतिशत)	118.0%
घ. संचालित कुल प्रसव (आईयूडी सहित)	3,780
ङ. सभी रोगियों के लिए भर्ती रहने की औसत अवधि (दिनों में)	1.72

आपातकालीन सेवाएं

पंजीकृत रोगी	66,540
मेडिको-लीगल मामले	4,115
आपातकालीन प्रवेश	1,581

एसडीएच बल्लभगढ़ में

कुल शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएं

	बड़े	**छोटे**	**कुल**
नेत्र विज्ञान (मोतियाबिन्द निष्कर्षण सहित)		552	522
प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान	439	423	871
सामान्य सर्जरी	169	252	413
बाल शल्य चिकित्सा	76	131	207
ईएनटी	5	69	74
पीएमआर	19	7	25
कुल	**708**	**1,434**	**2,142**

प्रयोगशाला और नैदानिक सेवाएं

प्रयोगशाला जांच (जैव रसायन एवं रुधिर संबंधी)	2,67,005
एक्स-रे	20,044
अल्ट्रासाउंड	9,546
मलेरिया स्लाइड	7,300
• पी. विवैक्स सकारात्मक	2
• पी. फाल्सीपरम सकारात्मक	शून्य
एचआईवी के लिए परामर्श और परीक्षण सेवाएं प्रदान की	12,341

संशोधित राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम :

